# Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी करेंट अफेयर्स टीम

## जून: 2026


**CURRENT AFFAIRS (June-2026)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com



***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**


MAHECHA PUBLICATION

# विषय-सूची

| विषय-वस्तु | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|
| 1. राजस्थान-समसामयिकी | 1-21 |
| 2. राष्ट्रीय-समसामयिकी | 22-55 |
| 3. अंतर्राष्ट्रीय-समसामयिकी | 56-68 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 69-77 |
| 5. खेल-समसामयिकी | 78-96 |
| 6. महत्त्वपूर्ण दिवस | 97 |
| 7. महत्त्वपूर्ण पुस्तकें | 98 |
| 8. टॉपर्स-टॉक | 99-101 |

Springboard ACADEMY

मूल्य : **30/- रुपये**

*__नोट:__-इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुन:प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान–समसामयिकी

## चर्चित–व्यक्तित्व

### पद्मश्री संत बैजनाथ महाराज–(निधन)

- प्रसिद्ध आध्यात्मिक मार्गदर्शक, शिक्षक, समाजशास्त्री।
- **पीठ :** सिद्धपीठ श्रद्धानाथजी आश्रम, लक्ष्मणगढ़ (सीकर)
- वर्ष 2025 में पद्मश्री ('अध्यात्मवाद एवं समाज सेवा')

### राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष–वासुदेव देवनानी

- **आधिकारिक दौरा :** 08 –11 जून, 2026 तक पंजाब, हरियाणा,हिमाचल प्रदेश विधानसभाओ का।
- **उद्देश्य :** CPA – (कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन) इंडिया रीजन, जोन–द्वितीय सम्मेलन में सहभागिता।
- **विषय :** 'विकसित भारत–2047 के लक्ष्यों एवं भावी चुनौतियों को साकार करने में जागरूक समाज एवं जनप्रतिनिधियों की भूमिका'।
    - **चंडीगढ़ (9 जून):** पंजाब राज्यपाल (गुलाबचन्द कटारिया) से भेंट एवं चंडीगढ़ में आयोजित CPA इंडिया रीजन, जोन–द्वितीय सम्मेलन में भागीदारी।
    - **शिमला (10 जून) :** हिमाचल प्रदेश राज्यपाल (कविंदर गुप्ता) से भेंट एवं जाखू मंदिर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी (वायसराय लॉज) एवं कुफरी ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण।
    - **कुरुक्षेत्र (हरियाणा) :** ज्योतिसर स्थित **'महाभारत अनुभव केंद्र'** का भ्रमण।

### आर.डी. बाहेती, जयपुर (निधन)

- **उपनाम:** **'हास्य सम्राट'**
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के पूर्व अध्यक्ष।
- **हास्य क्लब (वर्ष 1970):** भारत के प्रथम 'हास्य क्लब' की स्थापना।
- **सामूहिक विवाह (वर्ष 1975):** उत्तर भारत में 'प्रथम बार' आयोजन कर सामाजिक कुरीतियों एवं फिजूलखर्ची पर प्रहार किया।
- **'राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद्'** की स्थापना।

### ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी– वीर चक्र

- **प्रदाता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रक्षा अलंकरण समारोह में भारत का तीसरा सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार **वीर चक्र** प्रदान किया गया।
- **निवासी :** कुजेड़ गाँव, जिला–बारां
- **भूमिका :** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान वीरता एवं रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन **S–400 ट्रायम्फ एयर डिफेंस सिस्टम** रेजिमेंट का नेतृत्व करते हुए असाधारण उपलब्धि हासिल की।

### ब्रिटेन में राजस्थानी काउंसलर : रणजीत सिंह राठौड़

- **उपलब्धि :** यूके के स्थानीय चुनावों में **नॉर्थ हिलिंगडन** सीट से काउंसलर (पार्षद) निर्वाचित।
- **निवासी :** धुंधला गाँव, जिला–पाली
- **शिक्षा :** ब्रूनेल यूनिवर्सिटी,लंदन से कानून में स्नातक।

### मांड गायिका–गवरी देवी का निधन

- **जन्म :** बाड़मेर कोरणा गाँव में लोक कलाकार परिवार में।
- **योगदान :** पिछले 8 दशकों से मांड गायन में सक्रिय।
- **निवास :** जिला–पाली, इनके नाम पर **'गवरी नगर'** बसा है।
- **प्रमुख सांगीतिक धरोहर–**
    - **मांड गीत :** केसरिया बालम पधारो, ढोला थारे देश में, मोर बोले रे मलजी, जियो रे घनावर .......
    - **प्रसिद्ध भजन :** मैं तो लियो सांवरिया, मस्ताना रे मस्ती में, थारे रे कारण जिवड़ा, पुनागर माताजी री लाल ...........
    - **पुरस्कार :** वीर दुर्गादास राठौड़ लाइफ टाइम अचीवमेंट
    - दूरदर्शन एवं ऑल इंडिया रेडियो (AIR) की मान्यता प्राप्त कलाकार।

### डॉ. अशोक गुप्ता–जयपुर

- **उपलब्धि :** तुर्की के इस्तांबुल में आयोजित **EAACI (यूरोपीय एलर्जी एवं नैदानिक प्रतिरक्षा विज्ञान अकादमी ) कांग्रेस 2026** में भारतीय उपमहाद्वीप का प्रतिनिधित्व।

- **भूमिका :** 'विशिष्ट संकाय सदस्य' एवं 'अतिथि वक्ता'
- **विषय:** 'पर्यावरणीय संपर्क एवं प्रतिरक्षा'
- **वैश्विक समस्या :** एलर्जी एवं अस्थमा की बढ़ती व्यापकता के तीन मुख्य कारण-पर्यावरणीय प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, आधुनिक जीवनशैली।
- **समाधान :** डॉ. गुप्ता ने **'One Health'** (मानव, पशु एवं पर्यावरण स्वास्थ्य का एकीकरण) संकल्पना।
- **वर्तमान :** डीन एवं प्रिंसिपल, गीतांजलि आयुर्विज्ञान संस्थान, उदयपुर

**EAACI कांग्रेस : 2026**

- **आयोजन :** इस्तांबुल, तुर्की।
- **अवधि :** 12-15 जून, 2026 तक।
- **आयोजक :** यूरोपीय एलर्जी एवं नैदानिक प्रतिरक्षा विज्ञान अकादमी।
- **थीम:** 'शून्य दृष्टि: एलर्जी और अस्थमा के बोझ से मुक्त भविष्य' (Vision Zero: A Future Free from Allergy and Asthma Burden)

### उषा प्रियदर्शी-जयपुर

- **'हरियाणा राज्य महिला आयोग'** का अध्यक्ष नियुक्त।
- मूलत: जयपुर की निवासी। राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश शर्मा की सुपुत्री।
- भारतीय जनता पार्टी से पुदुचेरी केन्द्रशासित प्रदेश की प्रभारी के रूप में सेवाएँ दे चुकी।

### राष्ट्रीय युवा संसद-2026 : अजुनी तिवाड़ी

- जयपुर की इस छात्रा द्वारा 'राष्ट्रीय युवा संसद-2026' में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया गया।
- **आयोजन :** 17-19 जून तक दून यूनिवर्सिटी, देहरादून (उत्तराखंड) में उत्तराखंड यंग थिंकर्स फोरम द्वारा।
- **चयन का आधार :** नेतृत्व क्षमता एवं वक्तृत्व कौशल।

### अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत

- **शहादत :** असम के जोरहट में भारतीय वायु सेना के AN-32 सैन्य परिवहन विमान हादसे में वीरगति।
- **अंतिम संस्कार :** 15 जून को पैतृक गाँव पांचौता (नावां उपखंड) में राजकीय एवं सैन्य सम्मान के साथ।

**AN-32 विमान हादसा**

- 13 जून-रोरिया एयरबेस, जोरहट (असम)
- **शहीद :** स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, **अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत,** अग्निवीरवायु दानिश आलम।
- **मूलत:** सोवियत संघ/यूक्रेन द्वारा निर्मित।
- **उपयोग :** विशेष रूप से उत्तर-पूर्व और लद्दाख जैसे-दुर्गम एवं पहाड़ी क्षेत्रों में सैनिकों,रसद,सैन्य उपकरणों के परिवहन के लिए किया जाता है।

### RBSE के नए अध्यक्ष : हनुमान सिंह राठौड़

- 'राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड' (RBSE) का नवीन अध्यक्ष मनोनीत किया गया।
- **नियुक्ति का आधार :** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम - 1957 की धारा 16 की उपधारा (1) के तहत् गठित कमेटी की सिफारिशें।
- **कार्यकाल :** कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष तक।

### रोहित कुमार : राजस्थान-प्रमुख आवासीय आयुक्त

- रोहित कुमार (1997 बैच के IAS अधिकारी)
- **पद :** प्रमुख आवासीय आयुक्त-नियुक्त (नई दिल्ली)
- **पूर्व :** केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत।
- **कार्यक्षेत्र :** नई दिल्ली स्थित राजस्थान भवन से राजस्थान सरकार एवं केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना।

### विश्व के शीर्ष भूवैज्ञानिकों की सूची में जयपुर के प्रो. मनोज पंडित शामिल-

- राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एवं महाराजा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल को वैश्विक स्तर पर शीर्ष भूवैज्ञानिकों में स्थान मिला।
- **संस्था :** 'रिसर्च डॉट कॉम' द्वारा 2026 के संस्करण में जारी सूची में शोध की गुणवत्ता, उद्धरण मानक हेतु चयन।
- **वैश्विक स्तर पर :** 6,793वाँ स्थान।
- **राष्ट्रीय स्तर पर :** 38वाँ स्थान। (भारत से कुल 61 वैज्ञानिकों का चयन)
- इस वैश्विक सूची में स्थान पाने वाले प्रो. मनोज पंडित **राजस्थान के एकमात्र** भूवैज्ञानिक है।

## राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) में नियुक्तियाँ

- **निर्णय** : जून 2026 में राजस्थान सरकार द्वारा।
- **नवनियुक्त सदस्य – (02)**
    - **प्रो. संतोष आनंद :** वर्तमान में एमएलवी कॉलेज, भीलवाड़ा के प्राचार्य।
    - **डॉ. दीपक शर्मा** (पदभार ग्रहण- 22.06.2026) **:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष।
- **कार्यकाल :** पदभार ग्रहण करने की तिथि से 6 वर्ष या 62 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो)

> - *भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 के खंड (1क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू का कार्यकाल दिनांक 19.06.2026 को पूर्ण होने के फलस्वरूप, आयोग के वरिष्ठतम सदस्य लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) केसरी सिंह राठौड़ को अपने वर्तमान कार्यों के साथ-साथ आगामी स्थायी व्यवस्था होने तक अध्यक्ष, RPSC के पद के कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए* ***कार्यवाहक अध्यक्ष*** *नियुक्त किया।*
>
> *(पदभार ग्रहण-20.06.2026)*

## जयपुर के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. वेद प्रकाश सिन्हा बने AASNS के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष-

- एशियन-ऑस्ट्रेलियन सोसाइटी ऑफ न्यूरोलॉजिकल सर्जन्स **(AASNS)** के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए।
- **उपलब्धि :** यह पद प्राप्त करने वाले डॉ. सिन्हा भारत के प्रथम न्यूरो सर्जन है।
- **चयन** : फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित AASNS की द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में।
- **वर्तमान :** संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल, जयपुर में न्यूरो सर्जरी के विभागाध्यक्ष।
- **पूर्व पद** : सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर के न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रोफेसर रहे।
- **वैश्विक भूमिका :** वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सोसाइटीज (WFNS) के 'सेकंड वाइस प्रेसिडेंट' रह चुके है। वर्तमान में WFNS की 'न्यूरोरिहैबिलिटेशन एवं पुनर्निर्माण न्यूरोसर्जरी कमेटी' के अध्यक्ष।

# चर्चित-स्थान

## हॉकी टर्फ एवं हॉकी खेल अकादमी : जैतारण, ब्यावर

- **शिलान्यास :** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा। (31 मई 2026)
- राज्य बजट वर्ष 2025-26 के अंतर्गत युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा 8 करोड़ रुपये की स्वीकृति।
- **कार्यपूर्ण लक्ष्य :** 12 जनवरी, 2027 तक।
- **निर्माण :** सिंथेटिक हॉकी टर्फ अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) के मानकों के अनुरूप विकसित।
- **हॉकी राजस्थान संघ अध्यक्ष :** अरुण कुमार सारस्वत

## देश का प्रथम 'मारवाड़ी प्रवासी' भवन : जगतपुरा,जयपुर

- **नाम :** मारवाड़ी फैसिलिटेशन सेंटर (MFC)
- **निर्मात्ता संस्था :** 'मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन' (MIF)
- **स्थान व क्षेत्रफल :** जयपुर के जगतपुरा क्षेत्र की सिरोली-दांतली स्कीम में 4,000 वर्गमीटर भूमि पर।
- **वैश्विक नेटवर्क :** विश्व के 46 से अधिक देशों में बसे करीब 10,000 से अधिक प्रवासी राजस्थानियों को एक मजबूत वैश्विक नेटवर्क से जोड़ा जाएगा।

# चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

## प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना: राजस्थान (जून-2026)

- **बैठक :** राज्य स्तरीय संचालन समिति की द्वितीय बैठक।
- **अध्यक्षता :** राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा सचिवालय, जयपुर में की गई।
- **आवंटन : इस योजना के तहत् राजस्थान के 8 प्रमुख जिलों/शहरों को कुल 1,150 इलेक्ट्रिक बसें आवंटित।**
- **फोकस :** चार्जिंग स्टेशन एवं 'बिहाइंड द मीटर पावर इंफ्रास्ट्रक्चर' का विकास।

- **जिलेवार बस आवंटन सारणी–**
  - जयपुर–450
  - जोधपुर–125
  - बीकानेर–125
  - अजमेर–100
  - अलवर–100
  - कोटा–100
  - उदयपुर–50
  - सीकर–50
  - भीलवाड़ा–50
- **शुभारंभ :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर (अमर जवान ज्योति) से इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी (20 जून)
- **प्रथम चरण :** जयपुर (29 ई–बस) एवं भीलवाड़ा (18 ई–बस) से शुभारंभ।
- **लक्ष्य :** शहरी परिवहन को आधुनिक बनाना, प्रदूषण कम करना एवं महिलाओं, दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना।
- **राजस्थान का लक्ष्य :** कुल **1150 ई–बसें** मिलेंगी।
  - प्रथम चरण में 675 बसें दीपावली तक संचालित।
  - **अतिरिक्त प्रावधान :** राज्य सरकार द्वारा 555 ई–बसें शहरी परिवहन के लिए एवं 50 डबल डेकर ई–बसें पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी।

**'राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड' (RIDCO) की भूमि आवंटन एवं मूल्य निर्धारण नीति–**

- **आधिकारिक मंजूरी :** 31 मई, 2026
- **विभाग :** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार
- **प्रमुख विशेषताएँ एवं प्रावधान –**
  - **वित्तीय प्रोत्साहन :** प्रारंभिक निवेशकों को अग्रिम भुगतान पर रियायतें एवं 11 त्रैमासिक किस्तों में स्थगित भुगतान की सुविधा।
  - **विशेष निवेश :** FDI एवं बड़े वैश्विक निवेशों के लिए विशेष 'फास्ट–ट्रैक' आवंटन प्रक्रिया।
  - **ऑनलाइन एवं पारदर्शी प्रक्रिया :** भूखंड आवंटन के लिए आवेदन, ई–नीलामी।
  - **लीज अवधि में लचीलापन –**
    - सामान्य औद्योगिक भूखंड : 99 वर्ष की लीज।
    - विशेष क्षेत्र (फ्लैटेड फैक्ट्री, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग) : 33-66 वर्ष की लचीली लीज एवं नवीनीकरण का विकल्प।
- **पायलट प्रोजेक्ट :** DMIC एवं जोधपुर- पाली–मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (JPMIA) का चयन क्यों?
  - **रणनीतिक :** JPMIA - NH–62 ,SH–64 के जंक्शन पर स्थित, माल ढुलाई एवं लॉजिस्टिक्स के लिए आदर्श केंद्र।
  - **कनेक्टिविटी :** यहाँ से जोधपुर एवं पाली जैसे प्रमुख शहरों की निकटता एवं रेलवे लाइन (रोहट–मारवाड़ जंक्शन) के दोहरीकरण की सुविधा, निर्बाध कनेक्टिविटी ।
  - **संसाधन उपलब्धता :** गैस पाइपलाइन (इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड), PHED एवं बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए पहले से ही बड़े निवेश किए जा चुके।

- **<u>RIDCO,</u>** नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डवलपमेंट एंड इम्प्लीमेंटेशन ट्रस्ट (NICDIT), भारत सरकार एवं रीको (RIICO) के संयुक्त उपक्रम के रूप में गठित कंपनी।

  ♦ **उद्देश्य**– राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम (NICDP) के अंतर्गत एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप एवं आधारभूत संरचना का विकास करना।

**प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना : राजस्थान (मई 2026 तक)**

- नई दिल्ली में **'टू इयर्स ऑफ पीएम सूर्य घर योजना'** राष्ट्रीय समारोह में (4 जून) केंद्रीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने <u>राजस्थान को विभिन्न श्रेणियों में कुल 6 पुरस्कार प्रदान किए</u>।
- **पुरस्कारों का विवरण–**
  - **राज्य स्तरीय (द्वितीय पुरस्कार)–**
    - 90 लाख से 1.50 करोड़ विद्युत उपभोक्ता वाले राज्यों की श्रेणी में '<u>राजस्थान को चार उप–श्रेणियों में द्वितीय पुरस्कार</u>' मिला–
    - ऊर्जा सचिव एवं राजस्थान डिस्कॉम्स की चेयरमैन आरती डोगरा ने पुरस्कार ग्रहण किया।
      - सर्वाधिक सौर संयंत्र आवेदन।
      - सर्वाधिक इंस्टॉलेशन–रिकॉर्ड सोलर पैनल।
      - डिस्कॉम निरीक्षण–तकनीकी जाँच, क्लीयरेंस।
      - वेंडर्स रजिस्ट्रेशन–सौर संयंत्र वेंडर्स बड़े नेटवर्क का विस्तार

- **जिला स्तरीय** –
  - देश के शीर्ष 10 सर्वश्रेष्ठ जिलों की सूची में **जयपुर का देश में 7वाँ स्थान**।
  - जयपुर डिस्कॉम की अधीक्षण अभियंता महिमा सराभाई ने सम्मान प्राप्त किया।
- **वेंडर श्रेणी (उत्तर क्षेत्र) :** मई 2026 माह में सर्वाधिक रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन के लिए **'मिलन सौर ऊर्जा केंद्र'** को द्वितीय पुरस्कार मिला।

**मई 2026 में राजस्थान का प्रदर्शन**–

जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर वितरण निगम–
- **कुल रजिस्ट्रेशन :** 39,279 आवेदक।
- **भौतिक सत्यापन :** 27,700 आवेदन।
- **रूफ टॉप सोलर इंस्टॉलेशन :** 26,632
- **नए वेंडर्स :** 177 नए वेंडर्स को जोड़ा गया।

## NH-62 फोरलेन परियोजना को मिली मंजूरी

- **मार्ग :** नागौर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग।
- **स्वीकृति :** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
- **लागत :** लगभग 1359.33 करोड़ रुपये।
- **मॉडल :** BOT (Build-Operate-Transfer -टोल)

## वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC)

- **कुल लंबाई :** 1,506 किलोमीटर (जवाहर लाल नेहरू पोर्ट टर्मिनल, नई दिल्ली से दादरी तक)
- **कुल लागत :** 1 लाख 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक।
- **राजस्थान का जुड़ाव**–
  - **हिस्सा :** लगभग 39%
  - **प्रमुख स्थान :** सीकर, रींगस, फुलेरा, ब्यावर,सिरोही
- **प्रमुख विशेषताएँ**–
  - **रेल-पर-ट्रक सेवा :** जिसमें ट्रकों को फ्लैट वैगनों पर लादकर ले जाया जाता है।
  - **बेहतर क्षमता :** ट्रेन की लंबाई 1500 मीटर
  - ट्रेन की औसत रफ्तार 25 से बढ़कर 65 Km/hrs
  - **मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी:** अजमेर के सराधना में नए '<u>गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल</u>' का उद्घाटन, जो प्रति वर्ष 1.5 मिलियन टन कार्गो हैंडल करने में सक्षम है। यह किशनगढ़ के मार्बल, ग्रेनाइट एवं खनिजों के निर्यात को वैश्विक बाजारों (मुंद्रा, पीपावाव बंदरगाहों) तक पहुँचाने में सहायक होगा।

## राजस्थान (लवण क्षेत्रों में भूखंड आवटंन) संशोधन नियम, 2026 जारी–

- **संशोधन :** नमक उत्पादन के लिए भूखंड आवंटन **'ई-ऑक्शन'** के माध्यम से किया जाएगा।
- **पूर्व स्थिति :** आवंटन प्रक्रिया <u>लॉटरी आधारित</u> थी।
- **आवंटन प्रक्रिया:** लवणीय भूमि वाले जिलों में सर्वे, सीमांकन एवं भूखंडों के मापन के बाद ही आवंटन की कार्यवाही संभव होगी।
- **लीज नवीनीकरण : समस्या**-पूर्व नियमों में लीज समाप्त होने के 4 वर्ष बाद नवीनीकरण का कोई प्रावधान नहीं था, जिससे लगभग 300 नमक उत्पादक इकाइयाँ नवीनीकरण से वंचित थी। ऐसी इकाईयों को राज्य सरकार ने 6 माह की एकमुश्त छूट प्रदान की है।

## सेई बाँध टनल विस्तार परियोजना

- सेई-जवाई टनल की क्षमता में 4 गुना वृद्धि।
- **मुख्य कार्य:** उदयपुर जिले के कोटड़ा क्षेत्र में स्थित सेई बाँध से जवाई बाँध तक पानी पहुँचाने वाली टनल।
- **उद्देश्य:** मानसून के दौरान अतिरिक्त जल का व्यर्थ बहकर गुजरात जाने से रोकना एवं पश्चिमी राजस्थान में जल संकट का समाधान करना।
- **निरीक्षण :** राजस्थान सरकार के पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा निर्माण कार्य की समीक्षा-जून 2026 में।
- **टनल की लंबाई :** 6.7 किलोमीटर लंबी सुरंग।
- **कुल बजट :** रु. 100 करोड़ का प्रावधान।
- **जलापूर्ति :** पाली, सिरोही एवं जालोर (मारवाड़ क्षेत्र)
- लगभग 95% कार्य पूर्ण (शेष 90 मीटर कार्य 15 जुलाई 2026 तक का लक्ष्य रखा गया है।)

## VB G-RAM G : राजस्थान बजट आवंटन

- विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)- **प्रभावी:** 1 जुलाई 2026 से।
- MGNREGA का स्थान लेगा 'VB G-RAM G ' मिशन: **राजस्थान में 11,581 करोड़ का आवंटन।**

- **कुल बजटीय आवंटन (राष्ट्रीय) :** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए रु. 95,692 करोड़ (ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए अब तक का सर्वाधिक बजट आवंटन)

- **राजस्थान के लिए आवंटित बजट**
  - केंद्र सरकार का अंतरिम आवंटन : रु. 7,581 करोड़ से अधिक।
  - राज्य सरकार का प्रावधान : रु. 4,000 करोड़
  - कुल बजट : रु. 11,581 करोड़ से अधिक।

## विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम : 2026

- **आयोजक :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय, भारत सरकार
- **राजस्थान : देशभर से चयनित 100 युवाओं के दल में राजस्थान के 15 प्रतिभाशाली स्वयंसेवकों (My Bharat Volunteers) का चयन हुआ।**
- **चयन प्रक्रिया :** 'माय भारत पोर्टल' पर आयोजित 'विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज क्विज'(10-20 मई) के माध्यम से।
  - राष्ट्रीय क्विज- कुल 2.59 लाख युवा शामिल।
  - राजस्थान से 16,000 से अधिक युवा शामिल।
  - **चयनित युवाओं के कार्यक्रम की कार्ययोजना** -
    - **आधार शिविर :** रिकांगपिओ (हिमाचल प्रदेश)
    - **अनुकूलन प्रक्रिया :** 3-5 जून तक भौगोलिक, जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप तैयार करना।
    - **सीमावर्ती प्रवास :** 6-12 जून तक हिमाचल प्रदेश के 20 चिन्हित सीमावर्ती गाँवों में।

## CCS NIAM में RKVY-RAFTAAR एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन कार्यक्रम-2026

- जयपुर में 7 नए एग्री-स्टार्टअप्स को मिली वित्तीय सहायता : कोहोर्ट-12 का हस्ताक्षर समारोह संपन्न।
- **आयोजन:** चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (CCS NIAM), जयपुर
- **वित्तीय सहायता :** चयनित स्टार्ट्अप्स को कृषि एवं ग्रामीण विकास आधारित नवाचारों के लिए कुल रु. 80 लाख की ग्रांट-इन-एड (अनुदान) की अनुशंसा की गई।
- ये स्टार्ट्अप्स 5 राज्यों (महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, झारखंड) एवं 1 केंद्रशासित प्रदेश (जम्मू-कश्मीर) से है।
- **RKVY-RAFTAAR का पूरा नाम**
  - राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
  - Remunerative Approaches for Agriculture and Allied Sector Rejuvenation (कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र पुनरुद्धार के लिए लाभकारी दृष्टिकोण)

## 'क्षितिज' कार्यक्रम : चार्टर्ड अकाउंटेंट्स राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़-

- **आयोजन :** 'द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' (ICAI) द्वारा।
- **आयोजन :** बिड़ला सभागार, जयपुर (27 जून)
- **विषय :** 2047 में भारत की उत्कृष्टता के आलोक में।
- **मुख्य अतिथि :** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े
- **ICAI का आदर्श वाक्य : 'या एष सुप्तेषु जागर्ति'** (कठोपनिषद् का मंत्र) का उल्लेख किया गया, जिसका अर्थ-'जब सब सोए हुए हों, तब भी हमें जागते रहना चाहिए।'
- **विमोचन:** स्मारिका 'क्षितिज' का।

## वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान-2026

- **संस्करण:** द्वितीय (प्रथम संस्करण-2025)
- **अवधि:** 25 मई-5 जून 2026 तक संचालित।
- **राज्यव्यापी शुभारंभ:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा बीसलपुर बाँध, टोंक एवं बंध बारेठा बाँध, भरतपुर से 25 मई, 2026 को गंगा दशमी के अवसर पर किया गया।
- **समापन:** बुढ्ढा पुष्कर सरोवर-अजमेर में उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा जल पूजन के साथ।
- **उद्देश्य:** मानसून आगमन से पूर्व पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना एवं भू-जल स्तर में सुधार हेतु जनभागीदारी बढ़ाना।
- **प्रमुख कार्य:** जल संसाधन विभाग द्वारा-
  - जलाशयों की साफ-सफाई।
  - कैच द रैन कार्यक्रमों का संचालन।
  - 4 जून, 2026 को 'रन फॉर एनवायरनमेंट'
  - नींदड बैनाड़ बायोडाइवरसिटी प्रोजेक्ट ईको ट्रेल का उद्घाटन।

## खेत बचाओ अभियान: राजस्थान–2026

- **शुभारंभ :** श्री राम नाथ ठाकुर (केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण राज्यमंत्री)
- **स्थान :** ग्राम बगड़ राजपूत, अलवर (राजस्थान)
- **अवधि :** 01–30 जून, 2026 तक (राष्ट्रव्यापी अभियान)
- **मुख्य नारा :** '<u>कम खाद, सही खाद और सही सलाह</u>' **(Less fertiliser, right fertiliser, right advice)**
- **<u>सहभागी संस्थानों के विशेषज्ञ</u>** –
  - कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय (जोबनेर)
  - भाकृअनुप-कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (ICAR-ATARI Zone-II, जोधपुर)

## 'हरियालो राजस्थान' एवं 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान : 2026

- **शुभारंभ :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 5 जून, 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बरगद का पौधा रोपकर <u>विश्व वानिकी वृक्ष उद्यान, झालाना</u> (जयपुर) से किया गया।
- **'हरित प्रदेश' :** वित्तीय वर्ष 2026–27 के राज्य बजट में राजस्थान को हरित प्रदेश के रूप में विकसित करने के लिए 10 करोड़ पौधे लगाने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया।
- **विश्व पर्यावरण दिवस :** <u>राज्य स्तरीय समारोह</u> कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर
  - **'एक पेड़ माँ के नाम' :** राजस्थान ने अभियान में आवंटित लक्ष्य में **<u>प्रथम स्थान</u>** हासिल।
  - **वृक्षारोपण लक्ष्य :** राज्य सरकार ने 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का मिशन रखा है, जिसमें से अब तक लगभग 19 करोड़ पौधे लग चुके है।
  - **अर्ली वार्निंग सिस्टम (EWS) :** अलवर एवं भिवाड़ी में वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान हेतु प्रारम्भ।
  - राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (RSPCB) के 4 क्षेत्रीय कार्यालयों का शिलान्यास।
  - 7 नवीन पौधशालाएँ एवं 8 प्री-बेस ऑग्मेंटेशन एनक्लोजर्स का लोकार्पण।
  - **MoU :** प्रौद्योगिकी हस्तांतरण हेतु RSPCB एवं CSIR के बीच हस्ताक्षरित।
  - **ऑक्सीजोन एवं बायो-गैस :** 16 जिलों में मॉडल उद्यान 'ऑक्सीजोन' एवं 21 जिलों में 'गोबरधन-परियोजना' के तहत् बायो-गैस संयंत्र स्थापित किए जा रहे।

## 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण अभियान : 2026

- **संदर्भ :** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) की 'युवा आपदा मित्र योजना' के तहत् राजस्थान में संचालित विशेष प्रशिक्षण अभियान।
- **अवधि :** 12 –18 जून, 2026 तक।
- **संचालन :** राजस्थान राज्य आपदा प्रतिसाद बल (SDRF) एवं 'आपदा मित्र' मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा।
- **विशेष कवरेज : <u>राजस्थान के 13 आपदा प्रभावित जिले</u>** (जयपुर, अजमेर, अलवर, जोधपुर, बाड़मेर, भरतपुर, जालौर, झालावाड़, कोटा, बीकानेर, नागौर, सिरोही एवं पाली)

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान : 2026

- **अवधि :** 28 – 30 जून तक संपूर्ण प्रदेश में।
- **लक्ष्य :** प्रदेश के 1.04 करोड़ से अधिक (5 वर्ष तक की आयु के) बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाना।
  - **प्रथम दिन :** राजस्थान के 59,217 बूथों पर दवा पिलाई जाएगी।
  - **अगले 2 दिन :** घर-घर जाकर टीकाकरण ताकि कोई बच्चा वंचित न रहे।
  - **विशेष :** घुमक्कड़ जनजाति के डेरे, ईंट-भट्टों पर कार्यरत मजदूरों के बच्चे एवं दुर्गम क्षेत्रों में निवास करने वाले बच्चे।

- **भारत की पोलियो स्थिति (सांख्यिकी)**
  - **अभियान का शुभारंभ:** वर्ष 1995
  - **अंतिम केस :** जनवरी 2011 के पश्चात भारत में कोई नया केस नहीं।
  - **पोलियो मुक्त प्रमाणन : <u>27 मार्च, 2014</u>** को भारत 'पोलियो मुक्त' घोषित।
  - **वैश्विक संदर्भ :** वर्ष 2026 में अभी तक पाकिस्तान में 3 एवं अफगानिस्तान में 4 पोलियो केस पाए गए।

# पुरस्कार/सम्मान

## मनोज माथुर जर्नलिज्म अवॉर्ड 2026

- **संस्करण :** दूसरा
- **आयोजन :** 14 मई, 2026 को जयपुर में।
- **स्मृति :** स्वर्गीय मनोज माथुर की स्मृति में।
- **मुख्य अतिथि :** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा विजेता पत्रकारों को सम्मानित किया।

| श्रेणी | विजेता पत्रकार | संस्थान |
|---|---|---|
| प्रिंट मीडिया | अर्पित शर्मा | दैनिक भास्कर |
| इलेक्ट्रॉनिक<br>डिजिटल मीडिया | देवांकुर वाधवान<br>सौरभ अवस्थी | आज तक<br>भास्कर डिजिटल |
| फोटो जर्नलिज्म | पुरुषोत्तम दिवाकर | इंडिया टुडे |

## कृषक उपहार योजना (राज्य स्तरीय पुरस्कार)

- **उद्देश्य :** कृषि विपणन में पारदर्शिता लाना एवं किसानों को e-NAM जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- **पात्रता :** वर्ष 2025 के दौरान e-NAM प्लेटफॉर्म पर कृषि जिंसों का विक्रय करने वाले किसान।
- **आयोजन :** पंत कृषि भवन, जयपुर में आयोजित बैठक में कृषि विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती मंजू राजपाल द्वारा विजेताओं की घोषणा की गई।
- **<u>राज्य स्तरीय विजेता</u>** –

| स्थान | पुरस्कार राशि | विजेता किसान | संबंधित मंडी समिति |
|---|---|---|---|
| प्रथम | ₹2.50 लाख | श्रीमती विद्या देवी | श्रीविजयनगर |
| द्वितीय | ₹1.50 लाख | श्री हंसराज | रायसिंहनगर |
| तृतीय | ₹1.00 लाख | श्री सुखराम | मेड़ता सिटी |

## डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी : यात्रा–वृत्तांत–'ओकुहेपा'

- **पुरस्कार :** राजस्थान कैडर के IAS एवं साहित्यकार को उनके **हिंदी यात्रा–वृत्तांत 'ओकुहेपा' के लिए 'अखिल भारतीय प्रोफेसर विष्णुकांत शास्त्री पुरस्कार'** से सम्मानित।
- **पुरस्कार राशि :** रु. 1,00,000 (एक लाख रुपये)
- **आयोजक :** मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद् के अंतर्गत साहित्य अकादमी (भोपाल) द्वारा 'वर्ष 2024 के अखिल भारतीय एवं प्रादेशिक कृति पुरस्कारों' के तहत् प्रदान।
- **निवासी :** घन्नासर गाँव, हनुमानगढ़
- कृति 'ओकुहेपा' को इससे पूर्व **'हिंदी सेवा पुरस्कार'** से भी नवाजा जा चुका।

## संस्कृति मंत्रालय की 'जूनियर फेलोशिप' 2025–26

- भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025–26 के लिए प्रतिष्ठित 'जूनियर फेलोशिप' के लिए चयनित कलाकारों की मेरिट में **<u>राजस्थान के 2 कलाकारों ने स्थान प्राप्त किया।</u>**

| कलाकार | जिला | विधा |
|---|---|---|
| प्रियदर्शिनी मिश्रा | जयपुर | कला एवं साहित्य |
| यूसुफ खान | अलवर | Folk–अन्य |

## इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स–2026

- **आयोजन :** 'इन्फ्लुएंसर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2026–2027' समारोह 14 जून को क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान संग्रहालय (साइंस पार्क), शास्त्री नगर, जयपुर।
- **आयोजक :** इन्फ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीम द्वारा क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान संग्रहालय, जयपुर के सहयोग से।

| नाम | उपलब्धि | मुख्य–तथ्य |
|---|---|---|
| पुनीत सिंह खालसा<br>कपूरथला (पंजाब) | स्कैटिंग<br>(5वाँ वर्ल्ड रिकॉर्ड) | 8 वर्षों से स्कैटिंग, भारत के 60% राज्यों की यात्रा पूरी, संदेश –नशामुक्ति व सिख धर्म का प्रचार। |
| राहुल कुमावत<br>वडोदरा (गुजरात) | शहीद भगत सिंह का पोर्ट्रेट | 4 मंजिला इमारत जितना ऊँचा पोर्ट्रेट मात्र 4 दिन में तैयार। |
| राकेश सैनी | हैरतअंगेज स्टंट (पुश–अप्स) | कांच की बोतल पर रॉड टिकाकर पुश–अप्स, दांतों से 3 थार गाड़ियां खींचने का रिकॉर्ड। |
| इलियाना चाको | सबसे कम उम्र में 'बार हैंगिंग' | मात्र 11 महीने 10 दिन की उम्र में 1 मिनट से अधिक समय तक लटकने का रिकॉर्ड। |

### राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम : 'मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा वैश्विक सम्मान

- **विद्युत उत्पादन :** कुल 7580 मेगावॉट क्षमता में से 7171 मेगावॉट का उच्चतम रिकॉर्ड।
- 25 जून। ऊर्जा राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर के दिशा निर्देशन में प्रदेश में ऐतिहासिक विद्युत उत्पादन की **राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि हासिल करने पर मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स (इंडिया) द्वारा रिकॉर्ड श्रेणी में दर्ज।**
- **राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक :** देवेन्द्र श्रृंगी को विद्युत उत्पादन उपलब्धि पर 'मल्टीनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स संस्था' के **मैनेजर अरिहंत उपाध्याय एवं को-ऑर्डिनेटर गरिमा जैन** द्वारा रिकॉर्ड श्रेणी में दर्ज कर विद्युत भवन में वैश्विक सम्मान पत्र सौंपा गया।

- **रिकॉर्ड विवरण :** 2 जून, 2026 को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम की 23 कोयला आधारित इकाइयों कुल क्षमता 7580 मेगावॉट ने 7171 मेगावॉट का उच्चतम उत्पादन दर्ज किया।
- **यूटिलाइजेशन क्षमता :** 94.60%
- **सूरतगढ़ थर्मल का योगदान :** 2 जून, 2026 को सभी 8 इकाइयों (कुल क्षमता 2820 MW) द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ 2790 MW उत्पादन किया गया।

### पंडित विश्व मोहन भट्ट एवं सलिल भट्ट (पिता-पुत्र) को 'अमृत-रत्न अवॉर्ड'-

- नई दिल्ली में आयोजित समारोह में **राजस्थान (जयपुर) के प्रसिद्ध संगीतकार पिता-पुत्र की जोड़ी**- पंडित विश्व मोहन भट्ट एवं पंडित सलिल विश्व मोहन भट्ट को प्रतिष्ठित 'अमृत-रत्न अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया ।
- **आयोजक :** News18 इंडिया का वार्षिक शो।
  - **संस्करण:** जून 2026 में इस राष्ट्रीय पुरस्कार का चौथा संस्करण आयोजित।
- **पुरस्कार प्रदाता :** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा।
- **योगदान:** कला-संगीत-भारतीय शास्त्रीय संगीत।
- **पंडित विश्व मोहन भट्ट-**
  - ग्रैमी अवॉर्ड विजेता,पद्म भूषण से सम्मानित।
  - **'मोहन वीणा'** का आविष्कार किया ।
- **पंडित सलिल विश्व मोहन भट्ट-**
  - संगीत जगत में 'तंत्री सम्राट' की उपाधि।
  - **'सात्विक वीणा'** का आविष्कार किया।
  - **नोट:** अवॉर्ड्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा नई दिल्ली में 'अटल भारत गौरव सम्मान 2026' से सम्मानित।

### साहित्यकार ज्योत्स्ना सक्सेना को 'सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान-2026'

- जून 2026 में सिंगापुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक-आध्यात्मिक संगोष्ठी में जयपुर की साहित्यकार को प्रतिष्ठित 'सुभद्रा कुमारी चौहान सम्मान-2026' से नवाजा गया।
- **संगोष्ठी आयोजक:** भाषा अस्मिता अकादमी एवं छत्तीसगढ़-मित्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।
- **शोध पत्र :** 'सहज योग का वैश्विक प्रभाव' विषय पर।
- **पुस्तकों का विमोचन:** कवयित्री नीतू गुजराल के कर-कमलों द्वारा। (लेखिका-ज्योत्स्ना सक्सेना)
  - **'कुकड़ू कूं'**
  - **'झंकृत निनाद'**

### डॉ. मीनू बेरीवाल-'डायमंड ऑफ एशिया इंटरनेशनल अवॉर्ड-2026'

- जयपुर की वरिष्ठ अधिवक्ता एवं काउंसलर।
- **प्रदत्त संस्था :** 'न्यू थिंक फोरम्स' द्वारा 'न्यू थिंक फोरम्स इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस एंड अवॉर्ड्स-2026', देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित समारोह में प्रदान।
- **योगदान :** सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण काउंसलिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### हनुमानगढ़: भारत का प्रथम पोटाश खनन केंद्र

- भारत में प्रथम बार किसी 'पोटाश ब्लॉक' की सफल व्यावसायिक नीलामी।
- **नोडल मंत्रालय :** खान मंत्रालय, भारत सरकार

❑ **विवरण : ब्लॉक एवं आवंटन- कंपनी**

| पोटाश ब्लॉक | आवंटन– कंपनी |
|---|---|
| जंडावाली–सतीपुरा अमलगमेटेड पोटाश एवं हैलाइट | हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL) |
| जोड़कियां, सतीपुरा, खुंजा अमलगमेटेड पोटाश एवं हैलाइट | ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) |

❑ **भविष्य की कार्ययोजना :** कंपनियों को अगले 3 वर्षों तक **विस्तृत खोज (Exploration)** करनी होगी, ताकि पोटाश की मात्रा, गहराई एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। तत्पश्चात् ही व्यावसायिक खनन शुरू।

❑ **विस्तार :** हनुमानगढ़ जिले का 878 हेक्टेयर क्षेत्र।

❑ **भंडार :** जमीन के नीचे पोटाश की लगभग 125 मीटर मोटी परत स्थित है, जो देश की दीर्घकालिक आवश्यकता को पूरा करने में सक्षम।

## ओ.बी.एम.एस. (OBMS) डिजिटल प्लेटफॉर्म

❑ **विकास :** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, GoR

❑ **OBMS :** ऑनलाइन बुकिंग मैनेजमेंट सिस्टम।

❑ यह **देश का प्रथम एवं एकमात्र सरकारी मल्टी-साइट** ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म है।

❑ **उद्देश्य :** राज्य के समस्त प्रमुख पर्यटन,सांस्कृतिक स्थलों को डिजिटल बनाना।

❑ **विशेषताएँ** –

- ♦ मल्टी-साइट सेंट्रलाइज्ड सिस्टम।
- ♦ कतार मुक्त रीयल-टाइम बुकिंग।
- ♦ संचालन : obms-tourist-rajasthan.gov.in

## खदानों के मलबे से 'क्रिटिकल मिनरल्स' की खोज

❑ **मिशन :** 'नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन' (NCMM) के अंतर्गत राजस्थान में खनिजों के **मलबे (Waste/ Dumps)** से बेशकीमती खनिज निकालना।

❑ **MoU :** राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम (RSMMET) और IIT (ISM-Indian School of Mines) धनबाद के बीच हस्ताक्षरित।

- ♦ **उद्देश्य :** खदानों से निकलने वाले अनुपयोगी मलबों का वैज्ञानिक मूल्यांकन, पुनर्चक्रण कर उनका व्यावसायिक उत्पादन करना।

❑ **खोजे गए प्रमुख खनिज**–

- ♦ **निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम, गैलियम** (पिंक एवं ग्रीन मार्बल के मलबे से)
- ♦ **टंगस्टन, लिथियम, रेयर अर्थ एलिमेंट्स** (अन्य चिन्हित डम्प्स से)

❑ **चिन्हित डम्प्स :** कुल 78 डम्प्स का चयन, जिन्हें 10-10 के क्लस्टर में विभाजित किया गया।

❑ **पायलट प्रोजेक्ट :** उदयपुर कलस्टर में अध्ययन के दौरान पिंक मार्बल के 8 डम्प्स एवं ग्रीन मार्बल के 2 डम्प्स का अध्ययन जिसमें निकेल, कोबाल्ट, क्रोमियम एवं गैलियम की महत्वपूर्ण मात्रा पाई गई।

❑ **विशेष:** इन खनिजों की सांद्रता पृथ्वी की पपड़ी **(Crust)** की उपलब्धता से 25-40 गुना अधिक पाई गई।

## CAZRI द्वारा खजूर किस्मों का वैज्ञानिक मूल्यांकन

❑ **उद्देश्य :** पश्चिमी राजस्थान की शुष्क एवं प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों के लिए सबसे उपयुक्त खजूर की किस्मों की पहचान करना।

❑ **अध्ययनित किस्में :** भाकृअनुप-ICAR केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के वैज्ञानिकों ने 'एडीपी-1' (ADP-1) किस्म का तुलनात्मक मूल्यांकन बरही, मेदजूल, अजवा, हलावी तथा खुनेजी (विदेशी किस्में) किस्मों के साथ किया।

❑ **ADP-1 : (आनंद डेट पाम-1) की विशेषता**–

- ♦ **आनंद (गुजरात) से प्राप्त देश की प्रथम स्वदेशी ऊतक संवर्धित व्यावसायिक किस्म।**
- ♦ **परिपक्वता :** जून के प्रथम सप्ताह में ही 'डोका' अवस्था (ताजा फल) तैयार।
- ♦ **गुणवत्ता :** फल डोका अवस्था में ही मीठे और गैर-कसैले, जिससे बाजार में इनकी भारी मांग है।

## 'खनन, न्यायिक सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुरक्षा'

❑ **रेयर अर्थ एलिमेंट्स एक्सप्लोरेशन स्वीकृति** –

- ♦ **स्थान :** बालोतरा (पचपदरा) एवं शेरगढ़ (ग्राम नवातला एवं देवीगढ़)
- ♦ **क्षेत्रफल :** 207.63 वर्ग किलोमीटर।

- **लाइसेंस : 'मैसर्स सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट'** को प्रदान किया गया।

- **<u>NIA विशेष न्यायालय की स्थापना</u> :** राज्य में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) से संबंधित मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए **विशेष न्यायालय गठित होगा।**
- **<u>8 नवीन जिलों में</u> 'नागरिक सुरक्षा कोर' का गठन** –
  - **उद्देश्य :** आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों में 'नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़' करना। (बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत)
  - 1. बालोतरा 2. डीडवाना-कुचामन
    3. फलौदी 4. सलूम्बर
    5. खैरथल-तिजारा 6. कोटपूतली-बहरोड़
    7. डीग 8. ब्यावर

**जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र : राजस्थान की 'सिलिकॉन वैली'-**

- **घोषणा :** उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार
- **परियोजना :** जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र एवं 'कांकाणी क्षेत्र' को **<u>'सिलिकॉन वैली ऑफ राजस्थान'</u>** के रूप में विकसित करना।
- 'एकीकृत औद्योगिक वातावरण' तैयार करना-
  - **दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर** का हिस्सा।
  - **वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर** से निकटता।
- **प्रमुख 3 स्तंभ** –
  - चिप डिजाइन।
  - इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग।
  - सिस्टम डेवलपमेंट।

**ONDC डिजिदुकान ऐप का शुभारंभ-**

- डिजिटल इंडिया विजन के तहत् राजस्थान के व्यापारियों के लिए नए अवसर।
- **स्थान :** बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर (19 जून )
- **शुभारंभकर्ता :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।
- **उद्देश्य :** छोटे एवं मध्यम व्यापारियों को डिजिटल बाजार से जोड़कर उनके व्यवसाय का विस्तार करना।

- **ONDC क्या है : <u>'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स'</u>** – एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो स्थानीय व्यापारियों को करोड़ों डिजिटल खरीदारों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है।
  - **राइजिंग राजस्थान :** 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के तहत् 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते (9 लाख करोड़ की ग्राउंड ब्रेकिंग)।
  - **नीतिगत सुधार :** कारोबारी सुगमता के लिए प्रदेश में **'राजस्थान ट्रेड प्रमोशन पॉलिसी 2025'** सहित 35 से अधिक नीतियाँ लागू की गई हैं।

**स्मार्ट IoT आधारित बिजली प्रबंधन : जयपुर डिस्कॉम**

- **ऑटोमेटेड डिमांड रिस्पांस (ADR) तकनीक :** ग्रिड सुरक्षा एवं बिजली बचत।
- **तकनीकी सहयोग :** <u>फ्लॉक एनर्जी</u> (Flock Energy)
- **उद्देश्य :** पीक ऑवर्स (उच्च मांग के समय) में घरेलू एयर कंडीशनरों की बिजली खपत को स्वचालित रूप से नियंत्रित करना।
- **पायलट प्रोजेक्ट क्षेत्र :** जयपुर के वैशाली नगर, मानसरोवर एवं मालवीय नगर।
- **<u>'ऑटोमेटेड डिमांड रिस्पांस' (ADR) तकनीक</u>**-
  - यह भारत में किसी भी विद्युत वितरण निगम द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई **प्रथम** परियोजना है।
  - **नियामक आधार :** राजस्थान विद्युत नियामक प्राधिकरण के **'डिमांड फ्लेक्सिबिलिटी एवं डिमांड साइड मैनेजमेंट विनियम-2026'** के अंतर्गत संचालित।

**राजस्थान एनर्जी कंजर्वेशन एंड सस्टेनेबल बिल्डिंग कोड-2026**

- **क्रियान्वयन:** राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम (RREC)
- **उद्देश्य:** व्यावसायिक भवनों में ऊर्जा दक्षता,पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देना।
- **किन पर लागू होगा :** यह कोड उन व्यावसायिक भवनों पर अनिवार्य होगा जिनका।
  - **बिल्ड अप एरिया :** 2000 वर्ग मीटर या उससे अधिक हो।

- **कनेक्टेड लोड :** 100 किलोवॉट या उससे अधिक हो।
- **कनेक्टेड डिमांड :** 120 KVA या उससे अधिक हो।

❐ **प्रोत्साहन :** पर्यावरण-अनुकूल निर्माण को प्रोत्साहित करने हेतु प्रथम बार विशेष वित्तीय व तकनीकी लाभ - (अतिरिक्त बिल्ट एरिया रेश्यो)
- **'प्लस मानक'** पूरा करने वाले भवनों को **: 5%**
- **'सुपर बिल्डिंग कोड'** मानकों को पूरा करने वाले भवनों को **: 10%**

❐ **नवीकरणीय ऊर्जा अनिवार्यता :** अनुबंधित बिजली मांग का 4% या उपलब्ध छत (रूफ-टॉप) का 50% हिस्सा सौर/नवीकरणीय ऊर्जा के लिए आरक्षित करना अनिवार्य।

## डिजिवन पोर्टल : वन प्रबंधन का सशक्त डिजिटल प्लेटफॉर्म (DigiVan)

❐ जयपुर, 25 जून। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने वन विभाग के मुख्यालय अरण्य भवन में 'डिजिवन' (DigiVan) पोर्टल का विस्तृत प्रदर्शन देखा तथा इसके अधिकतम उपयोग एवं तकनीकी सुदृढ़ीकरण के लिए निर्देश दिए।

❐ **विशेषता :** '<u>भारत का प्रथम एवं एकमात्र मल्टी-लेयर वन डेटा प्लेटफॉर्म</u>' है।

❐ **प्रशासनिक नवाचार-**
- **पोर्टल प्रदर्शन:** जिलों की मासिक रैंकिंग निर्धारित।
- **क्षमता निर्माण:** प्रत्येक माह नियमित वेबिनार आयोजन।

## लम्पी टीकाकरण अभियान (द्वितीय चरण)

❐ **राज्य स्तरीय शुभारंभ :** पशुपालन डेयरी एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा 24 जून को।

❐ **स्थान :** श्री तिजारती सर्राफान चैम्बर गौशाला, ब्यावर

❐ **उद्देश्य :** गोवंश को '<u>लम्पी स्किन डिजीज</u>' (LSD) से सुरक्षित रखना एवं प्रतिरोधक क्षमता विकसित करना।

❐ **वैक्सीन:** '<u>**होमोलॉगस रांची स्ट्रेन लाइव एटेन्यूएटेड**</u>'।
- LSD के शुरुआती दौर में '<u>**गोट पॉक्स' वैक्सीन**</u> का उपयोग किया गया था।
- **टीकाकरण लक्ष्य (वर्ष 2026-27):** राज्य स्तर पर 111.51 लाख गोवंशीय पशुओं का।
- वर्ष 2025-26 के दौरान राज्य में 108.95 लाख गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया गया था।

❐ **'लम्पी स्किन डिजीज' (LSD)**
- **रोग :** अत्यंत संक्रामक (विषाणु जनित) बीमारी।
- **कारक :** <u>कैप्रिपॉक्सवायरस</u>, जो गोटपॉक्स,शीपपॉक्स वायरस के परिवार से संबंधित है।
- **प्रभावित:** मुख्य रूप से गोवंश (गाय एवं भैंस)
- गैर-जूनोटिक (<u>Non-Zoonotic</u>) बीमारी।

## कैंसर उपचार-IIT जोधपुर : 'बायोमार्कर्स' का विकास

❐ **प्रमुख शोध :** कैंसर रोगियों में <u>**कीमोथेरेपी के प्रति प्रतिरोधक क्षमता का**</u> पूर्वानुमान लगाने हेतु नए **'<u>बायोमार्कर्स</u>'** का विकास।

❐ **उद्देश्य :** '<u>व्यक्तिगत कैंसर उपचार को बढ़ावा देना</u>' एवं सही मरीज हेतु सटीक दवा चयन सुनिश्चित करना।

❐ **शोध नेतृत्त्व :** बायोसाइंस एवं बायोइंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. दिनेश कुमार अहिरवार

❐ **उन्नत तकनीकी आधार** -
- **<u>Single-Cell Sequencing & Analysis</u>:** ट्यूमर के भीतर मौजूद 'प्रत्येक कोशिका का पृथक अध्ययन', जिससे उन विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं की पहचान की जा सके जो कीमोथेरेपी के बाद भी जीवित रहती है।
- **<u>Drug Repurposing</u>:** उपचार-प्रतिरोधी ट्यूमर के लिए पहले से स्वीकृत दवाओं का 'कॉम्बिनेशन थेरेपी' के रूप में उपयोग करना, जिससे नई दवाओं के विकास की लागत एवं समय कम हो सके।
- **<u>Precision Medicine-(Preclinical Models</u>)**
  - Humanized Mouse Models : ये मॉडल मानव प्रतिरक्षा प्रणाली की वास्तविक परिस्थितियों की सटीक नकल करते हैं, जिससे दवाओं के प्रभाव का बेहतर परीक्षण संभव है।
- **<u>Patient-Specific Lung&on-Chip Systems</u>**
  - **सूक्ष्म प्रयोगशाला मॉडल:** मानव फेफड़ों के ऊतकों की कार्यप्रणाली का अनुकरण करता है।
  - **उपयोग :** सिलिकोसिस (व्यावसायिक बीमारी) के अध्ययन में भी किया जा सकता है।

# प्रमुख आर्थिक एवं राजनीतिक घटनाक्रम

## राजस्थान का खाद्य आपूर्ति मॉडल बना 'बेस्ट प्रैक्टिस'

- **मध्यप्रदेश** राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के उच्च-स्तरीय दल ने राजस्थान के 'खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मॉडल' का अध्ययन किया।
- **नेतृत्व :** डॉ. के.पी. यादव (अध्यक्ष, MP स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन)

## राजस्थान राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव-2026

- **निर्वाचन स्थल :** राजस्थान विधानसभा भवन, जयपुर
- राज्यसभा की 3 रिक्त सीटों पर चुनाव।
- **प्रक्रिया :** नाम वापसी की समय-सीमा के बाद कोई अन्य उम्मीदवार न होने के कारण **निर्विरोध निर्वाचन**।
- **रिटर्निंग ऑफिसर :** भारत भूषण शर्मा (मुख्य चुनाव अधिकारी)
- **घोषणा :** 11 जून, 2026
- **निर्वाचित सदस्य एवं दल**
  - **डॉ. अलका सिंह** – भारतीय जनता पार्टी
  - **डॉ. सतीश पूनिया** – भारतीय जनता पार्टी
  - **श्री नीरज डांगी** – इण्डियन नेशनल कांग्रेस

| कांग्रेस सदस्य | कार्यकाल | भाजपा सदस्य | कार्यकाल |
|---|---|---|---|
| 1. प्रमोद तिवारी | 05.07.2022 – 04.07.2028 | 1. घनश्याम तिवाड़ी | 05.07.2022 – 04.07.2028 |
| 2. रणदीप सुरजेवाला | 05.07.2022 – 04.07.2028 | 2. मदन राठौड़ | 04.04.2024–03.04.2030 |
| 3. मुकुल वासनिक | 05.07.2022 – 04.07.2028 | 3. चुन्नीलाल गरासिया | 04.04.2024– 03.04.2030 |
| 4. सोनिया गांधी | 04.04.2024 – 03.04.2030 | 4. **सतीश पूनिया** | **22.06.2026–21.06.2032** |
| 5. **नीरज डांगी** | **22.06.2026–21.06.2032** | 5. **अलका गुर्जर** | **22.06.2026–21.06.2032** |

**2028 में रिक्त होंगी 4 सीटें:** राज्यसभा में 4 जुलाई, 2028 में 4 सीटें रिक्त होंगी। रिक्त होने वाली सीटों में कांग्रेस के तीन सदस्य प्रमोद तिवारी, मुकुल वासनिक और रणदीप सुरजेवाला जबकि भाजपा से घनश्याम तिवाड़ी का कार्यकाल खत्म होगा। विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से 2 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस की– जीत तय है, जबकि एक सीट पर जोड़तोड़ की गणित चलेगी। इस तरह भाजपा के खाते में ज्यादा सीटें होंगी।

## CAG नवीनतम रिपोर्ट : राज्यों के विकास खर्च एवं राजस्थान की राजकोषीय स्थिति

- **जारीकर्त्ता :** भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
- **राजस्थान की राजकोषीय स्थिति –**
  - कुल निर्धारित रु. 56,327 करोड़ का पूंजीगत बजट
  - **वास्तविक व्यय** : केवल रु. 29,190 करोड़। (कुल निर्धारित बजट का खर्च 51.82%)
  - देश के 20 प्रमुख राज्यों में 19वीं रैंक। (बेहद कमजोर प्रदर्शन-श्रेणी)

- **औसत राष्ट्रीय खर्च :** वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 20 प्रमुख राज्यों ने अपने पूंजीगत व्यय बजट का औसतन सिर्फ 77% खर्च किया।
- **संवैधानिक संदर्भ :** संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत् **CAG** अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति/राज्यपाल को सौंपता है, जिसे क्रमश: संसद और राज्य विधानमंडल के पटल पर रखा जाता है।

## विश्व का प्रथम 'RTI लिविंग म्यूजियम'

- **उपलब्धि :** RTI कानून की मंजूरी के 21 वर्ष पूर्ण होने पर भारत के ऐतिहासिक RTI जन-आंदोलन की केंद्रस्थली ब्यावर (राजस्थान) में विश्व का प्रथम 'RTI लिविंग म्यूजियम' बनाया जा रहा है।
- **निर्माण एवं संचालन:** 'स्कूल फॉर डेमोक्रेसी' द्वारा ।
- **प्रणेता :** सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय (मजदूर किसान शक्ति संगठन-MKSS)
- **स्थान :** नरवद खेड़ा (केसरपुरा क्षेत्र), जिला- ब्यावर।

## सहकारिता क्षेत्र में अग्रणी-राजस्थान

- श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) में आयोजित '**8वाँ राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन** (25-26 जून 2026)' राजस्थान का प्रदर्शन।
  - **विषय :** '**व्यवसाय विविधीकरण के माध्यम से PACS को सशक्त बनाना**'

- ♦ **प्रतिनिधित्व :** राजस्थान सहकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा द्वारा तकनीकी सत्र की अध्यक्षता।
- ♦ **राजस्थान देश में प्रथम–**
- बहुउद्देशीय 1,969 सहकारी समितियों का गठन।
- बीज सहकारी समिति- 6,753 सहकारी समितियों को 'भारतीय बीज सहकारी समिति लि. की सदस्यता।
- 120 गोदाम निर्माण- विश्व की सबसे बड़ी अनाज भण्डारण योजना के तहत् आधुनिक गोदाम।
- ERP (Enterprise Resource Planning) कार्य: 10.91 करोड़ प्रविष्टियों के साथ देश में शीर्ष पर।

### स्टार्ट्अप इकोसिस्टम पर सेमिनार : भामाशाह टेक्नो हब, जयपुर–19 जून 2026

- ❒ **आयोजक :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग।
- ❒ **प्रमुख विषय :** "Celebrating 12 Years of the Government and 10 Years of the Startup India Initiative"

## प्रकाशन एवं प्रतिष्ठित लेखक

### साहित्यिक विमर्श : पुस्तक विमोचन एवं चर्चा

- ❒ **आयोजक :** प्रगतिशील लेखक संघ, जयपुर
- ❒ **स्थल :** राजस्थान समग्र सेवा संघ सभागार, जयपुर
  - ♦ **'उर्फ सिनेमा'**
    - **लेखक :** दीपक कुमार राय, राम मुरारी (संयुक्त)
    - **महत्त्व :** सिनेमा के सामाजिक सरोकारों, पृष्ठभूमि को समझने में सहायक।
  - ♦ **'मुक्ति का सपना तथा अन्य कविताएँ**
    - **लेखिका :** पूनम भाटिया
    - **विषय :** प्रकृति, प्रेम, लोकजीवन, स्त्री, लोकतंत्र, अकेलापन एवं सामाजिक सरोकार को गहराई से उकेरा गया।

### संत मीराबाई के जीवन दर्शन पर दो कृतियाँ

- ❒ **विमोचन स्थल :** निंबार्क पीठ (बिचून),जयपुर
- ❒ **विमोचन :** निंबार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामाशरण देवाचार्य।
- ❒ **लेखक:** पं. रामस्वरूप गौड़
  - ♦ 'मीरां जी की जीवनी'
  - ♦ 'मीरा की भक्ति प्रणाली पर विद्वत संवाद'

### उपन्यास : 'खाड्डा पार्किंग' (राजस्थानी भाषा)

- ❒ **लेखिका :** प्रेमलता सोनी
- ❒ **सम्मान :** सूर्यप्रकाश बिस्सा स्मृति महिला लेखन पुरस्कार
- ❒ **विषय-वस्तु :** जीवन के उतार-चढ़ाव, संघर्ष, ठहराव एवं उम्मीदों का सजीव चित्रण।

### पुस्तक-विमोचन: 'ट्रेवल, ट्रस्ट व ट्रांसफॉर्म'

- ❒ **लेखिका :** रूबी जैन (कॉर्पोरेट प्रोफेशनल)
- ❒ **विषय:** जीवन दर्शन, व्यक्तिगत विकास पर आधारित।
- ❒ **विमोचनकर्त्ता :** योगाचार्य ढाका राम (प्रसिद्ध योग गुरु)
- ❒ पुस्तक 'पंचतत्वों' (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु एवं आकाश)के सिद्धांतों को आधुनिक यात्रा अनुभवों एवं सकारात्मक जीवन परिवर्तन से जोड़ती है।

### अंतरराष्ट्रीय टैक्स प्रबंधन पर जयपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट सुव्रत जैन की पुस्तक–

- ❒ **पुस्तक-शीर्षक :** 'ऑफशोर कंपनी फॉर्मेशन एंड ग्लोबल टैक्स ऑप्टिमाइजेशन: ए कम्पलीट लीगल गाइड फॉर एंटरप्रेन्योर्स, फ्रीलांसर्स एंड इन्वेस्टर्स'
- ❒ **विषय-वस्तु :** अंतरराष्ट्रीय टैक्स कानून, कॉर्पोरेट कानून एवं वैश्विक व्यापार प्रबंधन।

## विविध-खबर

### MGSU,बीकानेर : 23वाँ स्थापना दिवस

- ❒ **संस्थान :** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर
- ❒ **मुख्य अतिथि :** माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागड़े (वर्चुअल माध्यम)
- ❒ **प्रारंभिक नाम :** बीकानेर विश्वविद्यालय ,वर्ष 2005 में बीकानेर के तत्कालीन महाराजा गंगासिंह के नाम पर **'महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय'** कर दिया गया।
- ❒ **MGSU :** स्थापना 7 जून, 2003 को हुई थी।
- ❒ वर्तमान (**Vice-Chancellor/ कुलगुरु**) प्रोफेसर मनोज दीक्षित।

- **MoU हस्ताक्षरित**– **MGSU** एवं राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (**RKCL**) के मध्य।
  - MGSU ने NEP-2020 के तहत् स्नातक विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के लिए RKCL के 11 रोजगारोन्मुखी स्किल कोर्स को मान्यता दी।
  - **कोर्स :** 4 क्रेडिट और कुल 120 घंटे की अवधि।
  - **संचालन :** ऑनलाइन, ऑफलाइन, हाइब्रिड मोड में।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं आभा (ABHA)

- **रिकॉर्ड :** देशभर में 'आभा' (ABHA - आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते) की संख्या 90 करोड़ के आँकड़े को पार कर गई है। (30 मई, 2026 तक की स्थिति)
- **राजस्थान की उपलब्धि** –
  - 7 करोड़ 19 लाख से अधिक आभा ID बनाकर देश में **द्वितीय स्थान** पर रहा। (प्रथम-उत्तर प्रदेश)
  - गत 5 वर्षों से अधिक के कालखंड में आभा खाते बनाने में लगातार बढ़ोतरी हुई है।
  - कुल आभा खातों की संख्या 2021 में 14.7 करोड़ से बढ़कर 2022 में 30.4 करोड़, 2023 में 50.6 करोड़, 2024 में 72.2 करोड़ एवं 2025 में 84.5 करोड़ दर्ज हुई।

## पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर 301वीं जयंती राज्यस्तरीय समारोह–31 मई, 2026

- **आयोजन :** बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर
- **मुख्य अतिथि :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- **विमोचन :** 'अहिल्याबाई होल्कर के जीवन' पर पुस्तक ।
- **उपस्थिति :** अहिल्याबाई होल्कर के वंशज उदय सिंह राजे होल्कर, विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू जनजाति महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष दुष्यंत सिंह बघेल।

- **अहिल्याबाई होल्कर (31 मई, 1725-1795)**
  - भारत के मराठा साम्राज्य के अंतर्गत मालवा (इन्दौर) राज्य की महान, न्यायप्रिय और दूरदर्शी रानी थी।
  - 18वीं शताब्दी में उनके द्वारा किए गए प्रशासनिक, धार्मिक एवं सामाजिक सुधारों के कारण ब्रिटिश **इतिहासकार जॉन की** (John Keay) ने उन्हें 'द फिलॉस्फर क्वीन' **(The Philosopher Queen)** की उपाधि दी थी।

## युवा संगम (चरण-6) : 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' राजस्थान-कर्नाटक प्रतिनिधिमण्डल–

- **नोडल मंत्रालय :** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
- **प्रतिनिधिमंडल :** कर्नाटक के 47 युवा डेलीगेट्स एवं 6 कॉर्डिनेटर्स (कुल 53 सदस्य) 7 दिवसीय यात्रा पर (05-12 जून 2026 तक जयपुर आया।)
- **वर्कशॉप :** ब्लॉक प्रिंटिंग वर्कशॉप एवं भारतीय भाषाओं पर अवेयरनेस सेशन।
- **अनुभव लेखन :** यात्रा के समापन पर सभी प्रतिभागी 'माय युवा संगम स्टोरी: एक्सपीरिएंसिंग नेशनल इंटीग्रेशन इन डाइवर्सिटी' विषय पर अपने अनुभव साँझा करेंगे।
- **प्रमुख संस्थान** –
  - **मेजबान :** MNIT, जयपुर (राजस्थान)
  - **प्रतिनिधि :** IIIT, धारवाड़ (कर्नाटक)
- **पंच-स्तंभ 5'P'** का अध्ययन 'राष्ट्रीय एकता' विषय पर किया गया।
  - पर्यटन
  - परंपरा
  - प्रगति
  - प्रौद्योगिकी
  - परस्पर संपर्क
- **राजस्थान के प्रमुख स्थलों का भ्रमण** –
  - **जाहोता गाँव (जयपुर) :** जैविक खेती एवं 'जाहोता प्रिंट' के लिए प्रसिद्ध।
  - **तिलोनिया (अजमेर) :** 'बेयरफुट कॉलेज' (संस्थापक : बंकर रॉय) ग्रामीण सशक्तिकरण, नवाचार एवं सौर ऊर्जा प्रशिक्षण का वैश्विक मॉडल।
  - **किशनगढ़ (अजमेर):** मार्बल मंडी।

## 'विश्व पर्यावरण दिवस' : राष्ट्रीय संगोष्ठी -2026

- **आयोजक :** राजस्थान स्वायत्त शासन महाविद्यालय एवं इंडियन ह्यूमन इकोलॉजी काउंसिल द्वारा।
- **स्थान :** राजस्थान स्वायत्त शासन महाविद्यालय, जयपुर
- **थीम:** 'इंडियाज रिस्पांस टू ग्लोबल क्लाइमेट चेंज' (India's Response to Global Climate Change)
- **पुस्तक विमोचन : 'इंडियन नॉलेज सिस्टम'** (लेखक: प्रो. नरेंद्र भोजक)
- **मुख्य अतिथि:** नरेश गोयल (IAS), कृषि आयुक्त

- **ग्रीन स्कॉलर अवॉर्ड 2026:** पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थितिकी के क्षेत्र में शोध हेतु विशेषज्ञों को सम्मान-
  - प्रो. एच.एस. शर्मा
  - प्रो. के.पी. शर्मा
  - प्रो. अश्विनी कुमार
  - प्रो. नंदकुमार सावंत
  - प्रो. रवींद्र जायभाये

## राजस्थान उच्च न्यायालय : आर्द्रभूमि संरक्षण निर्देश

- **पीठ :** राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर
- **न्यायाधीश :** डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी एवं रेखा बोराणा।
- **आधार :** समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का **स्वतः संज्ञान** (Suo Moto) लेकर इसे **'जनहित याचिका' (PIL)** के रूप में दर्ज किया गया।
- **न्यायालय ने दो प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया-**
  - **दायरा सिमटना :** शहरीकरण एवं विकास कार्यों के कारण अतिक्रमण से बाधित आर्द्रभूमियाँ।
  - **असंतुलन :** प्रदूषण के कारण आर्द्रभूमि की जैव-विविधता का तेजी से ह्रास।
- **जिलेवार रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश-**
  - राज्य के सभी आर्द्रभूमि क्षेत्रों का भौतिक सर्वेक्षण।
  - आधुनिक तकनीक (भौगोलिक सूचना प्रणाली) के माध्यम से वेटलैंड्स की सटीक सीमाओं एवं स्थिति की मैपिंग।

## 'फॉर्मेशन कमांडर्स कॉन्फ्रेंस'- सप्त शक्ति कमान, जयपुर

- **आयोजन :** भारतीय सेना की दक्षिण-पश्चिमी कमान (सप्त शक्ति कमान) द्वारा।
- **अवधि :** 05- 06 जून, 2026
- **फोकस :** सैन्य आधुनिकीकरण एवं भविष्योन्मुख युद्ध।
  - साइबर सुरक्षा एवं हाइब्रिड वॉरफेयर।
  - स्वदेशीकरण (आत्मनिर्भरता) को बढ़ावा।

## पर्यावरण प्रबंधन में खुशी को सिल्वर मेडल

- खुशी जौहरी (मूल निवासी: जयपुर)
- **संस्थान :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट, भोपाल (IIFM) द्वारा 15वें दीक्षांत समारोह में 'चेयरपर्सन सिल्वर मेडल' से सम्मानित किया गया।
- **प्रदानकर्त्ता :** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव।
- **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व** -
  - नेपाल सरकार ने काठमांडू में आयोजित छठी साउथ एशियन कॉन्फ्रेंस में सबसे कम उम्र की इंडिपेंडेंट रिसर्चर आमंत्रित किया।
  - रिसर्च पेपर : **'क्लाइमेट रिस्पॉन्सिव बजटिंग'**
- **'SFK-सस्टेनेबल फाइनेंस विद खुशी'** नाम से इनिशिएटिव शुरू किया है, जो क्लाइमेट फाइनेंस (जलवायु वित्त) पर केंद्रित।
  - प्रथम क्लाइमेट वर्कशॉप दौसा जिले के सिकंदरा गांव में आयोजित।

## देश का प्रथम RRTS नेटवर्क : राजस्थान शामिल

- राजस्थान देश के प्रथम रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (RRTS) नेटवर्क से जुड़ने जा रहा है।
- **अंतर-राज्यीय सहमति :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर **राजस्थान एवं हरियाणा सरकार के बीच दिल्ली से अलवर तक** 'नमो भारत' ट्रेन के संचालन को लेकर।
- **मुख्य रूट:** दिल्ली के सराय काले खाँ से शुरू होकर मुनिरका, एरोसिटी, गुरुग्राम एवं बावल (हरियाणा) होते हुए खैरथल एवं अलवर तक पहुंचेगा।
- **राजस्थान सेक्शन:** कॉरिडोर का दूसरा हिस्सा SNB (शाहजहांपुर-नीमराना-बहरोड़) से नीमराना एवं बहरोड़ होते हुए सोतानाला तक विस्तारित किया जाएगा।
  - **नेटवर्क की कुल लंबाई :** 196 किलोमीटर
  - **राजस्थान में हिस्सा :** 91 किलोमीटर
  - **स्टेशनों की संख्या :** कॉरिडोर में कुल 22 मुख्य स्टेशन, 6 स्टेशन राजस्थान में शामिल।
  - **ट्रेन की गति :** 'नमो भारत' ट्रेन की अधिकतम परिचालन गति 160 किमी/घंटा होगी।
  - **समय-सीमा:** वर्ष 2030 तक पूरा करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया।

## 30वाँ राज्यस्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2026

- **आयोजन :** 29 जून - बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर
- **आयोजक :** शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार

- **उद्देश्य :** सरकारी विद्यालयों में भौतिक संसाधन (भवन, भूमि, अतिरिक्त निर्माण आदि) उपलब्ध कराकर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने वाले दानदाताओं का सम्मान।
  - विमोचन: भामाशाह प्रशस्ति पुस्तिका का।
  - मुख्य अतिथि: उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा
  - प्रशासनिक नवाचार:
    - भामाशाहों की सुविधा हेतु विशेष सेल का गठन।
    - विद्यालय प्रबंधन समिति में भामाशाहों के 2 प्रतिनिधि शामिल किए जाएँगे।

- **पुरस्कार श्रेणियाँ एवं चयन मानदंड-**

कुल 276 से अधिक दानदाता/भामाशाह सम्मानित।

| श्रेणी | सहयोग राशि | सम्मानित – संख्या |
|---|---|---|
| शिक्षा विभूषण | ₹1 करोड़ या अधिक | 49 दानदाता |
| शिक्षा भूषण | ₹30 लाख से ₹1 करोड़ के बीच | 105 दानदाता |
| प्रेरक पुरस्कार | ₹50 लाख या अधिक | 99 प्रेरक एवं 23 NRI भी शामिल। |

- **प्रमुख सांख्यिकी (सत्र 2025-26)**
  - कुल सहयोग राशि : रु. 318 करोड़
  - 29वें सम्मान समारोह तक कुल 2,331 भामाशाहों द्वारा रु. 1,155.48 करोड़ का सहयोग प्राप्त हो चुका।
  - 29 जून को ही सभी जिलों में जिला स्तरीय समारोह आयोजित होंगे, जिनमें रु. 1 लाख से रु. 29.99 लाख तक सहयोग करने वाले दानदाताओं को सम्मानित किया जाएगा।
  - यह आयोजन पहली बार वर्ष 1995 में शुरू हुआ था

## '12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' थीम पर आधारित प्रदर्शनी पर संपूर्ण राज्य में कार्यक्रम-

- **अवधि:** 12-14 जून 2026 तक।
- **उपलक्ष्य:** केन्द्र सरकार (भारतीय जनता पार्टी) के सत्ता में आने के 12 वर्ष पूर्ण होने पर।
- **आयोजक :** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार

## अखिल भारतीय युवा कलाकार प्रदर्शनी-2026

- **आयोजन :** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर
- **अवधि :** 12 -14 जून (तीन दिवसीय)
- **उद्घाटनकर्त्ता :** राजेश्वर सिंह, राज्य निर्वाचन आयुक्त
- **'अखिल भारतीय युवा कलाकार पुरस्कार-2026' का वितरण-**

| पुरस्कार | विजेता | जिला/राज्य |
|---|---|---|
| प्रथम | लकी जायसवाल | इंदौर (MP) |
| द्वितीय | धीरज बलिहारा | हनुमानगढ |
| तृतीय (संयुक्त) | साक्षी गोयल | जयपुर |
| | नैना सोमानी | उदयपुर |
| | ऋषभ गौतम | लखनऊ (UP) |
| | बेणुगोपाल भोई | बरगढ़ (ओडिशा) |

## 'हल्दीघाटी विजय स्मृति शिल्प प्रदर्शनी'-14 जून

- **उपलक्ष्य :** हल्दीघाटी युद्ध विजय के 450 वर्ष पूर्ण।
- **उद्घाटन :** राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े।
- **स्थल :** भारती शिल्पकला प्राइवेट लिमिटेड,जयपुर
- **पहलकर्त्ता :** प्रख्यात मूर्तिकार महावीर भारती।

## 12वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : राज्यस्तरीय समारोह

- **आयोजन :** आबूराज (सिरोही), नक्की झील के किनारे 21 जून 2026 को किया गया।
- **थीम :** "Yoga for Healthy Ageing" (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग)
- **मुख्य अतिथि:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।
- जिले, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर, सभी राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कारागृह एवं पुलिस थानों में योग दिवस का आयोजन किया गया।
- **राजस्थान की उपलब्धियाँ -**
  - **कोटा-रिकॉर्ड (2018) :** 1.05 लाख से अधिक लोगों ने एक साथ योग कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
  - **योग संगम पोर्टल (2025) :** 85 लाख से अधिक पंजीकरण के साथ राजस्थान पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा।

## 14वाँ इंडिया स्टोन मार्ट-2028

- **त्रि-पक्षीय MoU :** रीको (RIICO), सिडोस (CDOS) एवं लघु उद्योग भारती के मध्य।
- **MoU हस्ताक्षर :** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, जयपुर में 16 जून, 2026 को।
- **आयोजन :** 17-20 फरवरी, 2028 तक किया जाएगा।
- **महत्त्व :** तकनीक (CDOS), इंफ्रास्ट्रक्चर (RIICO) एवं MSMEs क्षेत्र के विश्वास (लघु उद्योग भारती) का एक अनूठा संगम।
- **13वाँ संस्करण :** 2026 मुख्य सांख्यिकी

| विवरण | आंकड़े |
|---|---|
| प्रदर्शनी क्षेत्र | लगभग 45,000 वर्गमीटर |
| कुल प्रदर्शक | 450 (59 विदेशी कंपनियां) |
| अंतरराष्ट्रीय कंट्री पवेलियन | 3 (तुर्किये, चीन और ईरान) |
| सहभागिता<br>8 देश<br>15 भारतीय राज्य | गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों ने पहली बार 'संगठित राज्य पवेलियन' के रूप में भागीदारी की। |
| कुल आगंतुक | 27,256 |
| व्यापारिक आगंतुक | 21,431 |
| अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि | 58 देशों से |
| आर्किटेक्ट एवं डिजाइन पेशेवर | 429 |

## राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम (RREC) का नया लोगो

- **अनावरण :** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर-राजस्थान सरकार
- **स्थान :** विद्युत भवन, जयपुर
- **संस्था :** राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम (RREC)
- **परिवर्तन का कारण :** अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नवीन स्रोतों जैसे-विकेन्द्रित सौर ऊर्जा, ऊर्जा संरक्षण, पम्प स्टोरेज,ग्रीन हाइड्रोजन और कम्प्रेस्ड बॉयो गैस का समावेश होना।

## राजस्थान की प्रथम व्हाइट टाइगर सफारी : नाहरगढ़ जैविक उद्यान-जयपुर

- '<u>व्हाइट टाइगर **भीम**</u>' एवं '<u>गोल्डन टाइग्रेस **स्कंधी**</u>' का सफारी क्षेत्र में आगमन।
- नाहरगढ़ जैविक उद्यान: <u>**राजस्थान का प्रथम एवं एकमात्र व्हाइट टाइगर सफारी**</u> वाला उद्यान बन गया।
- **प्रबंधन :** 'टूरिज्म मैनेजमेंट टीम' द्वारा।

## पीएम श्री एवं मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान : समीक्षा एवं नवाचार।

- **समीक्षा बैठक :** 22 जून 2026
- **अध्यक्षता :** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास
- **<u>उपलब्धि 1</u> :** 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26' में राजस्थान को देशभर में तीसरा स्थान एवं 11 स्कूलों का चयन (सरकारी एवं केन्द्रीय विद्यालय)।

| विद्यालय का नाम | जिला |
|---|---|
| राउप्रावि खरिया गोगलिया | बाड़मेर |
| PM श्री केंद्रीय विद्यालय, AFS उत्तरलाई | बाड़मेर |
| राउप्रावि उजीनसिंह का नाडा बेरी | सीकर |
| राप्रावि रोडेवाला | डूंगरपुर |
| राउप्रावि अभयपुरा | चूरू |
| PM श्री स्कूल परलिया की ढाणी | कोटा |
| सोफिया गर्ल्स उमावि, वल्लभ नगर | कोटा |
| स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट मॉडल स्कूल | टोंक |
| GHSS, बाबरा | ब्यावर |
| दरबार गवर्नमेंट उमावि (इंग्लिश मीडियम) | जयपुर |
| जवाहर नवोदय विद्यालय, तलवाड़ा | बांसवाड़ा |

- **<u>उपलब्धि 2</u> :** 'राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (NAS) 2025' में राजस्थान तीनों ग्रेड कैटेगरी (3, 6, एवं 9) में टॉप 10 राज्यों में शामिल।
- राज्य में वर्तमान में 649 पीएम श्री विद्यालय संचालित।
- **नीति आयोग रिपोर्ट-2026 :** 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' को राज्य की '<u>**सर्वश्रेष्ठ बेस्ट प्रैक्टिस**</u>' माना।

- **मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान :** 29 मार्च, 2025 को शुरु। इसके अंतर्गत प्रदेश के 69,000 से अधिक राजकीय विद्यालयों में सुधारात्मक गतिविधियाँ लागू की गई।

## फर्टीलाइजर सेल्स एप्लीकेशन सिस्टम (FSAS) उर्वरक वितरण में पारदर्शिता-

- **शुभारंभ :** नरेश कुमार गोयल (कृषि आयुक्त)
- **पायलट प्रोजेक्ट:** <u>**राजसमंद एवं सिरोही**</u>
- **उद्देश्य :** अनुदानित उर्वरकों के वितरण में पारदर्शिता लाना एवं किसानों को लंबी कतारों से मुक्ति दिलाना।

- **कार्यप्रणाली :** यह प्रणाली 'फार्मर आईडी' पर आधारित है। इसके माध्यम से किसान अपने मोबाइल फोन से ही उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे।

## राजस्थान का लक्ष्य : स्वच्छता के क्षेत्र में देश में नंबर-1 बनना-

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (SWM) नियम-2026 की समीक्षा एवं प्रभावी क्रियान्वयन।
- **नेतृत्त्व:** पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर।
- **लक्ष्य :** आगामी 31 मार्च तक देश में स्वच्छता के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करना एवं **31 मार्च 2029 तक 100% ग्रामीण स्वच्छता**।
- **महत्त्वपूर्ण लक्ष्य-**
  - **बर्तन बैंक :** आगामी 31 जुलाई तक 4,000 ग्राम पंचायतों में स्थापना।
  - **कचरा पृथक्करण :** आगामी 31 अक्टूबर तक 1,600 ग्राम पंचायतों में चार-स्तरीय।
  - **लिगेसी वेस्ट :** 31 जुलाई तक ग्रामीण क्षेत्रों से सभी पुराने कचरे के ढेरों को हटाना।
  - **विलायती बबूल उन्मूलन :** उन्मूलन से प्राप्त लकड़ी/चारकोल की आय संबंधित ग्राम पंचायतों को मिलेगी।

## जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस

- **शुभारंभ :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा **खातीपुरा स्टेशन** से अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई गई। (21 जून 2026)
- **महत्व :** खातीपुरा को '**मेगा कोचिंग टर्मिनल**' के रूप में विकसित किया गया है, जिससे जयपुर जंक्शन पर यातायात का दबाव कम होगा।
- **सीकर जिले के सुंदरपुरा** में खाटूश्यामजी के श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु **नया रेलवे स्टेशन** विकसित करने की घोषणा।
- वर्ष 2014 से अब तक राजस्थान में लगभग 3,000 कि. मी. नए रेलवे ट्रैक का निर्माण किया गया।
- राजस्थान में वर्तमान में पाँच जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संचालित हो रही है।

## औषधीय पौधों पर राष्ट्रीय सम्मेलन एवं हाइड्रोपोनिक तकनीक-

- **आयोजन :** केशवरायपाटन (बूंदी) में '**औषधीय पौधों में नवीन प्रगतियों**' एवं हाइड्रोपोनिक तकनीक के उपयोग को लेकर 25-26 जून, 2026 तक।
- सम्मेलन में देश के छह राज्यों के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों ने अपने शोध साझा किए।
- **आयोजक :** आइडियल पब्लिक एजुकेशन सोसायटी।
- **अध्यक्षता :** मेरठ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अविनाश सिंह
- **हाइड्रोपोनिक तकनीक :** हरित स्वर्ण
  - बिना मिट्टी के केवल पानी एवं पोषक तत्वों में पौधे उगाने की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर विशेष चर्चा।

## जोधपुर में 'खजूर दिवस' (Date Palm Day)

- **आयोजन:** 09 जून 2026 को भाकृअनुप-केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर में मनाया गया।
- **उद्देश्य :** शुष्क एवं रेगिस्तानी क्षेत्रों में खजूर की उन्नत खेती, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देना।
- **विदेशी/अन्य किस्में :** हलावी, बरही, मेडजूल, खुनेजी।
- **देशी किस्म :** एडीपी-1 (ADP-1)

## 10वाँ अंतर्राष्ट्रीय MSME दिवस (2026)

- **राजस्थान में प्रथम बार** 'अंतर्राष्ट्रीय MSME दिवस' पर राज्य स्तरीय समारोह कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब-जयपुर में 27 जून, 2026 को मनाया गया।
- **उपलब्धि : 33** लाख से अधिक उद्यमों के साथ **राजस्थान भारत का चौथा सबसे बड़ा MSME राज्य बन गया।**
- **मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रमुख घोषणाएँ-**
  - **हाट विकास :** हस्तशिल्पियों, बुनकरों एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए 'PPP मॉडल' पर हाटों का विकास। (प्रथम चरण: पुष्कर, नाथद्वारा, जैसलमेर, अलवर)
  - **वित्तीय सहायता :** राजस्थान वेंचर कैपिटल फंड के माध्यम से इस वर्ष 25 नए स्टार्टअप्स को।
  - **इलेक्ट्रॉनिक्स/सेमीकंडक्टर :** रिप्स-2024 के तहत् न्यूनतम निवेश सीमा घटाकर 15 करोड़ रुपये की गई। महिला एवं दिव्यांग कार्मिकों के कौशल भत्ते को 4,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये प्रति माह किया गया।

- ♦ **रिप्स (RIPS-2024) संशोधन :** MSME के लिए कैपिटल सब्सिडी की अवधि 10 वर्ष से घटाकर 7 वर्ष की गई।
- ❒ **औद्योगिक सुधार एवं नीतियाँ-**
  - ♦ **डायरेक्ट अलॉटमेंट पॉलिसी-2025 :** एक वर्ष में 1600 से अधिक औद्योगिक भूखंडों का आवंटन।
  - ♦ **व्हाइट कैटेगरी :** गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों की सूची 104 से बढ़ाकर 877 की गई।
  - ♦ **लॉन्च :** राजस्थान औद्योगिक विकास नीति, One District, One Product कॉफी टेबल बुक और रैम्प (RAMP-राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) पोर्टल का शुभारंभ।

## सरिस्का टाइगर पुनर्स्थापना के 18 वर्ष पूर्ण : अलवर में राष्ट्रीय कार्यशाला- 28 जून, 2026

- ❒ **विषय :** 'बाघ पुनर्स्थापना: अवसर एवं चुनौतियां'
- ❒ **अतिथि :** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा।
- ❒ **संदर्भ :** सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ पुनर्स्थापना के 18 वर्ष (28 जून 2008-28 जून 2026) पूर्ण होने के उपलक्ष्य में।
- ❒ **विमोचित प्रकाशन :** तीन महत्वपूर्ण दस्तावेज
  1. भारत में बाघों के सक्रिय प्रबंधन हेतु रोडमैप।
  2. भारत में बाघ पुनर्स्थापना एवं पुर्नबहाली पर पुस्तिका।
  3. प्रोजेक्ट चीता वार्षिक प्रतिवेदन।
- ❒ अलवर के मंगलासर एवं मानसरोवर बाँध को रामसर साइट का दर्जा दिलाने का प्रयास।
- ❒ **विषय-वस्तु :** बाघ-विहीन या कम बाघ घनत्व वाले क्षेत्रों में 'बाघ पुनर्स्थापन' एवं 'सक्रिय प्रबंधन'।
- ❒ **सहभागी राज्य :** राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मिजोरम, कर्नाटक एवं तेलंगाना।
- ❒ **भारतीय वन्यजीव संस्थान :** 'गौर' एवं 'बारहसिंगा' के पुनर्स्थापन पर बल दिया गया, ताकि बाघों के लिए 'शिकार आधार' को मजबूत किया जा सके।
- ❒ **प्रसिद्ध फोटोग्राफर नल्लामुत्थु** द्वारा विश्व पटल पर सरिस्का की पहचान को उजागर करने के लिए बनाई जा रही डॉक्यूमेंट्री की परिचयात्मक झलक दिखाई गई।

## MoU : स्वायत्त शासन विभाग (DLB) एवं हुडको (HUDCO) के मध्य।

- ❒ राजस्थान के शहरों को मिलेगी नई उड़ान : रु. 15,800 करोड़ की आधारभूत परियोजनाओं का शिलान्यास।
  - ♦ हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर तथा स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक प्रतीक चंद्रशेखर जुईकर ने हस्ताक्षर किए।
- ❒ **वित्त पोषण का प्रारूप :**
  - ♦ भारत सरकार (UCF के तहत) : 25% (राजस्थान के लिए रु. 3,950 करोड़)
  - ♦ राज्य सरकार एवं स्थानीय निकाय: 25%
  - ♦ वित्तीय संस्थान/हुडको: 50%
- ❒ **पहल :** अर्बन चैलेंज फंड (UCF) के माध्यम से शहरी अवसंरचना का विकास।
- ❒ **मुख्य फोकस :** सड़क, सीवरेज, ड्रेनेज, ठोस कचरा प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट और सौंदर्यीकरण।
- ❒ **उद्देश्य :** विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करना एवं टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार।

## 20वाँ राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस समारोह

- ❒ **दिनांक :** 29 जून 2026
- ❒ **स्थल :** कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब, जयपुर।
- ❒ **थीम :** 'अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ एडमिनेस्ट्रेटिव डेटा'(Unlocking the Potential of Administrative Data)।
- ❒ **प्रमुख अतिथि :** उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा।
- ❒ **आधार :** आधुनिक भारतीय सांख्यिकी के जनक प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में।
- ❒ **महत्त्वपूर्ण विमोचन:**
  - ♦ राजस्थान स्टेटिस्टिकल ईयर बुक-2026
  - ♦ राजस्थान सतत् विकास लक्ष्य स्टेटस रिपोर्ट-2026
- ❒ **पुरस्कार :** सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान -15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को **"राज्य स्तरीय प्रो. पी.सी. महालनोबिस सांख्यिकी पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य निम्न है-

- सयुंक्त शासन सचिव, वित्त (बजट) कृष्ण शर्मा
- संयुक्त निदेशक रणवीर सिंह
- एसीपी सुनील कुमार चौधरी
- उपनिदेशक अजीत सिंह
- सहायक निदेशक वीरेंद्र सिंह
- सांख्यिकी अधिकारी देवेंद्र कुमार बैरवा

**यमुना जल समझौता: राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में जल सुरक्षा की नई उम्मीद-**

- **MoU :** <u>**राजस्थान एवं हरियाणा के बीच**</u> 'यमुना जल परियोजना' हेतु मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (MoA)
- **आयोजन :** कर्तव्य भवन, नई दिल्ली। (**<u>29.06.2026</u>**)
- **अध्यक्षता :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह।
- **हस्ताक्षरकर्त्ता :** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी
- **परियोजना बजट :** लगभग रु. 34,102 करोड़।
  - हथिनीकुंड बैराज से राजस्थान के चूरू जिले के **<u>हँसियावास जलाशय</u>** तक लगभग 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन बिछाई जाएगी।
  - परियोजना में तीन भूमिगत पाइपलाइनें, निरीक्षण सड़क एवं कृत्रिम जलाशय शामिल।
- **लाभान्वित :** राजस्थान का शेखावाटी क्षेत्र (चूरू, सीकर, झुंझुनूं) एवं हरियाणा के 10 स्थान।
- **निर्माण एवं संचालन:** 'राजस्थान हरियाणा यमुना वाटर एसपीवी' का गठन किया जाएगा।
- **ऐतिहासिक संदर्भ :** 1994 के ऊपरी यमुना बेसिन समझौते के तहत् राजस्थान को ताजेवाला हैड पर 1917 क्यूसेक जल आवंटित था, जिसका उपयोग प्रवाह प्रणाली के अभाव में पिछले 32 वर्षों से नहीं हो पा रहा था।



# 02 राष्ट्रीय समसामयिकी

## नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद् की बैठक

- **अध्यक्षता:** प्रधानमंत्री 11 जून, 2026 को नई दिल्ली में।
- **विषय: विकसित भारत@2047 के लिए समावेशी मानव विकास।**
- **उद्देश्य :** आयु, क्षेत्र, लिंग या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना प्रत्येक भारतीय के कल्याण और विकास पर ध्यान केंद्रित करना।
- समावेशी मानव विकास के **चार प्रमुख स्तंभों** पर चर्चा:
  - (i) मूलभूत मानव पूँजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल।
  - (ii) उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास।
  - (iii) स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण ।
  - (iv) सभी के लिए समानता और गरिमा।
- मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन (26 से 28 दिसंबर, 2025) की सिफारिशों पर भी चर्चा की।
- **प्रतिभागी:** नीति आयोग की शाषीपरिषद् में भारत के प्रधानमंत्री; सभी राज्यों और विधानसभा वाले केंद्र-शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री; अन्य केंद्र-शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल / प्रशासक; पदेन सदस्य; नीति आयोग के उपाध्यक्ष; नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होते हैं।
- प्रथम बार सभी 28 राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शासी परिषद् की बैठक में भाग लिया।

## फुटपाथ पर चलने का मौलिक अधिकार

- सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले में यह घोषित किया है कि **चिह्नित और अच्छी तरह से बनाए गए फुटपाथों पर सुरक्षित चलने की स्वतंत्रता** नागरिकों का एक मौलिक अधिकार है।
- **फुटपाथ पर** चलने का अधिकार संविधान के **अनुच्छेद 19(1)(d)** [भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण (घूमने) का अधिकार] और **अनुच्छेद-21** (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के अंतर्गत गारंटीकृत मौलिक अधिकारों का एक अभिन्न हिस्सा है। यह अनुच्छेद 19 (1) (a-c) के अधिकारों को समाहित करता है।
- **वाहनों की आवाजाही पर प्राथमिकता:** न्यायालय ने स्पष्ट किया कि नागरिकों के पैदल चलने का अधिकार प्राथमिक है और इसे मोटर चालित वाहनों की आवाजाही की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

## दिशा 2.0 (DISHA 2.0)

- **केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय** ने 'दिशा' योजना को पुनर्गठित कर **'दिशा 2.0'** के रूप में मंजूरी दी है।
- **DISHA:** Designing Innovative Solutions for Holistic Access to Justice/ न्याय तक समग्र पहुँच के लिए अभिनव समाधान तैयार करना।
- **क्रियान्वयन अवधि:** 1 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक (5 वर्ष, 16वें वित्त आयोग के चक्र के अनुरूप)।
- **बजट:** रु. 255 करोड; केंद्रीय **क्षेत्र** की योजना।
- **लक्षित लाभार्थी:** इस कार्यक्रम के माध्यम से **कुल 30 लाख नए** लाभार्थियों तक पहुँचने का लक्ष्य है।
- **उद्देश्य:** भारत के संविधान की प्रस्तावना और अनुच्छेद 14, 21 और 39A के अंतर्गत प्रतिपादित 'न्याय तक पहुँच' के संवैधानिक जनादेश को पूरा करना
  - ♦ शांति, न्याय और सशक्त संस्थानों पर संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 16 के कार्यान्वयन का समर्थन करना।
- **विस्तार:** यह योजना अखिल भारतीय स्तर पर **सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों** में लागू की जाएगी।

### दिशा 2.0 के चार प्रमुख घटक

1. **टेली-लॉ (Tele-Law: वंचितों तक पहुँच):**
   - ♦ **ग्राम पंचायत स्तर** पर 2,50,000 **सामान्य सेवा केंद्रों (CSCs)** के नेटवर्क के जरिए मुफ्त कानूनी सलाह प्रदान की जाएगी।

- यह 36 राज्यों/ UTs के **784 जिलों** को कवर करता है।
- आकांक्षी ब्लॉकों में **'न्याय सहायक'** घर-घर जाकर कानूनी सहायता देंगे। इसे बहुभाषी पहुँच , AI एकीकरण और डिजिटल प्लेटफार्मों के उन्नयन के माध्यम से और बेहतर बनाया जाएगा।

2. **न्याय बंधु (Nyaya Bandhu: प्रो-बोनो कानूनी सेवाएं) कार्यक्रम:**
   - **विधि सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987** की धारा 12 के तहत पात्र व्यक्तियों को अदालत में **नि:शुल्क (Pro-Bono) कानूनी सहायता** और **प्रतिनिधित्व**।
   - वकीलों और लॉ स्टूडेंट्स (प्रो-बोनो क्लब योजना के तहत) के बीच नि:शुल्क सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देना।
3. **कानूनी साक्षरता एवं कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (LLLAP):**
   - विभिन्न मंत्रालयों, PSUs, नागरिक समाज संगठनों (CSOs) और विधि विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर ऑनलाइन और ऑफलाइन अभियानों के जरिए जनता में कानूनी साक्षरता फैलाना।
4. **विधि संजीवनी (नया घटक):** कार्यक्रम की निगरानी और डेटा-आधारित निर्णय लेने के लिए एक केंद्रीकृत एकीकृत डैशबोर्ड होगा जो चारों घटकों से वास्तविक समय के डेटा स्ट्रीम को समेकित करेगा।

## राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव और उप-चुनाव

- **घोषणा:** भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI)
- **द्विवार्षिक चुनाव :** 10 राज्यों में जून-जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले **24 सदस्यों की सीटें** ।
- **उप-चुनाव:** महाराष्ट्र, ओडिशा और तमिलनाडु में खाली हुई 3 राज्यसभा सीटों के लिए।
- **द्विवार्षिक चुनाव का राज्यवार विवरण (कुल 24 सीटें)**

| राज्य | सीटों की संख्या |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात | 4 – 4 सीटें (प्रत्येक में) |
| मध्य प्रदेश, राजस्थान | 3 – 3 सीटें (प्रत्येक में) |
| झारखंड | 2 सीटें |
| अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, मेघालय | 1 – 1 सीट (प्रत्येक में) |

- **24 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन**
  - **NDA:** 19 सदस्य, कांग्रेस: 5 सदस्य
  - **प्रमुख निर्वाचित सदस्य:** मल्लिकार्जुन खड़गे, पवन खेड़ा
- **03 सीटों पर निर्वाचन:**
  - झारखंड (2): वैद्यनाथ राम (झारखंड मुक्ति मोर्चा), परिमल नथवानी (निर्दलीय)
  - **मिजोरम:** के. ललतलुआंगकिमा, जोरम पीपुल्स मूवमेंट (JPM) ने राज्यसभा में प्रथम बार प्रतिनिधित्व हासिल किया।
- पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा का पाँच दशक लंबा संसदीय कार्यकाल 25 जून 2026 को पूर्ण हो गया।

## पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू का ओडिशा दौरा

- **'विकास धारा, ओडिशा सारा' कार्यक्रम:** 20 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने भाग लिया।
  - **आयोजन स्थान :** रायरंगपुर, मयूरभंज में।
  - ओडिशा सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित।
- इस दौरान रु. 47,600 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया।
- प्रमुख कार्यों में 600 मेगावाट की **अपर इंद्रावती पंप्ड स्टोरेज**, आईबी थर्मल पावर स्टेशन विस्तार (660-660 मेगावाट की दो नई इकाइयाँ) और झारसुगुड़ा में **कोल गैसीफिकेशन** परियोजना (BCGCL) शामिल हैं।
- **पहाड़पुर:** राष्ट्रपति के जन्म दिवस पर मयूरभंज जिले में स्थित पैतृक गाँव का दौरा किया।
  - इसे सूर्यग्राम के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

## प्रधानमंत्री की पश्चिम बंगाल यात्रा

- **पश्चिम बंगाल दिवस 2026**
  - **विषय:** 'पश्चिम बंगाल: विरासत, सद्भाव और विकास'

- ♦ कार्यक्रम का स्थान: तारकेश्वर, हुगली (डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से जुड़ा ऐतिहासिक स्थल)।
- ❒ पीएम-किसान (PM-KISAN) योजना की 23वीं किस्त जारी की।
- ❒ **पश्चिम बंगाल में प्रमुख केन्द्रीय कृषि योजनाओं का शुभारंभ:**
  - ♦ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY)
  - ♦ एग्रीस्टैक (डिजिटल कृषि मिशन)
  - ♦ राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन
  - ♦ प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PMDDKY)

## विकसित भारत युवा संसद 2026

- ❒ **उद्घाटन:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा।
- ❒ **राष्ट्रीय चरण** का आयोजन **15-17 जून** तक **नई दिल्ली** में हुआ।
- ❒ **आयोजक:** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने लोकसभा सचिवालय के पार्लियामेंटरी रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसीज (PRIDE) के सहयोग।
- ❒ प्रतियोगिता में **रिया पांडे** (सर्वश्रेष्ठ शुरुआती वक्ता, दिल्ली), **अपूर्वा शर्मा** (सर्वश्रेष्ठ प्रश्न, हरियाणा), **केपोजो कापुह** (सर्वश्रेष्ठ उत्तरदाता, नागालैंड) और **साईं चिराग कुमार** (सर्वश्रेष्ठ लघु चर्चा, दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (LPMS): 'विनिमय'

- ❒ **लॉन्च:** 9 जून को गृहमंत्री अमित शाह ने।
- ❒ यह केंद्रीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म देश के **सभी भूमि बंदरगाहों** के परिचालन को **एकीकृत प्रणाली** में जोड़ने के लिए विकसित किया गया है। जिसे **'विनिमय'** नाम दिया गया है।
- ❒ **विकास:** भारतीय भूमि बंदरगाह प्राधिकरण (LPAI) द्वारा
- ❒ **उद्देश्य:** भारत के बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को एयरपोर्ट और सीपोर्ट की तरह आधुनिक और पूर्णत: डिजिटल बनाना।
- ❒ ICEGATE (आइसगेट), ULIP (यूलिप) और मोटर व्हीकल इकोसिस्टम जैसे प्रमुख राष्ट्रीय प्लेटफार्म और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) तथा सीमा सुरक्षा बल (BSF) जैसी एजेंसियों के साथ जोड़ा गया है।

## 'महिला संवेदनशीलता एवं आंतरिक शिकायत समिति' (GSICC)

- ❒ भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) द्वारा सर्वोच्च न्यायालय परिसर में महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक संवेदनशीलता सुनिश्चित करने के लिए GSICC का पुनर्गठन किया गया है।
- ❒ **अध्यक्षता:** सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति **बी.वी. नागरत्ना**
- ❒ **कानूनी आधार :** कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (POSH Act) के अनुच्छेद 4(2) के तहत्।

## 'वंदे मातरम शिविर' का आयोजन

- ❒ हाल ही में भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा 'माई भारत' (MY Bharat) अभियान के माध्यम से देश भर में 'वंदे मातरम शिविरों' के आयोजन की घोषणा की गई है।
- ❒ **उद्देश्य:** युवाओं में राष्ट्रीय एकता, संवैधानिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।
- ❒ **प्रथम शिविर का आयोजन:** 24 से 30 जून तक कोलकाता, पश्चिम बंगाल में।
  - ♦ **अवसर:** यह आयोजन महान साहित्यकार **बंकिम चंद्र चटर्जी** की जयंती (27 जून) के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।
- ❒ देश के चयनित जिलों में **कुल 20 शिविर** आयोजित किए जाएंगे।
- ❒ प्रत्येक शिविर में 15 से 29 वर्ष की आयु के 150 युवा प्रतिभागी शामिल होंगे।
- ❒ **प्रतिनिधित्व:**
  - ♦ प्रत्येक शिविर में 6 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।
  - ♦ **पूर्वोत्तर राज्यों** का प्रतिनिधित्व अनिवार्य।
  - ♦ महिलाओं तथा सामाजिक रूप से वंचित वर्गों की कम से कम 50% भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### मादक पदार्थ नियंत्रण पर विजन डॉक्यूमेंट (2026–2029)

- नार्को-को ऑर्डिनेशन सेंटर (NCORD) की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक में **केन्द्रीय गृह मंत्री** द्वारा विमोचन ।
- **4 प्रमुख स्तंभ:** नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोडमैप को चार स्तंभों में बांटा गया है:
  1. **प्रवर्तन, खुफिया और संचालन**
  2. **प्रीकर्सर और सिंथेटिक ड्रग नियंत्रण**
  3. **मांग एवं हानि न्यूनीकरण**
  4. **क्षमता निर्माण, समन्वय और निगरानी**
- बैठक में **'ऑनलाइन ड्रग्स डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन'** की शुरुआत: जिसके तहत 6,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 2,09,500 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट करने का लक्ष्य रखा गया है।

### 'ईजी कनेक्ट' उड़ान

- भारत सरकार के नए हब-एंड-स्पोक विमानन मॉडल के तहत **भारत की पहली** 'ईजी कनेक्ट' उड़ान शुरू की हैं
- **शुरुआत:** 25 जून 2026 को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने ।
- **स्थान:** लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा,वाराणसी (उत्तर प्रदेश)।
- **उद्देश्य:** भारत को एक वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित करना ।
  - टियर 2 और टियर 3 शहरों में यात्रियों को निर्बाध अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी प्रदान करना।
- हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत, अंतरराष्ट्रीय यात्री **चेक-इन, आव्रजन और सीमा शुल्क** औपचारिकताओं को स्पोक हवाई अड्डे पर ही पूरा करते हैं।

### पीएम फैमिली केयर ट्रैकर (PM-FCT) पहल

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के **गांधीनगर में PM-FCT के पायलट प्रोजेक्ट** का शुभारंभ किया।
- **उद्देश्य:** एकीकृत निगरानी प्रणाली के माध्यम से जरूरतमंदों तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और निर्बाध रूप से पहुँचाना ।
- इसके तहत **जन्म-मृत्यु पंजीकरण** के डेटाबेस को एकीकृत करके हर बच्चे को एक **'विशिष्ट पहचान आईडी'** प्रदान की जाएगी।
- यह प्लेटफॉर्म बच्चों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाओं को डिजिटल रूप से ट्रैक करेगा।

# नियुक्तियाँ

### सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्तियाँ

- **नियुक्ति:** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124(2) के तहत भारत की राष्ट्रपति द्वारा।
- वर्तमान में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत अधिकतम संख्या 38 (1 मुख्य न्यायाधीश + 37 अन्य न्यायाधीश) है।
- नियुक्त किए गए 5 नए न्यायाधीश:
  1. **न्यायमूर्ति शील नागू** (मुख्य न्यायाधीश, पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय)
  2. **न्यायमूर्ति चंद्रशेखर** (मुख्य न्यायाधीश, बॉम्बे उच्च न्यायालय)
  3. **न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा** (मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय)
  4. **न्यायमूर्ति अरुण पल्ली** (मुख्य न्यायाधीश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय)
  5. **वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना:** देश की **दूसरी महिला** जिन्हें सीधे **अधिवक्ता** से सर्वोच्च न्यायालय में जज के तौर पर नियुक्त किया गया है।
     - इससे पहले साल 2018 में जस्टिस इंदु मल्होत्रा को वकील से सीधे सुप्रीम कोर्ट जज बनाया गया था।

### सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कार्यकाल विस्तार

- मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने वरिष्ठ अधिवक्ता तुषार मेहता का कार्यकाल 1 जुलाई 2026 से 30 जून 2029 तक (तीन वर्ष का विस्तार) के लिए बढ़ा दिया है।
- यह उनकी लगातार $3^{rd}$ नियुक्ति है, जो सी.के. दफ्तरी (13 वर्ष) के बाद **दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल** होगा।
- $1^{st}$ भारत के सॉलिसिटर जनरल (SGI): सी.के. दफ्तारी (28 जनवरी, 1950 से)

### मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार

- कांग्रेस नेता और कर्नाटक के पूर्व उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 3 जून 2026 को कर्नाटक के **25वें मुख्यमंत्री** के रूप में शपथ ली।
- शिवकुमार ने **सिद्धारमैया** की जगह ली है। उन्होंने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दिया था।
- **जी परमेश्वर:** कर्नाटक के नए डिप्टी CM बने।
- कर्नाटक के राज्यपाल: **थावरचंद गहलोत**

### लोखंडे प्रशांत सीताराम

- **नियुक्त :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) का अध्यक्ष ।
- वरूण भारद्वाज: CBSE में सचिव के रूप में नियुक्त।

### न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय

- **नियुक्त :** पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश।

### डॉ. इवान हुतिन

- भारत में **विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)** के **प्रतिनिधि** नियुक्त।

### जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि

- देश का **3rd चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS)** नियुक्त।
- वे भारत सरकार के सैन्य मामलों के विभाग (DMA) के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे।
- **31 मई, 2026** को कार्यभार ग्रहण किया है।

### लेफ्टिनेंट-जनरल राजीव घई

- भारतीय सेना के उप-प्रमुख को **'राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् सचिवालय' (NSCS)** का नए सैन्य सलाहकार नियुक्ति ।
- NSCS सीधे **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA)** के अधीन कार्य करता है।

### आईपीएस महेश दीक्षित

- इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) का निदेशक नियुक्त।
- **कार्यकाल:** 2 वर्ष ।

### रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह

- 31 मई 2026 से रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन **(DRDO)** के अध्यक्ष का **अतिरिक्त प्रभार** दिया गया
- पूर्व अध्यक्ष: डॉ. समीर वी. कामत

### लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ

- 30 जून, 2026 से **सेना प्रमुख (31वें)** नियुक्त किया गया।

### डॉ. सैबल चट्टोपाध्याय

- **राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (NSC)** के अध्यक्ष नियुक्त।
- गैर-सांविधिक निकाय NSC की स्थापना **वर्ष 2005** में की गई थी।

### अर्थशास्त्री प्रोफेसर अलख एन. शर्मा

- **श्रम सांख्यिकी** पर बनी उच्चस्तरीय समिति के **अध्यक्ष** नियुक्त किए गए
- प्रोफेसर शर्मा वर्तमान में **मानव विकास संस्थान** के **निदेशक** हैं।
- समिति भारत में रोजगार और बदलते श्रम बाजार का अध्ययन करेगी।

### 'कृषि जैव विविधता विशेषज्ञ समिति' के पुनर्गठन

- **पुनर्गठन:** राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (NBA) ने जैविक विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 13(1) के तहत
- **कार्यकाल :** 1 वर्ष।
- **उद्देश्य :** कृषि जैव विविधता के संरक्षण, सतत् उपयोग और पहुँच एवं लाभ-साझाकरण (ABS) पर मार्गदर्शन प्रदान करना।
- **अध्यक्ष:** प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक और हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित **डॉ. पी.एल. गौतम।**
- यह समिति वर्ष 2005 से NBA की एक महत्वपूर्ण सलाहकार संस्था रही है।

## चर्चित-व्यक्तित्व

### नरेन्द्र मोदी: निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सेवा का रिकॉर्ड (4,399 दिन)

- 10 जून को देश के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले **'निर्वाचित'** प्रधानमंत्री बने।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विशेष प्रस्ताव पारित कर 10 जून, 2026 को भारतीय लोकतंत्र की यात्रा का एक ऐतिहासिक क्षण घोषित किया है।
- **प्रथम बार प्रधानमंत्री पद की शपथ:** 26 मई 2014 को ।
- निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिनों की निरंतर सेवा का रिकॉर्ड बनाकर **जवाहरलाल नेहरू** के पिछले **रिकॉर्ड (1952 से 1964 तक 4,398 दिन)** को पीछे छोड़ दिया है ।
- पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पहली बार 13 मई 1952 को निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी और 27 मई 1964 तक पद पर रहे ।
- ऐतिहासिक उपलब्धि **राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA)** सरकार के उनके नेतृत्व में 12 वर्ष पूरे होने के साथ ही अर्जित हुई है।
- इंदिरा गाँधी ने 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक लगातार प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया था और उनका ये कार्यकाल 4,077 दिनों का था।

### राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन

- अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य, पशु पालन तथा डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने केन्द्रीय मंत्री परिषद् से इस्तीफा दे दिया है।
- बतौर राज्यसभा सांसद 21 जून को ही उनका कार्यकाल खत्म हुआ था।

### जस्टिस प्रतिभा एम सिंह

- दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस प्रतिभा एम सिंह को **'इंटरनेशनल आईपी हॉल ऑफ फेम'** में शामिल किया गया है।
  - ♦ वह इसमें शामिल होने वाली पहली भारतीय जज बनी है।
- उन्हें भारत में विश्व में बौद्धिक संपदा कानून में अग्रणी योगदान के लिए कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में सम्मानित किया गया है।

### जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा

- सुप्रीम कोर्ट **कॉलेजियम के नए सदस्य** बने हैं। वे जस्टिस जे.के. माहेश्वरी की सेवानिवृत्ति के बाद शामिल हुए हैं।
- **वर्तमान में कॉलेजियम में शामिल जज:** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत , न्यायाधीश विक्रम नाथ , न्यायाधीश बीवी नागरत्ना , न्यायाधीश एमएम सुंदरेश , न्यायाधीश पीएस नरसिम्हा

### विनीता सोरेन( झारखंड)

- दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली देश की पहली आदिवासी महिला
- इस अभियान को 'टाटा स्टील' द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) कार्यक्रम के तहत सहायता प्रदान की गई।

## निधन

### डॉ. सुभाष सी. कश्यप

- **लोकसभा के पूर्व महासचिव :** 7वीं, 8वीं और 9वीं लोकसभा (1984 से 1990 तक) के महासचिव रहे।
- 2015 में **पद्म भूषण** से सम्मानित ।
- डॉ. कश्यप जिनेवा में **इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन (IPU)** डॉक्युमेंट्स को नेतृत्व करने वाले **पहले भारतीय** थे।
- 2023-24 में डॉ. कश्यप पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली **वन नेशन, वन इलेक्शन कमेटी** के सदस्य थे।

### मलयालम अभिनेता सलीम कुमार

- उन्हें फिल्म **'अदामिन्ते मकान अबू'** में अभिनय के लिए 2010 में सर्वोत्तम अभिनेता का **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** और केरल राज्य फिल्म पुरस्कार मिला।

### लोकप्रिय गायिका सुमन कल्याणपुर

- **पुरस्कार:** लता मंगेशकर पुरस्कार (2009 में महाराष्ट्र सरकार ने), **पद्म भूषण (2023 में)।**

### प्रसिद्ध कवि और साहित्यकार बशीर बद्र

- डॉ. बशीर बद्र का मध्य प्रदेश के भोपाल में 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- **प्रमुख पुरस्कार: 'पद्म श्री'** (1999 में),**उर्दू साहित्य अकादमी पुरस्कार** (1999 में, काव्य संग्रह 'आस' के लिए)।

### तिरु भरतिराजा

- लोकप्रिय फिल्म निर्माता, अभिनेता और निर्देशक।
- उन्हें 6 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 4 फिल्मफेयर और 6 तमिलनाडु फिल्म पुरस्कार मिले।

### पहलाज निहलानी

- केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के अध्यक्ष (2015-17 तक) रहे।

### धनेंद्र कुमार

- धनेंद्र 2009 में **भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI)** के **पहले चेयरमैन** बने।
- धनेंद्र ने CCI में कॉम्पिटिशन रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाया।

## चर्चित-स्थान

### सिक्किम

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिक्किम को **'पूर्ण साक्षर राज्य'** घोषित किया।
- यह घोषणा शिक्षा मंत्रालय की **समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ** (उल्लास) पहल के अंतर्गत की गई है।
- **उद्देश्य :** 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए वयस्क शिक्षा, कार्यात्मक साक्षरता और आजीवन शिक्षा को बढ़ावा देना है, साथ ही निरंतर सीखने और कौशल विकास को प्रोत्साहित करना है।
- उत्तराखंड के राज्य कैबिनेट ने केंद्र सरकार के संशोधित मानकों के अनुरूप **उत्तराखंड** को **'पूर्ण साक्षर राज्य'** घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।
- **उल्लास:** मार्च 2026 (करेंट अफेयर्स पेज नं.-27)

### जोन्नागिरि (आंध्र प्रदेश)

- हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कुरनूल जिले के 'जोन्नागिरि' में व्यावसायिक स्तर पर **सोने के खनन** और **प्रसंस्करण परियोजना** का उद्घाटन किया है।
- यह देश में **निजी क्षेत्र** का **सबसे बड़ा स्वर्ण खनन उद्यम** है।
- **स्थापना: 'जियो मैसूर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड'** और **'डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड'** आदि द्वारा।
- ऐतिहासिक नाम: **'सुवर्णगिरि'** (सोने का पहाड़)। यह मौर्य सम्राट अशोक की **चार प्रांतीय** राजधानियों में से एक थी।

## पोर्टल

### 'कॉमन लैंडिंग पोर्टल'

- इसको www. unclaimedassetsportal.in के रूप में लॉन्च किया गया है।
- **नोडल एजेंसी:** वित्तीय सेवा विभाग (DFS), वित्त मंत्रालय।
- **सहयोगी संस्था:** पब्लिक सेक्टर बैंक अलायंस (PSBA) ।
- **उद्देश्य:** बैंक जमा, बीमा दावों, शेयरों, लाभांश और म्यूचुअल फंड से संबंधित बिना दावे वाली संपत्तियों की जानकारी एकीकृत मंच पर उपलब्ध कराना।

### NAFEX-in पोर्टल और NAFED की नई पहलें

- हाल ही में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में **नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NAFED)** की चार प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया।
- **NAFEX-in:** यह कृषि उत्पादों की **पारदर्शी नीलामी और व्यापार** के लिए एक **ई-ऑक्शन पोर्टल** है।
- **दृष्टि (DRISHTI) पोर्टल : दलहन एवं तिलहन** के कार्यप्रणाली पर निगरानी और बेहतर प्रबंधन के लिए।
- **'NAFED-KALYAN छात्रवृत्ति' योजना:** इस पहल के तहत NAFED अपने मुनाफे का **1% हिस्सा** किसान परिवारों के बच्चों की उच्च शिक्षा और करियर विकास के लिए छात्रवृत्ति (Scholarship) के रूप में प्रदान करेगा।
- **NAFED स्थापना:** 2 अक्टूबर 1958 में (बहुराज्यीय सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत)

### 'एयर सुविधा 2.0' पोर्टल

- **लॉन्च:** नागर विमानन मंत्रालय ने दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (DIAL) के साथ मिलकर ।

- यह पूर्णत: कॉन्टैक्टलेस और उन्नत यात्री स्वास्थ्य स्वयं घोषणा पोर्टल है।
- **उद्देश्य:** अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी को और मजबूत बनाना है।
- **विकास:** स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (DGHS), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग
- पोर्टल के माध्यम से इबोला प्रभावित देशों से भारत आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को एक अनिवार्य फॉर्म भरना होगा।
- इस फॉर्म में यात्रियों को पिछले 21 दिनों की यात्रा का विवरण, संभावित संपर्क या एक्सपोजर की जानकारी देनी होगी।

### 'पवन टरबाइन आपूर्ति शृंखला प्रबंधन पोर्टल'

- पवन ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से देश का पहला समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है।
- **विकास:** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और भारतीय पवन टरबाइन निर्माता संघ द्वारा संयुक्त रूप से ।

### मेरा युवा भारत (MY Bharat) प्लेटफॉर्म

- युवा कार्यक्रम विभाग (DoYA) के फ्लैगशिप प्लेटफॉर्म 'MY Bharat' ने एक सप्ताह के भीतर आयोजित **ऑनलाइन क्विज में सर्वाधिक प्रतिभागियों** (3.90 लाख से अधिक) की भागीदारी सुनिश्चित कर **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स** में अपना नाम दर्ज कराया है।
- **मेरा युवा भारत प्लेटफॉर्म :** भारत सरकार द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को शुरू किया गया।
  - तकनीकी-संचालित 'फिजिटल प्लेटफॉर्म' (भौतिक+डिजिटल)है।
  - इसमें शारीरिक गतिविधियों के साथ-साथ डिजिटल रूप से जुड़ने का अवसर भी शामिल है।

### ग्रीन हाइड्रोजन प्रमाणन पोर्टल (GHCI)

- **शुभारंभ:** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा (MNRE) मंत्री द्वारा।
- यह पोर्टल भारत की **ग्रीन हाइड्रोजन प्रमाणन योजना** के अंतर्गत **पारदर्शी प्रमाणन** तथा **नियामकीय आवश्यकताओं** के अनुपालन को सुगम बनाएगा।

# पर्यावरण

### स्काईकास्ट (Skycast)

- **उद्देश्य:** हवाई अड्डे पर मौसम की निगरानी और कोहरे के पूर्वानुमान को मजबूत करना तथा खतरनाक मौसम स्थितियों का रियल-टाइम पता लगाना।
- **उद्घाटन:** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने।
- **उद्घाटन स्थल: इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय (IGI) हवाई अड्डा,** नई दिल्ली।
- **विकास और स्थापना: 'मिशन मौसम'** के अंतर्गत।
- **कार्यक्षेत्र :** यह प्रणाली लगभग **3 किलोमीटर** की ऊँचाई तक वायुमंडलीय स्थितियों की निरंतर निगरानी करने में सक्षम है।
- भारत की **पहली एकीकृत अगली पीढ़ी** की **विमानन मौसम और कोहरे की निगरानी प्रणाली** है।
- इसमें अत्याधुनिक वायुमंडलीय **रिमोट सेंसिंग प्रौद्योगिकियाँ जैसे-रडार विंड प्रोफाइलर, माइक्रोवेव रेडियोमीटर** और **फॉग एरोसोल स्पेक्ट्रोमीटर एकीकृत** हैं।
- भारत विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व क्षमता हासिल करने वाला **विश्व का 19वाँ देश** बन गया है।

### फ्लेक्स फ्यूल- फ्लेक्स फ्यूल व्हीकल्स (FFV)

- **लॉन्च:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर **नई दिल्ली** में इंडियन ऑयल के एक **रिटेल आउटलेट** पर **E-85 फ्यूल लॉन्च** किया।
  - 4 जून को नई दिल्ली में मारुति सुजुकी के पहला **फ्लेक्स-फ्यूल यात्री वाहन।**
  - 3 जून को हीरो मोटोकॉर्प के **पहली फ्लेक्स-फ्यूल मोटरसाइकिल** ।
- फ्लेक्स फ्यूल का उपयोग विशेष रूप से डिजाइन किए गए फ्लेक्स-फ्यूल वाहन में किया जाता है।
- **फ्लेक्स-फ्यूल वाहन:** ये वाहन पेट्रोल और एथेनॉल के विभिन्न मिश्रणों पर चल सकते हैं। ये 20 प्रतिशत एथेनॉल से लेकर 100 प्रतिशत एथेनॉल तक के ईंधन का उपयोग कर सकते हैं।

- **E85**
  - E85 **उच्च-एथेनॉल** वाला एक मिक्स्ड फ्यूल है जिसमें 80-85 प्रतिशत इथेनॉल और 14-19 प्रतिशत पेट्रोल होता है।
  - प्रारम्भ में देश भर में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के 48 रिटेल आउटलेट (RO) पर उपलब्ध होगा ।

### जयप्रकाश नारायण पक्षी विहार (सुरहा ताल)

- भारत का **100वाँ रामसर** स्थल घोषित।
- **घोषणा :** 5 जून 2026 को (विश्व पर्यावरण दिवस)।
- **स्थिति:** बलिया, लखनऊ ( उत्तर प्रदेश)
- वर्ष 1991 में बांसडीह के 45 गाँवों की भूमि को मिलाकर **'सुरहा ताल'** के रूप में निर्मित ।
- **2002** में इसका नाम बदलकर 'जय प्रकाश नारायण पक्षी अभयारण्य' कर दिया गया।
- एक प्राकृतिक **बारहमासी ऑक्सबो झील** (गोखुर झील) है।
- यह **गंगा और घाघरा नदी** के प्रभाव क्षेत्र में स्थित है।
- यह शीत ऋतु में साइबेरिया और मध्य एशिया से आने वाले हजारों प्रवासी पक्षियों का आश्रय स्थल है।
- उत्तर प्रदेश में कुल 13 रामसर स्थल हो गए हैं। (सर्वाधिक : तमिलनाडु- 20)

### 'क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र' (RMC) का उद्घाटन

- **उद्घाटन:** पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने **जम्मू** में ।
- यह जम्मू-कश्मीर, लद्दाख तथा हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष रूप से तैयार की गई मौसम सेवाएँ, आपदा चेतावनी और जलवायु सहायता प्रदान करेगा।
- **उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड** की मौसम सेवाओं के प्रबंधन के लिए **लखनऊ** में भी इसी प्रकार का एक केंद्र स्थापित किया गया ।
- **अन्य 6 RMCs:** नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, नागपुर और गुवाहाटी में स्थित ।

### दिल्ली बर्ड्स एटलस

- यह एटलस 'दिल्ली वन विभाग और बर्ड्स काउंट इंडिया' ने मिलकर तैयार किया है।
- इसके अनुसार पक्षियों की विविधता के मामले में नई दिल्ली दुनिया की **दूसरी** सबसे **समृद्ध राजधानी** बन गई है। राजधानी में 471 पक्षी प्रजातियां पाई जाती है।
- दिल्ली से आगे **केन्या** की राजधानी **नैरोबी** है।

### किशाऊ बहुउद्देशीय बाँध परियोजना

- **सहभागी राज्य:** उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और **राजस्थान** इस परियोजना को लागू करने हेतु समझौता ज्ञापन पर सहमत हुए हैं।
- इसे भारत सरकार द्वारा **'राष्ट्रीय परियोजना'** घोषित किया जा चुका है
- **वित्तीय ढाँचा:** जल घटक की लागत का **90% केंद्र सरकार : 10% सहभागी राज्यों** द्वारा वहन।
- **विशेष प्रावधान:** हिमाचल प्रदेश के विद्युत घटक की लागत साझा करने के एवज में उसके हिस्से का पानी **दिल्ली और राजस्थान** को दिया जाएगा।
- **नदी:** 'टोंस नदी' (यमुना की मुख्य सहायक नदी)
- **अवस्थिति:** उत्तराखंड (देहरादून) और हिमाचल प्रदेश (सिरमौर) की सीमा पर स्थित है।
- **क्षमता:** परियोजना से लगभग **660 मेगावाट** (MW) जल-विद्युत उत्पन्न होगी।

## समझौता

### राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा सोसायटी (NESTS) ने कोग्रेड (सुपरविजन एजुकेयर प्राइवेट लिमिटेड) के साथ समझौता ज्ञापन

- **उद्देश्य:** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) में AI -सक्षम शैक्षणिक सहायता को मजबूत करना।
- कोग्रेड अपने शिक्षकों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म **'मेधा AI'** के अनुकूलित संस्करण तक दो वर्षों की अवधि के लिए निःशुल्क पहुँच प्रदान करेगा।

### राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा सोसायटी (NESTS) ने लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन (LLF) के साथ समझौता ज्ञापन

- **उद्देश्य :** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRSs) के **कक्षा VI से IX** तक के छात्रों के लिए **अमेजन फ्यूचर इंजीनियर (AFE) कार्यक्रम** को लागू करना।

- AFE कार्यक्रम में **तीन प्रमुख** घटक शामिल होंगे: **कंप्यूटर विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत, AI साक्षरता, करियर एक्सपोजर।**

### पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (NeVA) के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन

- पश्चिम बंगाल विधानसभा NeVA पहल से जुड़ने वाली देश की **33वीं विधानसभा** बन गई है।
- पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष : रथिंद्र बोस।
- **राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA)**
  - मंत्रालय: संसदीय कार्य मंत्रालय
  - यह एक केंद्र **प्रायोजित** योजना है।
  - उद्देश्य: देश के सभी 37 राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों की विधान सभाओं की कार्यप्रणाली को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पेपरलेस बनाना।
  - **तकनीकी आधार:** NIC क्लाउड 'मेघराज' पर होस्ट किया गया है।
- वर्तमान में **21 विधानसभाएँ** नेवा प्लेटफॉर्म लागू किया जा चुका हैं।

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) और राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (NCAER) के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU)

- **उद्देश्य:** सड़क परिवहन क्षेत्र में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को मजबूत करने और उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान को बढ़ावा देना।
- इस समझौता के माध्यम से NCAER में **'NHAI सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स ऑफ ट्रांसपोर्टेशन, मोबिलिटी एंड लॉजिस्टिक्स'** नामक एक केंद्र स्थापित किया जाएगा।
  - यह संस्थान परिवहन और लॉजिस्टिक्स के आर्थिक विश्लेषण के लिए समर्पित **देश का प्रथम** स्वतंत्र तथा स्थायी अनुसंधान केंद्र होगा।

### भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM), पुणे और आर्यभट्ट अवलोकन विज्ञान अनुसंधान संस्थान (ARIES), नैनीताल के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU)

- ARIES के **देवस्थल केंद्र (उत्तराखंड)** में **भारत क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन नेटवर्क (BCON)** के हिस्से के रूप में एक **क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन स्टेशन** स्थापित किया जाएगा।
- उद्देश्य: मौसम संबंधी आँकड़ों, ग्रीनहाउस गैसों, शॉर्ट-लिव्ड क्लाइमेट फोर्सर्स, और मिट्टी की नमी सहित विभिन्न जलवायु मानकों की दीर्घकालिक निगरानी करना।
- **भारत क्लाइमेट ऑब्जर्वेशन नेटवर्क (BCON)**
  - यह **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES)** के अंतर्गत IITM द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है।
  - **उद्देश्य:** देशभर में उच्च सटीकता वाले **दीर्घकालिक जलवायु निगरानी नेटवर्क** का निर्माण करना।

### सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT) और IIT हैदराबाद के बीच समझौता (MoU)

- **उद्देश्य:** उन्नत संचार क्षेत्रों में स्वदेशी अनुसंधान, नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना।
- **IIT हैदराबाद** में एक **उत्कृष्टता केंद्र स्थापित** किया जाएगा।
- यह सी-डॉट द्वारा देश में स्थापित किया जाने वाला **चौथा उत्कृष्टता केंद्र** है। (स्थापित **CoE- IIT कानपुर, IIT गांधीनगर और IIT रुड़की** में)।

### 'भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड' (BBMB) ने IIT रुड़की के साथ समझौता ज्ञापन

- **उद्देश्य:** सतलुज नदी पर स्थित भाखड़ा बाँध की मुख्य कंक्रीट दीवार पर जल के अत्यधिक दबाव के कारण भारी 'हाइड्रोलिक स्ट्रेस' उत्पन्न के कारण बाँध की सुरक्षा की गहन जाँच सुनिश्चित करना।

### भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) और फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (FDDI) के साथ समझौता ज्ञापन

- **उद्देश्य :** आगरा, बहादुरगढ़, रानीपेट, चेन्नई, कालीकट और कानपुर सहित प्रमुख फुटवियर क्लस्टरों (समूहों) में क्षमता निर्माण, प्रमाणन, परीक्षण के बुनियादी ढाँचे के विकास और गुणवत्ता तंत्र को मजबूत करने के लिए एक व्यवस्थित ढाँचा तैयार करना।

**गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) और कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के मध्य समझौता**

- **उद्देश्य :** सरकारी खरीद की प्रक्रियाओं को सुगम बनाना तथा ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में बाजार तक पहुँच सुनिश्चित करना।
- इस साझेदारी के तहत **CSC नेटवर्क** के सहयोग से पायलट चरण में **50 GeM सुविधा केंद्र (GSK)** विकसित किए जाएंगे।

# राष्ट्रीय सम्मेलन

**ईसीआई काउंसलर्स का द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन**

- **आयोजन:** 31 मई 2026, III DEM, दिल्ली
- **आयोजक:** भारत निर्वाचन आयोग (ECI)
- **थीम:** 'कानूनी चुनौतियों, अनुभवों, सीख और आगे के रास्तें का एक साल'

- इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (IIIDEM)
- IIIDEM ने जून 2026 में अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया और 16-17 जून, 2026 को नई दिल्ली में क्षमता निर्माण और रणनीतिक रोडमैप (Capacity Building and Strategic Roadmap) पर एक दिवसीय दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया।

**'BIOPSF 2026' (बायोपीएसएफ 2026)**

- **आयोजन:** 1 जून, राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर (NASC) नई दिल्ली
- **आयोजक:** रसायन और उर्वरक मंत्रालय के रसायन और पेट्रोकेमिकल विभाग के तहत 'इंस्टीट्यूट ऑफ पेस्टिसाइड फॉर्मूलेशन टेक्नोलॉजी' (IPFT), गुरुग्राम
- **शीर्षक** - "BIOPSF 2026: अगली पीढ़ी बायो-इनपुट्स - बायो-आधारित कीटनाशक, शक्ति वर्धक (स्टिमुलेंट्स) और उर्वरक'
- **थीम:** 'फसल सुरक्षा, पोषण और मृदा स्वास्थ्य के लिए स्मार्ट और दीर्घकालिक कार्यनीतियाँ',
- बायोपीएसएफ 2026 एब्स्ट्रैक्ट बुक का विमोचन किया और हिंदी प्रकाशन कृषि रसायन दिग्दर्शिका का अनावरण किया। उद्घाटन सत्र के दौरान एस्ट्रा (ASTRA) दिल्ली-एनसीआर चैप्टर का भी शुभारंभ किया गया।

- ASTRA का मतलब है 'एसोसिएशन ऑफ टॉक्सिकोलॉजिस्ट्स एंड रिस्क असेसर्स' (विष-विशेषज्ञों और जोखिम मूल्यांकनकर्ताओं का संघ)।
- BASAI -बायोलॉजिकल एग्री सॉल्यूशंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया
- माइक्रोबियल बायो-इनपुट ऐसे कृषि उत्पाद हैं जिनमें जीवित या सुप्त सूक्ष्मजीव (जैसे बैक्टीरिया, कवक और शैवाल) होते हैं; इन्हें बीजों, पौधों की सतहों या मिट्टी पर इस्तेमाल किया जाता है।

**ITDA और ITDP (एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसियां एवं परियोजनाएँ) को मजबूत करने पर राष्ट्रीय सम्मेलन**

- **आयोजन:** नई दिल्ली, 3 जून 2026
- **आयोजक:** जनजातीय कार्य मंत्रालय (MoTA)
- यह आयोजन 'जनजातीय गरिमा उत्सव' (10 मई-09 जून) के तहत किया गया था।
- राष्ट्रपति ने वर्चुअल तरीके से इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु के सेंटर फॉर नैनो साइंस एंड इंजीनियरिंग में 'ट्रेनिंग फैब' और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 75 'स्पेस लैब्स' का भी उद्घाटन किया।

**ECI का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**

- **थीम:** चुनावी प्रक्रियाओं और अभियानों में मीडिया के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रणालियाँ और नवाचार
- **आयोजन:** 3-4 जून, 2026, IIIDEM नई दिल्ली
- **आयोजक:** भारत निर्वाचन आयोग (ECI), IIIDEM (इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट) और दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (DTU) के सहयोग से; यह आयोजन 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस' (International IDEA) की भारत की 2026 की अध्यक्षता के तहत किया गया।

### 13वीं नॉर्थ-ईस्टर्न स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (NESAC) सोसाइटी की बैठक

- **आयोजन:** 4 जून 2026, शिलांग, मेघालय
- **आयोजक:** NESAC, जो भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस (DoS) और नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल (NEC) की संयुक्त पहल के तहत काम करता है।

### STPI तकनीकी शिखर सम्मेलन 2026

- **आयोजन:** 5 जून, नई दिल्ली
- **आयोजक:** सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के तहत एक प्रमुख S&T संगठन है।
- **विषय :** एसटीपीआई टेक समिट 2026: इंडियाज नेक्स्ट लीप
- 'सयुज' (Sayuj) ऐप का लॉन्च: यह AI-सक्षम मोबाइल ऐप है, जिसे स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स, इनक्यूबेटर्स, मेंटर्स और इकोसिस्टम से जुड़े लोगों के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के तौर पर डिजाइन किया गया है।

### सीफूड एक्सपोर्ट पर नेशनल वर्कशॉप

- **आयोजन:** विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश
- **आयोजक:** डिपार्टमेंट ऑफ फिशरीज, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से
- **दशकीय वृद्धि:** पिछले 10 वर्षों में, भारत के मत्स्य उत्पादन और निर्यात में दोगुने से अधिक की वृद्धि हुई है।

### द्वितीय कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (CPA) इंडिया रीजन जोन II नॉर्थ जोन कॉन्फ्रेंस

- **आयोजन: 08-09 जून, 2026, चंडीगढ़, हरियाणा**
- **थीम:** 'भविष्य की चुनौतियों और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में जागरूक समाज और विधि निर्माताओं की भूमिका'
- **उद्घाटनकर्त्ता :** लोकसभा (भारत की संसद) के अध्यक्ष

- CPA इंडिया क्षेत्र में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 32 विधायिकाएँ शामिल हैं, जिन्हें 9 जोन में बांटा गया है।
- नोट: जोन VI: छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, **राजस्थान**

### रक्षा अलंकरण समारोह 2026 (प्रथम चरण) - नई दिल्ली।

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने रक्षा बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (MHA) और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की पुलिस फोर्स के कर्मियों को कुल 51 वीरता पुरस्कार प्रदान किए। कीर्ति चक्र: 7 पुरस्कार (2 मरणोपरांत सहित), वीर चक्र: 15 पुरस्कार (3 मरणोपरांत सहित), शौर्य चक्र: 29 पुरस्कार (1 मरणोपरांत सहित)।
- **राजस्थान** - ग्रुप कैप्टन अनिमेष पटनी को ष्वीर चक्रष से सम्मानित किया गया (बारां जिला)।

### क्षेत्रीय उच्च-स्तरीय नीति संवाद /सैपलिंग संवाद 2026

- **आयोजन:** अहमदाबाद, 9 और 10 जून।
- **आयोजक:** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI) और विश्व बैंक समूह के नेतृत्व वाली SAPLING पहल (बेहतर पोषण और विकास के लिए दक्षिण एशियाई नीति नेतृत्व)।
- **थीम:** 'अन्लॉकिंग वैल्यू: दक्षिण एशिया में रोजगार सृजन और सतत विकास के लिए खाद्य प्रसंस्करण को आगे बढ़ाना'।
- **रिपोर्ट:** 'भारत में खाद्य प्रसंस्करण के स्तर का आकलन'
- गुजरात सरकार के कृषि मंत्री जीतूभाई वाघानी ने कृषि और औद्योगिक अंतर को कम करने के लिए **गुजरात** में **राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान** के परिसर की वकालत की।

### भारतीय भेषज संहिता (आईपी) 2026: वैज्ञानिक सम्मेलन

- **आयोजन:** 10 जून, हरिद्वार, उत्तराखंड
- **शीर्षक:** "फार्माकोपिया मानकों और गुणवत्ता अनुपालन के माध्यम से फार्मास्युटिकल विनिर्माण को सुदृढ़ बनाना"
- **आयोजक:** इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (IPC) (एक स्वायत्त संस्था), एसोसिएशन ऑफ देवभूमि फार्मा इंडस्ट्रीज (ADPI) और उत्तराखंड के संबद्ध फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सहयोग से।

### द्वितीय फार्मा समिट 2026

- **आयोजन:** 11 जून 2026, दिल्ली
- **आयोजक:** ASSOCHAM (एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया)

## रिसर्च, इंडस्ट्री, स्टार्ट-अप और एंटरप्रेन्योरशिप (RISE) कॉन्क्लेव 2026

- **आयोजन:** 13-14 जून 2026, बेंगलुरु
- **आयोजक:** काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (CSIR)
- **थीम:** 'विकसित भारत 2047 के लिए इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप से प्रेरित विकास'

## विश्व वायु दिवस 2026 कॉन्फ्रेंस

- **आयोजन:** 15 जून 2026, गोवा
- **आयोजक:** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
- **थीम:** 'विंड एनर्जी: एम्बिशन टू एक्सेलरेशन'।
- **WT-MARUT:** केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सम्मेलन के दौरान '**विंड टरबाइन सप्लाई चेन मैनेजमेंट**' (WT-MARUT) पोर्टल लॉन्च किया।
    - **विकास:** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से।
    - देश का प्रथम समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य पवन ऊर्जा आपूर्ति शृंखला को सुव्यवस्थित करना है।

- **भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य:** विंड पावर क्षमता के मामले में भारत दुनिया में चौथे स्थान पर है।
- **मार्च 2026 में स्थापित विंड क्षमता:** 56.09 GW,
- **लक्ष्य:** 2030 तक 100 GW और 2035 तक 155 GW, ताकि 2070 तक 500 GW नॉन-फॉसिल क्षमता और नेट-जीरो उत्सर्जन के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल किया जा सके।
- **150 मीटर की ऊंचाई पर विंड क्षमता:** राजस्थान: 284.2 GW; गुजरात: 180.8 GW; महाराष्ट्र: 173.9 GW

## भारत बिल्डकॉन 2026

- **कार्यक्रम:** 18-21 जून 2026 तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में किया गया।
- **आयोजक:** CAPEXIL (वाणिज्य मंत्रालय के तहत् निर्यात संवर्धन परिषद्) एवं Creatofox Events Pvt. Ltd.
- **थीम:** 'वन नेशन वन एक्सपो'

## 'प्रोजेक्ट सुपर 50'

- **कार्यक्रम:** यह नई दिल्ली में NCSC मुख्यालय में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा मार्गदर्शन कार्यक्रम है।
- **आयोजक:** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC)
- **थीम:** मार्गदर्शन, सलाह देना और सशक्तिकरण।
- NCSC सदस्य डॉ. पार्थ बिस्वास ने युवाओं से डॉ. अंबेडकर के प्रेरणादायक नारे को अपनाने का आह्वान किया: **'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो'।**

## 26वाँ अखिल भारतीय फिंगरप्रिंट सम्मेलन 2026

- **आयोजन:** 19 जून, नई दिल्ली
- **चार नए ऐप्स लॉन्च किए गए :**
    - **NCRB-अभिज्ञान:** यह एक मोबाइल एप्लिकेशन है जो ऑन-फील्ड पुलिस को सर्टिफाइड फिंगरप्रिंट स्कैनर की सहायता से किसी भी स्थान से संदिग्ध व्यक्ति के फिंगरप्रिंट को नेशनल डेटाबेस में सर्च करने की सुविधा देता है।
    - **CrPI एप्लिकेशन:** इस सिस्टम में फेस, आइरिस (Iris) एवं DNA मैचिंग का एकीकरण किया जा रहा है। इसका प्रमुख उपयोग रिपीट ऑफेंडर्स एवं CCTV-आधारित पहचान में है।
    - **ई-प्रॉसिक्यूशन 2.0:** यह प्लेटफॉर्म पुलिस, अभियोजन और न्यायिक प्रक्रिया के बीच डिजिटल समन्वय स्थापित करता है।
    - **ई-फॉरेंसिक्स 2.0:** यह देश की फोरेंसिक प्रयोगशालाओं और जांच एजेंसियों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़ता है।

## ग्लोबल स्किल्स चैलेंज 2026

- **आयोजन:** 23-29 जून, 2026 को ऑस्ट्रेलिया में
- **आयोजक:** वर्ल्डस्किल्स ऑस्ट्रेलिया
- **भारत की भागीदारी:** 30 सदस्यों का भारतीय दल, जिसमें 15 प्रतियोगी और 15 विशेषज्ञ शामिल हैं, इस अंतरराष्ट्रीय स्किल्स सिमुलेशन इवेंट में देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

- **ग्लोबल स्किल्स चौलेंज 2026 के बारे में:** यह **शंघाई, चीन** में सितंबर 2026 में होने वाली **48वीं वर्ल्डस्किल्स प्रतियोगिता** से पहले तैयारी का एक महत्वपूर्ण मंच है।

## IPC का राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन:** 24 जून, 2026 को गाजियाबाद में।
- **आयोजक:** इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (IPC), जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है।
- **विषय:** IP 2026 मानकों के जरिए रक्त और रक्त के घटकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
- **रक्त और रक्त के घटकों के लिए IP 2026 मानक:** भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसने गुणवत्ता के लिए खास नियम बनाए हैं।
- नए नियमों में रक्त के **22** अलग-अलग हिस्सों को संभालने के बारे में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## प्रथम राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन 2026

- **कार्यक्रम:** 28-29 जून 2026, ICAR-NASC कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली में।
- **आयोजक:** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
- **विषय:** "ग्रामोदय से राष्ट्रोदय"
- **उद्देश्य:** दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों (SHGs) द्वारा बनाए गए उत्पादों की ब्रांडिंग को मजबूत करना और उनके लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना।
- SARAS आजीविका गैलरी में **राजस्थान के मार्बल हैंडीक्राफ्ट** प्रदर्शित की गई।
- **गुजरात के पटोला** एवं **अजरख टेक्सटाइल** (कपड़े) और अन्य राज्यों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए जाएंगे।
- **मुख्य लॉन्च :**
  1. 'ग्रामीण आंतरिक लेखापरीक्षा पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। यह 'जोखिम-आधारित और अनुपालन लेखापरीक्षाओं सहित आंतरिक लेखापरीक्षाओं के संपूर्ण प्रबंधन के लिए अपनी तरह का पहला एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म' है।
  2. लखपति दीदी डैशबोर्ड" लॉन्च किया गया और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए " SHE LEAPS" डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया
- **पूर्ण रूप :** सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर - लाइवलीहुड्स एंड एंटरप्राइज एप्लीकेशन फॉर प्रॉस्पेरिटी एंड सस्टेनेबिलिटी।

## केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण परिषद (CCHFW) की 16वीं बैठक

- **आयोजन :** 29 जून 2026 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में।
- **संदर्भ:** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा ने एनीमिया मुक्त भारत (एएमबी) अभियान के लिए संशोधित परिचालन दिशानिर्देश जारी किए और समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (एसएसबीएसके)का शुभारंभ किया ।

## समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (SSBSK)

- ♦ **उद्देश्य:** जन्म से लेकर 36 महीने की उम्र तक के प्रत्येक बच्चे को घर और समुदाय-आधारित निरंतर देखभाल प्रदान करना, जिससे उन्हें व्यापक, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिल सके।
- ♦ **विजन (Vision):** 'पहले तीन साल सम्पूर्ण देखभाल'
- ♦ यह एक एकीकृत राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो सरकार की दो प्रमुख योजनाओं-नवजात शिशु की गृह-आधारित देखभाल **(HBNC)** और छोटे बच्चों के लिए गृह-आधारित देखभाल कार्यक्रम **(HBYC)**को आपस में जोड़ता है।

## एनीमिया मुक्त भारत अभियान

- इसे 2018 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय) द्वारा शुरू किया गया था।
- यह रणनीति पहले 6X6X6 पर आधारित थी, जिसका उद्देश्य अलग-अलग समूहों में एनीमिया के मामलों को कम करना है, जिसमें शामिल हैं: बच्चे (6-59 महीने), बच्चे (5-9 वर्ष), किशोर (10-19 वर्ष), गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं और प्रजनन आयु की महिलाएं (15-49 वर्ष)।
- **6 मुख्य उपाय :**
  1. पूरक (Supplements): सुरक्षात्मक आयरन और फॉलिक एसिड (IFA) देना।

2. कृमिमुक्ति (Deworming): नियमित रूप से पेट के कीड़े मारने की दवा देना।
3. व्यवहार (Behavior): साल भर चलने वाले व्यवहार परिवर्तन जागरूकता अभियान।
4. जांच (Testing): डिजिटल और पॉइंट-ऑफ-केयर (तुरंत नतीजे देने वाली) एनीमिया जांच।
5. फोर्टिफिकेशन (Fortification): सरकारी सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आयरन-युक्त (फोर्टिफाइड) भोजन की अनिवार्य व्यवस्था।
6. 'स्थानिक क्षेत्रों (एन्डेमिक पॉकेट्स) में एनीमिया के गैर-पोषण संबंधी कारणों के प्रति जागरूकता और उपचार, जिसमें मलेरिया, हीमोग्लोबिनेपैथी (हीमोग्लोबिन की असामान्यताएं) और फ्लोरोसिस पर विशेष ध्यान दिया गया हो।

- **6 संस्थागत तंत्र :**
  1. मंत्रालयों के भीतर समन्वय।
  2. राष्ट्रीय एनीमिया मुक्त भारत इकाई।
  3. राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र ।
  4. अन्य मंत्रालयों के साथ मिलकर काम करना।
  5. आपूर्ति श्रृंखला और प्रबंधन को मजबूत करना।
  6. एनीमिया मुक्त भारत डैशबोर्ड और डिजिटल पोर्टल।
- **नए दिशानिर्देश:**
  - **T3 से T4 दृष्टिकोण:** पहले के T3 (Test, Treat, Talk - जांच, उपचार, चर्चा) को अब बदलकर T4 (Test, Treat, Talk, Track - जांच, उपचार, चर्चा, निगरानी) कर दिया गया है।
  - **6×6×6 रणनीति अब 7×7×7 में बदली:**
    - 7वाँ लाभार्थी समूह: कम वजन के साथ पैदा होने वाले शिशु (LBW-Low Birth Weight babies) (0-6 महीने) को शामिल करना।
    - 7वाँ उपाय : 'ईट राइट' (सही खान-पान) दृष्टिकोण, जिसके तहत रोजमर्रा की आदतों में आयरन-युक्त और विविधता से भरपूर भोजन को बढ़ावा दिया जाएगा।
    - 7वाँ संस्थागत तंत्र: एक मजबूत और डिजिटल रूप से समर्थित निगरानी एवं मूल्यांकन (Monitoring and Evaluation) ढांचा।

## हीमोग्लोबिन जांच रिकॉर्ड

- **गर्भवती महिलाएं:** इनके रिकॉर्ड जननी (JANANI) पोर्टल पर उपलब्ध होंगे।
- **बच्चे:** आरबीएसके (RBSK) और यू-विन (U-WIN) पोर्टल्स
- बेहतर निगरानी, विश्लेषण और साक्ष्य-आधारित योजना बनाने के लिए इन सभी डेटा को एक एकीकृत एएमबी अभियान (AMB Abhiyaan) पोर्टल में मिलाया जाएगा।

## एमएसएमई दिवस 2026

- **आयोजन:** 27 जून 2026, डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली
- **अध्यक्षता:** भारत के उपराष्ट्रपति, श्री सी. पी. राधाकृष्णन
- **उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति:** श्री जीतन राम मांझी (केंद्रीय लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री) और सुश्री शोभा करंदलाजे (लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री)
- **प्रमुख डिजिटल पहलों और पोर्टलों का शुभारंभ:**
  - पीएमईजीपी 2.0 पोर्टल ,समाधान 2.0 पोर्टल , प्रोक्योरमेंट एंड मार्केटिंग सपोर्ट (पीएमएस) 2.0 पोर्टल , एमएसएमई ग्लोबल मार्ट 2.0 पोर्टल, टेस्टिंग सेंटर पोर्टल , एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 6.0
  - एमएसएमई मंत्रालय की इस बहुभाषी सुविधा पहल (भाषिनी और एनआईसी के सहयोग से) के तहत ये पोर्टल अब **22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं** में डिजिटल सेवाएं और एआई-संचालित वॉयस शिकायत निवारण (AI-enabled voice grievance redressal) प्रदान करेंगे।
- **केवीआईसी (KVIC) के नए पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद:**
  - टुकुन (शिशुओं के वस्त्र )
  - रंगताल (टेबल रनर/मैट्स )
  - बेला (शिशुओं को लपेटने की शीट)
  - वान्या (एरी स्टोल )
  - उमंग (ऊनी स्टोल)

## 20वाँ सांख्यिकी दिवस

- **आयोजन:** 29 जून 2026 को डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेन्टर, नई दिल्ली में 20वाँ सांख्यिकी दिवस मनाया गया। प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में वर्ष 2007 से यह दिवस हर साल मनाया जाता है। वह विशेष रूप से भारत की **दूसरी पंचवर्षीय योजना** (1956-1961) से जुड़े हुए हैं।
- **आयोजक मंत्रालय:** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI)।
- **रिपोर्ट:** मंत्रालय ने इस अवसर पर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स-नेशनल इंडिकेटर फ्रेमवर्क प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2026 जारी की।
- **राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा (NIF), 2026:** इसमें सभी 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDG) को शामिल करते हुए 277 राष्ट्रीय संकेतक शामिल हैं।

## IPC का राष्ट्रीय सम्मेलन

- **कार्यक्रम:** 24 जून, 2026, गाजियाबाद में IPC कैंपस में।
- **आयोजक:** इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (IPC), जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्था है।
- **विषय:** IP 2026 मानकों के जरिए रक्त और रक्त के घटकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
- **रक्त और रक्त के घटकों के लिए IP 2026 मानक:** भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बना जिसने इसके लिए खास गुणवत्ता नियम बनाए।
- नए नियमों में **रक्त के 22 अलग-अलग** हिस्सों को संभालने के बारे में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

## हुल दिवस (30 जून)

- **यह दिवस 1855 के संथाल विद्रोह** (हुल) की याद में मनाया जाता है। यह ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और स्थानीय शोषकों (दिकुओं) के खिलाफ भारत का पहला संगठित और सामूहिक सशस्त्र विद्रोह था। इस आंदोलन की शुरुआत चार मुर्मू **भाइयों-सिद्धो, कान्हू, चांद** और **भैरव** और उनकी बहनों **फूलो** और **झानो** ने की थी।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

## भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा मंत्रियों की वार्तालाप का दूसरा संस्करण

- **आयोजन:** 1 जून 2026 नई दिल्ली में।
- **सह-अध्यक्षता :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स
- **मुख्य फोकस:** 'रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर संयुक्त घोषणा-पत्र को नया रूप देना।'
- **उल्लेखनीय संयुक्त सैन्य अभ्यास (2026-2027)**
  - **अभ्यास पिच ब्लैक (2026):** उद्देश्य-द्विपक्षीय हवा-से-हवा में ईंधन भरने की क्षमताओं को बढ़ाना था।
  - **अभ्यास तालिसमैन सेबर (2027):** भारत ने बड़े पैमाने पर भागीदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।
- **नई ऑपरेशनल प्रतिबद्धताएँ**
  - **ऑपरेशन रेंडर सेफ 2026:** विस्फोटक आयुध निपटान (OED) मिशन में भारत की पहली भागीदारी।
  - **अभ्यास ब्लैक कैरिलन:** भारत ने पनडुब्बी बचाव के इस विशेष अभ्यास में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया का निमंत्रण स्वीकार किया।

## ग्लोबल बिजनेस रिसर्च कॉन्फ्रेंस 2026

- **आयोजन:** 4 जून, IIFT नई दिल्ली
- **आयोजक:** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड (IIFT) IIFT भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अधीन एक प्रमुख संस्थान है 1963 में स्थापित
- **थीम:** 'वैश्विक उथल-पुथल के बीच व्यापार प्रबंधन'

## भारत इनोवेट्स 2026

- **आयोजन:** 14-16 जून, 2026, नीस, फ्रांस।
- **आयोजक:** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
- **उपलक्ष्य:** 'भारत-फ्रांस इनोवेशन वर्ष' के तहत्।
- **उद्देश्य:** भारत के उच्च शिक्षा, रिसर्च और स्टार्टअप इकोसिस्टम से सामने आ रहे इनोवेशन को ग्लोबल निवेशकों, कंपनियों, ग्राहकों, रिसर्च संस्थानों और बाजारों से जोड़ना।

## मरुस्थलीकरण एवं सूखे से निपटने के लिए विश्व दिवस पर कार्यक्रम

- **आयोजन:** 17 जून, नई दिल्ली
- **आयोजक:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
- **जारी किए गए महत्वपूर्ण प्रकाशन:**

1. 'इंडियन फॉरेस्टर' का विशेष अंक
2. **बॉन चैलेंज (2011–2020) पर भारत की दूसरी प्रगति रिपोर्ट:** MoEFCC द्वारा इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) के सहयोग से तैयार की गई।

| | |
|---|---|
| बॉन चैलेंज<br>**(Bonn Challenge)** | इसे 2011 में लॉन्च किया गया था, इसका लक्ष्य 2030 तक दुनिया भर में 350 मिलियन हेक्टेयर जमीन को बहाल (रिस्टोर) करना है।<br>भारत का लक्ष्यः 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर जमीन को बहाल करनाय भारत ने हासिल कियाः 21.76 मिलियन हेक्टेयर। |
| भुवन **(Bhuvan)** | ISRO का ज्योग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (GIS) पोर्टल। |
| वेद **(VEDAS)** | पूरा नामः विजुअलाइजेशन ऑफ अर्थ ऑब्जर्वेशन डेटा एंड आर्काइवल सिस्टम। |
| युक्तधारा **(Yuktdhara)** | यह पोर्टल 'भुवन G2G' (सरकार–से–सरकार) सेवा के तहत आता है, जिससे जमीनी स्तर के योजनाकार हाई–रिजॉल्यूशन सैटेलाइट डेटा देख सकते हैं। |

## Vivatech 2026

- **संदर्भ:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जून 2026 को पेरिस, फ्रांस में VivaTech 2026 में भाग लिया।
- VivaTech यूरोप का सबसे बड़ा टेक्नोलॉजी और स्टार्ट-अप इवेंट है। वर्ष 2026 में भारत इस इवेंट के लिए AI कंट्री पार्टनर है।
- यह भारत की अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी थी, जिसमें 80 से ज्यादा भारतीय डीप-टेक कंपनियों एवं स्टार्ट-अप्स ने हिस्सा लिया।
- प्रधानमंत्री ने 2021 में VivaTech में भाषण दिया था।
- भारत 2022 में VivaTech में पहला 'कंट्री ऑफ द ईयर' था।

## 52वाँ G-7 शिखर सम्मेलन

- **आयोजन:** 15–17 जून, 2026 तक एवियन-लेस-बेन्स, फ्रांस में आयोजित।
- **G7 के मुख्य सदस्य:** कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- **आमंत्रित पार्टनर एवं गेस्ट देश (2026):** केन्या, भारत, ब्राजील, दक्षिण कोरिया, यूक्रेन, UAE, कतर, मिस्र।
- **भारत की भागीदारी:**
  - पीएम मोदी ने 'टॉप प्रायोरिटी' पार्टनर के तौर पर हिस्सा लिया।
  - इस फोरम में भारत की कुल 13वीं भागीदारी पीएम मोदी की लगातार 7वीं उपस्थिति थी।
  - **IMEC इंटीग्रेशन:** पीएम मोदी ने ग्लोबल सप्लाई चेन को मजबूत करने, निवेश लाने, नौकरियां पैदा करने एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (IMEC) को एक मॉडल के तौर पर पेश किया।
  - **<u>"IMPACT" प्रस्ताव</u>:** पीएम ने कनेक्टिविटी और व्यापार को तेज करने के लिए 'इंटरनेशनल मोबिलाइजेशन पार्टनरशिप फॉर एक्सेलरेटिंग कनेक्टिविटी एंड ट्रेड' (IMPACT) बनाने का सुझाव दिया। इस पार्टनरशिप का मकसद G7 की पूंजी, भारत का टैलेंट एवं ग्लोबल साउथ की ओनरशिप को एक साथ लाना है।
  - भारत ने AI के लिए एक मानव-केंद्रित या 'मानव' (MANAV) विजन का प्रस्ताव रखा, जो समावेशिता, सुरक्षा और जन-कल्याण पर आधारित है।
- **अहम द्विपक्षीय नतीजे**
  - **यूनाइटेड किंगडम:** दोनों नेताओं ने घोषणा की कि भारत-UK कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट 15 जुलाई, 2026 से लागू होगा। भारत और UK ने 'विजन 2035' के तहत हुई प्रगति की समीक्षा की।
  - **फ्रांस:** 'भारत-फ्रांस इनोवेशन रोडमैप 2030'

- **जर्मनी:** राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर रणनीतिक साझेदारी, डिफेंस इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन रोडमैप पर हस्ताक्षर किए।
- **कनाडा:** 2026 में कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (CEPA) को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई एवं 'जनरल सिक्योरिटी ऑफ इंफॉर्मेशन एग्रीमेंट' (GSOIA) पर बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी।
- **UAE :** पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता पर चर्चा की एवं UAE के राष्ट्रपति को भारत में होने वाले ब्रिक्स (BRICS) शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया।

## वर्ल्ड फार्माकोपिया की 16वीं इंटरनेशनल मीटिंग (IMWP)

- **इवेंट:** ब्रासीलिया, ब्राजील (15-17 जून, 2026)
- **समन्वयक एजेंसी:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
- **भारतीय प्रतिनिधित्व:** डॉ. वी. कलाईसेल्वन (साइंटिफिक डायरेक्टर, इंडियन फार्माकोपिया कमीशन - IPC) के नेतृत्व में, साथ में डॉ. पवन सैनी और डॉ. श्रुति रस्तोगी।

## SCO महिला फोरम 2026

- **कार्यक्रम:** 26 जून 2026 को बिश्केक, किर्गिज गणराज्य में (SCO की बारी-बारी से मिलने वाली अध्यक्षता के तहत आयोजित)
- इस फोरम में SCO सदस्य देशों ने महिलाओं के नेतृत्व, लैंगिक समानता और सामाजिक व आर्थिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया।
- **विषय:** 'महिलाओं का नेतृत्व'
- **भारत का प्रतिनिधित्व:** अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री

## 11वाँ 'Our Ocean' सम्मेलन (OOC 11)

- **आयोजन:** 16-18 जून, 2026 को मोम्बासा और किलिफी काउंटिज, केन्या (ज्ञमदलं) में किया गया।
- **मुख्य विषय (Theme):** 'हमारा महासागर, हमारी विरासत, हमारा भविष्य' ("Our Ocean, Our Heritage, Our Future").
- **मोम्बासा घोषणा:** सोलह देशों (जिसमें भारत शामिल नहीं है) ने इस सम्मेलन के दौरान मछली पकड़ने में पारदर्शिता को बढ़ावा देने और अवैध मछली पकड़ने से मुकाबला करने के लिए मोम्बासा घोषणा को अपनाया है।

## जून में आयोजित ब्रिक्स की बैठकें

| तारीख | बैठक / कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|
| 01 जून 2026 | ब्रिक्स (BRICS) कृषि कार्य समूह की बैठक<br>भारत सरकार द्वारा उन्नत पशुधन तकनीक और चारा प्रणालियों (ALT&FS) पर उच्च-स्तरीय संवाद | नई दिल्ली स्थित कृषि भवन से वर्चुअल मोड में। |
| 2-3 जून 2026<br><br>4-5 अगस्त 2026 | पहली ब्रिक्स (BRICS) भ्रष्टाचार-रोधी कार्य समूह की बैठक<br>भारत सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DoPT) की अध्यक्षता में।<br>चर्चा के मुख्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रः संपत्ति की वसूली और सीमा-पार भ्रष्टाचार से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, तथा शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना।<br><br>दूसरी ब्रिक्स (BRICS) भ्रष्टाचार-रोधी कार्य समूह की बैठक | वर्चुअल मोड, दिल्ली<br><br>हैदराबाद, तेलंगाना (आयोजित किया जाएगा) |
| 29 - 30 अप्रैल, 2026<br>4 - 5 जून, 2026<br>5 - 6 अगस्त, 2026 | ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की पहली बैठक<br>ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की दूसरी बैठक<br>ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की तीसरी बैठक | वर्चुअल मोड<br>वाराणसी, भारत<br>भोपाल, भारत |

| | | |
|---|---|---|
| 09 जून 2026<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>22–23 जुलाई 2026 | BRICS साइंस एकेडमीज फोरम की पहली बैठक (2026)<br>मेजबानः इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी (INSA)<br>थीमः "सस्टेनेबल डेवलपमेंट और ग्लोबल साउथ सहयोग को मजबूत करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल"<br>**मुख्य नतीजेः**<br>• साइंस और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए AI पर ड्राफ्ट घोषणापत्र की समीक्षा की गई और उसे मजबूत किया गया<br>• शेयर्ड कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सहयोगी डेटा प्लेटफॉर्म और मल्टीलिंगुअल AI मॉडल पर सहमति बनी<br>• संयुक्त टास्क फोर्स, रिसर्चर मोबिलिटी स्कीम और ओपन–सोर्स वैज्ञानिक इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत पर जोर दिया गया<br>• BRICS साइंस एकेडमीज फोरम की दूसरी बैठक | वर्चुअल<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>IIT हैदराबाद (आयोजित होने वाला) |
| 11–12 जून 2026 | • 13वां ब्रिक्स शहरीकरण फोरम<br>• थीमः 'लोगों के लिए शहरः समावेशी और लचीले शहरी भविष्य के लिए ब्रिक्स सहयोग'। | **नई दिल्ली** |
| 12–13 जून | • 16वीं ब्रिक्स (BRICS) कृषि मंत्रियों की बैठक<br>• मेजबानः इंदौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और इंदौर नगर निगम<br>• 'इंदौर घोषणापत्र' : यह कृषि सहयोग के लिए किसानों पर केंद्रित एक वैश्विक चार्टर है, जिसे संयुक्त घोषणापत्र के रूप में अपनाया गया है। | **इन्दौर** |
| 19 जून 2026 | • तीसरी SME वर्किंग ग्रुप मीटिंग और पहला BRICS MSME फोरम<br>• आयोजकः सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)<br>• **थीमः** 'एमएसएमई इकोसिस्टम का निर्माण – सतत जड़ों से वैश्विक मार्गों तक' विषय पर होगी।' | **आगरा, उत्तर प्रदेश** |
| 25–26 जून 2026 | • 11वीं ब्रिक्स (BRICS) ऊर्जा<br>• मंत्रियों की बैठक<br>• ऊर्जा क्षेत्र (Energy Track) के तहत, भारत ने 'सर्वेषां ऊर्जम' (सभी के लिए ऊर्जा) का विषय अपनाया है,<br>• भारत का ऊर्जा क्षेत्रः बिजली का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता।<br>• कुल क्षमताः ̦540 GW (50% से अधिक गैर–जीवाश्म स्रोतों से)। | गुरुग्राम, हरियाणा<br><br>भविष्य के लक्ष्य<br>एनर्जी स्टोरेजः 2032 तक >400 GWh<br>न्यूक्लियर पावरः 2047 तक 100 GW। |

# अभियान / उत्सव

## 'स्वच्छ गाँव, सुरक्षित जलवायु' (SGSJ)

- **क्रियान्वयन:** 1-5 जून 2026
- **शुरुआत:** जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग (DDWS) द्वारा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के सहयोग से

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (PMSMA)

- **कार्यक्रम:** 9 जून 2026 को, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने PMSMA के 10 साल-देखभाल का एक दशक मनाने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू किया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में रु. 75 का स्मारक सिक्का और रु. 5 का डाक टिकट भी जारी किया गया।
- **शुरुआत:** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा

## फसल उत्सव 'राजा'

- राजा पर्व ओडिशा में मनाया जाने वाला नारीत्व का त्योहार है।
- पहले दिन को 'पहिली राजा', दूसरे दिन को 'मिथुन संक्रांति' एवं तीसरे दिन को 'भुदाहा' या 'बासी राजा' कहा जाता है। आखिरी यानी चौथे दिन को 'बसुमती स्नान' कहते हैं
- यह महोत्सव मानसून एवं ओडिया महीने आषाढ़ के आगमन का प्रतीक।

## 19वाँ मुंबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

- **आयोजन:** 15 से 21 जून, 2026, मुंबई में
- **आयोजक:** नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NFDC), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
- द्विवार्षिक आयोजित इस इवेंट का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने किया एवं इसमें 46 देशों की 346 फिल्में दिखाई गईं।
- यह नॉन-फीचर सिनेमा, सोशल डॉक्यूमेंट्री और फिल्मों के जरिए इतिहास को सहेजने (आर्काइविंग) पर केंद्रित है। यह दक्षिण एशिया में नॉन-फीचर फिल्मों के लिए सबसे पुराना और सबसे बड़ा फिल्म फेस्टिवल है।
- **ओपनिंग फिल्में:** गुड लक टू यू ऑल (एनिमेशन, कनाडा), अगापिटो (शॉर्ट फिक्शन, फिलीपींस), और टाइम एंड वॉटर (डॉक्यूमेंट्री, आइसलैंड)।

- **अवॉर्ड कैटेगरी: (MIFF 2026)**
  1. **गोल्डन कोंच (बेस्ट इंटरनेशनल डॉक्यूमेंट्री फिल्म):** इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन सेक्शन में डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 10 लाख रुपये।
     - **विजेता फिल्म:** सिल्वर (पोलैंड), डायरेक्टर नतालिया कोनियार्ज और प्रोड्यूसर मैसी कुबिकी।
  2. **सिल्वर कोंच (सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म):** राष्ट्रीय प्रतियोगिता अनुभाग के अंतर्गत डॉक्यूमेंट्री फिल्म के लिए रु. 5 लाख।
     - **सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री:** 'वाई' (निर्देशक: साईनाथ एस. उस्कीकर)।
     - **सर्वश्रेष्ठ लघु कथा (Short Fiction):** 'स्मॉल क्लाउड्स' (शुभम सुमित)।
     - **सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन फिल्म:** 'आर्मस्ट्रांग फ्रॉम अंगालम्मन कोविल स्ट्रीट' (भुवनेश्वर एम. कुमार उर्फ बंज)।
     - **सर्वश्रेष्ठ छात्र फिल्म:** 'द ओल्ड बुल नोज, ऑर वंस न्यू' (निर्देशक: मिलन कुमार)।
     - **'विकसित भारत/150 इयर्स ऑफ वंदे मातरम/भारत/2026'** पर सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए पुरस्कार: **'द लास्ट शेल्टर'** (निर्देशक/निर्माता: भरत अरोड़ा और राजेश भाटिया)।

# पुरस्कार

## वर्ष 2024 एवं 2025 के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार घोषणा–

- यह कला-प्रदर्शन के क्षेत्र में लोगों को दिया जाने वाला सबसे बड़ा भारतीय सम्मान है, जो पारंपरिक रूप से भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है।

1. **संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (अकादमी रत्न): सर्वोच्च सम्मान**

- **फेलो की सूची (7):** रामलाल बारेथ, ए वी आनंद, रीता गांगुली, पुरु दधीच, चित्तरंजन ज्योतिषी, पसुमर्थी रत्तैया शर्मा, सुधारानी रघुपति
- **पुरस्कार:** यह एक दुर्लभ सम्मान है जो एक समय में केवल 40 प्रतिष्ठित कलाकारों तक सीमित होता है, और इसमें रु. 3,00,000 की नकद पुरस्कार राशि दी जाती है।

**2. संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (अकादमी पुरस्कार)**

- **चुने गए कलाकार:** अलग-अलग परफॉर्मिंग आर्ट्स क्षेत्रों (संगीत, नृत्य, थिएटर, पारंपरिक/लोक/आदिवासी, कठपुतली कला और समग्र योगदान/स्कॉलरशिप) से 108 कलाकारों को चुना गया।
- **ऐतिहासिक संदर्भ:** ये पुरस्कार 1952 से लगातार दिए जा रहे हैं और इन्हें एक संस्थागत रूप दिया गया है।
- **पुरस्कार राशि:** इसमें रु. 1,00,000 (केवल एक लाख रुपये) की नकद राशि के साथ-साथ ताम्रपत्र और अंगवस्त्रम शामिल हैं।

3. **उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार**

- अकादमी ने वर्ष 2024 एवं 2025 के लिए संगीत नाटक अकादमी, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार हेतु 106 युवा कलाकारों का चयन किया है।
- **पुरस्कार:** रु. 25,000 की पुरस्कार राशि के साथ-साथ एक ताम्रपत्र और एक अंगवस्त्रम।
- यह पुरस्कार 40 वर्ष तक की आयु के उत्कृष्ट युवा कलाकारों के लिए है।

**राजस्थान से संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड हेतु चयनित-**

1. **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार-2024**
   - समंदर खान मांगणीयार- मांड गायन
   - गुलाबो सपेरा-लोकनृत्य (कालबेलिया)
2. **उस्ताद बिस्मिल्ला खान युवा पुरस्कार 2024**
   - मंजूर खान मांगणियार-लोक संगीत
3. **उस्ताद बिस्मिल्ला खान युवा पुरस्कार 2025**
   - अकरम खान बहरूपिया-लोकनृत्य

### ग्लोबल अर्थ प्राइज 2026

- **प्रदत्त संस्था :** जिनेवा, स्विट्जरलैंड में स्थित एक नॉन-प्रॉफिट संस्था, 'द अर्थ फाउंडेशन'।
- **विजेता:** भारत के तीन 16 साल के छात्र-अव्याना मेहता, एरियाना अग्रवाल, विवान छावछरिया (यह खिताब जीतने वाली भारत की पहली टीम)-जिन्होंने 'प्लास-स्टिक' (Plas-Stick) नाम का इनोवेशन किया।
  - 'प्लास-स्टिक' इमली के बीजों के कचरे से बना एक बायोडिग्रेडेबल पाउडर है, जो पानी से माइक्रोप्लास्टिक को हटाता है।

### फूड प्लैनेट प्राइज 2026

- **प्रदत्त संस्था :** स्वीडन के कर्ट बर्गफोर्स फाउंडेशन ने।
- **विजेता:** आंध्र प्रदेश कम्युनिटी मैनेज्ड नेचुरल फार्मिंग (APCNF) प्रोग्राम।
- **इनाम:** 1.5 मिलियन डॉलर।

### STATATHON - विकसित भारत के लिए एक डेटा यात्रा"

- **आयोजन :** 17-18 जून, फरीदाबाद।
- **आयोजक:** शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल के सहयोग से नेशनल स्टैटिस्टिक्स ऑफिस (NSO)।
- STATATHON का 36 घंटे का ग्रैंड फिनाले, जो NSO इंडिया द्वारा आयोजित हैकाथॉन की सीरीज में तीसरा है।
  - कैटेगरी 1 विजेता: ऐरावत टेक्नोलॉजीज (स्टार्ट-अप, महाराष्ट्र)
  - कैटेगरी 2 विजेता: भारत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (तेलंगाना)
  - कैटेगरी 3 विजेता: इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (ओडिशा)
  - कैटेगरी 4 विजेता: भगवान परशुराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (दिल्ली)
  - कैटेगरी 5 विजेता: जय प्रकाश मुकंद लाल इनोवेटिव इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (हरियाणा)

## सऊदी अरब का 'लब्बैतुम अवॉर्ड्स' 2026

- **संदर्भ:** सऊदी अरब में 'खितामहू मिस्क' समारोह में भारतीय हज मिशन को 'बेहतरीन हज समन्वय और संचार' श्रेणी में कुल दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।
- **प्रदत्त संस्था:** हज और उमराह मंत्रालय, सऊदी अरब साम्राज्य।
- भारत एकमात्र ऐसा देश बना जिसे तीर्थयात्रियों की सेवा में बेहतरीन काम के लिए दो पुरस्कार मिले।
- ये पुरस्कार हज 2026 के दौरान लगभग 1.75 लाख भारतीय तीर्थयात्रियों को दी गई सफल सेवाओं और कल्याणकारी कार्यों के लिए दिए गए।

## वुल्फ प्राइज-अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड

- प्रतिवर्ष इजराइल में दिया जाता है। इसे 1978 में वुल्फ फाउंडेशन ने शुरू किया था।
- यह जीवित वैज्ञानिकों और कलाकारों को उनकी शानदार उपलब्धियों और मानवता के लिए किए गए योगदान के लिए सम्मानित करता है।
- **प्रोफेसर जैनेंद्र जैन** भारतीय मूल के पहले व्यक्ति बन गए हैं जिन्हें 1980 के दशक में **'कम्पोजिट फर्मियन्स'** की खोज के लिए यह अवॉर्ड मिला है।
- **पुरस्कार:** हर विजेता को एक डिप्लोमा एवं $100,000 का नकद इनाम दिया जाता है।

## प्रिक्स वर्साय 2026: विश्व के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट

- घोषणा प्रतिवर्ष UNESCO करता है। इस वर्ष, कुल 7 एयरपोर्ट्स में से दो भारतीय एयरपोर्ट भी इसमें शामिल हैं।
- **नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (टर्मिनल 1)** – नवी मुंबई, भारत: यह अपने भविष्यवादी एवं कमल के फूल से प्रेरित आर्किटेक्चर के लिए मशहूर है।
- **लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (टर्मिनल 2)** – गुवाहाटी, भारत: बांस एवं ऑर्किड से प्रेरित इस एयरपोर्ट में एक विशाल, गुंबददार 'स्काई फॉरेस्ट' सीलिंग एवं इनडोर लैंडस्केप हैं जो ब्रह्मपुत्र नदी के बहाव को दर्शाते हैं।
- **अन्य:** ग्वांगझू बाय्युन (चीन), टेचो (कंबोडिया), फ्रैंकफर्ट (जर्मनी), सैन डिएगो (अमेरिका), पिट्सबर्ग अमेरिका

## केंद्रीय विद्यालयों के लिए 36वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025–26

- **आयोजन:** 25 जून को संसद भवन परिसर, नई दिल्ली।
- **आयोजक:** संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
- **विजेता (राष्ट्रीय स्तर):** डॉ. राजेंद्र प्रसाद ज्ञट, प्रेसिडेंट एस्टेट (दिल्ली क्षेत्र, उत्तरी जोन) भारत में प्रथम स्थान पर रहा। विजेता स्कूल को प्रतिष्ठित 'सरदार वल्लभभाई पटेल रनिंग पार्लियामेंट्री शील्ड' एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।
- **क्षेत्रीय विजेता: PM श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 1, एयर फोर्स स्टेशन, सूरतगढ़ (राजस्थान)** ने जयपुर क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है।

## रक्षा अलंकरण समारोह 2026 (द्वितीय चरण)

- **आयोजन:** 29 जून, 2026 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने समारोह के दौरान विशिष्ट सेवा अलंकरण प्रदान किए।
- **कुल पुरस्कार:** भारतीय सशस्त्र बलों (सेना, नौसेना, वायुसेना) और भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए कुल 105 पुरस्कार प्रदान किए गए।
  - सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक (SYSM): 07
  - परम विशिष्ट सेवा पदक (PVSM): 30
  - उत्तम युद्ध सेवा पदक (UYSM): 12
  - अति विशिष्ट सेवा पदक (AVSM): 56

## पॉजिटिव इम्पैक्ट रेटिंग 2026

- यह **बिजनेस स्कूल** के विशेषज्ञों द्वारा शुरू किया गया और एक **स्विस एसोसिएशन** द्वारा संचालित, छात्रों के नेतृत्व में किया जाने वाला एक वैश्विक मूल्यांकन है।
- **भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर (IIMB)** ने **9.7** का शानदार स्कोर हासिल किया है, जिससे उसने **लगातार पांचवें वर्ष** प्रतिष्ठित लेवल 5 'पायनियरिंग स्कूल' (अग्रणी स्कूल) का दर्जा प्राप्त किया है।

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- **परीक्षा कर्मयोगी– क्षमता निर्माण कार्यक्रम**
  - राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा परीक्षा अधिकारियों के लिए आईगॉट कर्मयोगी भारत प्लेटफॉर्म पर शुरू किया गया।
  - **उद्देश्य:** NTA परीक्षाओं के लिए पर्यवेक्षण और निगरानी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना और ऑफलाइन, पेन और पेपर आधारित परीक्षाओं का सुचारू, सुरक्षित और मानकीकृत संचालन सुनिश्चित करना।
- **ड्रोन आधारित डाक सेवा**
  - हिमाचल प्रदेश में डाक विभाग द्वारा ड्रोन के माध्यम से डाक पहुँचाने की पहल को केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 12 जून 2026 को शुरुआत की।
  - पहला रूट (मार्ग): मंडी के प्रधान डाकघर से रेहरधर शाखा तक।
- गृह मंत्रालय ने आव्रजन और विदेशी (संशोधन) नियम-2026 अधिसूचित किये है। इसमें आव्रजन और विदेशी नियम, 2025 के अंतर्गत पंजीकरण की समयसीमा और अपील तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इस संशोधन के अंतर्गत भारत आने के बाद 180 दिन पूरे होने से पहले कभी भी पंजीकरण कराया जा सकता है। इससे पहले, 180 दिन की अवधि समाप्त होने के 14 दिनों के अंदर पंजीकरण कराना अनिवार्य था।
- राष्ट्रपति ने 6 अपर न्यायाधीशों को बम्बई उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किया।
- उपराष्ट्रपति ने कर्नाटक के बेलथांगडी में सिरी मातृश्री औद्योगिक पार्क का उद्घाटन किया।
- शिक्षा मंत्रालय ने यूनाइटेड किंगडम के लिवरपूल विश्वविद्यालय को कर्नाटक के बेंगलुरु में अपना शाखा परिसर स्थापित करने के लिए 'अनुमोदन पत्र' (एलओए) सौंपा।
- **हिंदी पत्रकारिता** के दो सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मई 30, 2026 को नई दिल्ली में पहले हिंदी समाचार पत्र **'उदंत मार्तंड'** के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट और प्रथम दिन का कवर जारी किया।
- भारत सरकार, असम सरकार और नगालैंड सरकार के बीच असम-नगालैंड सीमावर्ती क्षेत्रों में खनिज तेल संचालन के संबंध में त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमण्यन(NHRC अध्यक्ष) की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC), भारत ने 'डिजिटल अरेस्ट की धोखाधड़ी से मानवाधिकारों की सुरक्षा' विषय पर हाइब्रिड माध्यम से एक परिचर्चा का आयोजन किया।
- सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद् की महानिदेशक **कंचन देवी** की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है जो **अरावली पर्वत शृंखला** के सीमांकन और परिभाषा से संबंधित केंद्र की रिपोर्ट की समीक्षा करेगी। पूर्व में न्यायालय ने इस रिपोर्ट के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए नए सिरे से विश्लेषण का आदेश दिया था।
- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने देश के सभी उच्च न्यायालयों को फैसले सुरक्षित रखने के **तीन महीने** के भीतर उसे **सुनाने के निर्देश** दिए हैं।
- **ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL)** ने अंडमान अपतटीय बेसिन के **'विजयपुरम-3'** कुएँ में प्राकृतिक गैस के बड़े भंडार की खोज की है। इससे पूर्व सितंबर 2025 में 'विजयपुरम-2' कुएँ में भी गैस की खोज की गई थी।
- **राजस्व आसूचना निदेशालय (DRI)** ने 'नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस (NDPC) अधि नियम 19 85 के तहत **'ऑपरेशन चक्रव्यूह'** संचालित कर केरल (कोच्चि, मलप्पुरम और तिरुवनंतपुरम ) में नशीले पदार्थ (मेथैक्यूलोन, मेथामफेटामाइन और हशीश तेल आदि) जब्त किए हैं।
- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 10 जून 2026 आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (GPRA) के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। यह कैपिटल सिटी, अमरावती के साथ साथ आंध्र प्रदेश राज्य में पहली GPRA परियोजना है।
- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य - BHAVYA) के तहत 'भव्य पोर्टल' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (NICDC)

द्वारा विकसित किया गया है।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में **हिस्सा लिया।**
- पूर्वोत्तर भारत के सबसे बड़े जैविक मसाला प्रसंस्करण संयंत्र का केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने **भोइरिमबोंग,** री-भोई जिला (मेघालय)में उद्घाटन किया।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री (MDoNER) ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने असम के अद्वितीय मूगा रेशम क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी, उच्च मूल्य वाले लक्जरी वस्त्र इकोसिस्टम में परिवर्तित करने के लिए मिशन 'सेनेहजोरी'-असम मूगा सिल्क यूएसपी का शुभारंभ किया। यह एक व्यापक क्लस्टर-आधारित पहल है।
- हालिया रिपोर्टों के अनुसार, भारत (वर्ष 2025 में 37 GW से अधिक की सौर ऊर्जा क्षमता जोड़ी) अमरीका (34 GW की क्षमता वृद्धि) को पीछे छोड़ते हुए वार्षिक सौर ऊर्जा क्षमता वृद्धि में 2025 तक विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा विकास बाजार बन गया है।
- **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO),** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने जिला घरेलू उत्पाद (DDP) अनुमानों के संकलन हेतु (नया आधार वर्ष 2022-23) नए दिशा-निर्देश जारी किए।
  - वर्तमान में भारत के 26 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश DDP अनुमानों का संकलन करते हैं।
- लेफ्टिनेंट विशाल कुमार को 13 जून 2026 को देहरादून में आयोजित भारतीय सैन्य अकादमी (IMA) की पासिंग आउट परेड में प्रतिष्ठित 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' और 'प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल' से सम्मानित किया गया
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 27 जून, 2026 को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन और एग्जीबिशन सेंटर से गुजरात में देश की पहली सहकारिता-आधारित टैक्सी सेवा "भारत टैक्सी" का शुभारंभ किया। गुजरात में भारत टैक्सी का सॉफ्ट-लांच दिसंबर 2025 में किया गया था।
- **राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण (NBA)** ने देश में जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करने के लिए जैव विविधता अधिनियम, 2002 की **धारा 38** के तहत संकटग्रस्त प्रजातियों की अधिसूचना के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की है।
  - इस धारा के तहत **केंद्र सरकार** को यह अधिकार है कि वह संबंधित राज्य सरकार से परामर्श के बाद किसी भी विलुप्ति के कगार पर पहुँची या निकट भविष्य में विलुप्त होने की आशंका वाली प्रजाति को संकटग्रस्त घोषित कर सकती है।
- केरल वन विभाग ने अपने **HAWK (Hostile Activity Watch Kernel)** सिस्टम हेतु **ई-कोर्ट इंटीग्रेशन** सुविधा का शुभारंभ किया है। इसके माध्यम से केरल वन्यजीव अपराध प्रबंधन हेतु न्यायपालिका से एकीकृत पूर्णत: डिजिटल प्रणाली वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है।
- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा **'गंगा परियोजना'** का प्रारंभ किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य ग्रामीण अंचलों में अंतिम मील तक **डिजिटल पहुँच** स्थापित करना तथा ई-गवर्नेंस, टेलीमेडिसिन, शिक्षा और कौशल विकास जैसी सुविधाओं को तकनीक के माध्यम से विस्तारित करना है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में जीव-वैज्ञानिक **पूर्णिमा देवी बर्मन** ने महिलाओं को संगठित कर 'हरगिला आर्मी' के द्वारा असम के दुर्लभ पक्षी **'हरगिला'** (ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क : IUCN - 'निकट संकटग्रस्त') के संरक्षण प्रयासों की प्रेरक कहानी साझा की।
- लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भारत सरकार के महत्वाकांक्षी वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (VVP) के तहत चूमुर में पहले मॉडल सीमावर्ती गाँव की आधारशिला रखी। भारत-चीन सीमा पर 16,700 फीट की ऊँचाई पर स्थित हैं।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका ने 1 जून, 2026 को नई दिल्ली में वित्त तक पहुंच, डिजिटलीकरण और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में एमएसएमई (MSME) सहयोग को मजबूत करने के लिए एक बैठक आयोजित की।
- रक्षा सहयोग पर द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) को क्रियान्वित करने के लिए 4 जून, 2026 को नई दिल्ली में **प्रथम भारत-जिम्बाब्वे संयुक्त रक्षा समिति (JDC)** की बैठक आयोजित की गई।

- व्यापार रणनीतियों और एक संभावित तरजीही व्यापार समझौते (PTA) पर चर्चा करने के लिए 5 जून, 2026 को मनीला में **भारत-फिलीपींस** व्यापार और निवेश संयुक्त कार्य समूह **(JWGTI)** की 14वीं बैठक संपन्न हुई।
- केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री **शोभा करंदलाजे** ने 9 जून, 2026 को जिनेवा में आईएलओ (ILO) द्वारा आयोजित **114वें अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन** में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।
- 11 जून, 2026 को जिनेवा में **114वें** अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के इतर **'ग्लोबल कोएलिशन फॉर सोशल जस्टिस'** (सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन) समन्वय समूह की बैठक आयोजित की गई।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन **(ILO)** ने जून 2026 में जिनेवा में आयोजित अपने **114वें** वार्षिक सम्मेलन में ऐतिहासिक कन्वेंशन नंबर 193 **(C193 - Decent Work in the Platform Economy Convention)** को भारी बहुमत से अपनाया है। यह **गिग इकोनॉमी** के श्रमिकों के लिए दुनिया की पहली बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय संधि है।
- **भारत और ताजिकिस्तान** ने व्यापार, आर्थिक और वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 10 जून, 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से **12वीं** संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित की।
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 11 जून, 2026 को **फ्रांस** की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल **'ग्लोबल कन्वर्जेंस फॉर ग्रोथ समिट'** में भाग लिया, जिसमें जी7 राष्ट्र और अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं शामिल हुईं।
- विनिर्माण, अनुसंधान और क्षेत्रीय सुरक्षा में सहयोग को गहरा करने के लिए 16 जून, 2026 को **बैंकॉक में 10वीं थाईलैंड-भारत** रक्षा वार्ता आयोजित की गई।
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत भारत में 'टेलीग्राम' के उपयोग को सीमित समय के लिए प्रतिबंधित किया गया था।

# आर्थिक–समसामयिकी

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PMVBRY)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान योजना के तहत लाभार्थियों को लगभग 2,400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की।
- **उद्देश्य:** कर्मचारियों और नियोक्ताओं को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ना तथा सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाना।
- विकसित भारत@2047 के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार ने बजट 2024-2025 में **'रोजगार और कौशल के लिए प्रधानमंत्री पैकेज'** के एक भाग के रूप में 'रोजगार से जुड़े प्रोत्साहन' हेतु इस योजना की शुरुआत की है।
- **शुरुआत:** 1 अगस्त 2025 से।
- **कुल बजटीय आवंटन:** 99,446 करोड़ रुपये।
- **प्रकार:** एक केंद्रीय **क्षेत्र** की योजना है।
- **क्रियान्वयन:** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (MoLE) और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO)।
- **लक्ष्य:** अगले दो वर्षों में **3.5 करोड़** से अधिक नौकरियों का सृजन करना, जिसमें **1.92 करोड़ पहली बार** कार्यबल में शामिल होने वाले युवा होंगे।
- **लाभ : 01 अगस्त 2025** और **31 जुलाई, 2027** के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होंगे।
  - लाभ प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों को किसी संस्थान ने 6 महिने से अधिक समय तक निरन्तर कार्यरत रहना अनिवार्य है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **भाग 'A' (कर्मचारियों के लिए):** EPFO में **पंजीकृत** होने वाले और **1 लाख रुपये प्रतिमाह** तक वेतन पाने वाले **नए कर्मचारियों** को उनके **एक महीने के वेतन के बराबर (अधिकतम 15,000 रुपये तक)** प्रोत्साहन राशि **दो किस्तों** में दी जाती है।
  - **भाग 'B' (नियोक्ताओं के लिए):** नए रोजगार सृजित करने वाले नियोक्ताओं को **प्रति अतिरिक्त कर्मचारी 3,000** रुपये प्रतिमाह का **प्रोत्साहन 2 वर्षों** के लिए दिया जाता है।
  - **विनिर्माण क्षेत्र को विशेष लाभ:** इस क्षेत्र के नियोक्ताओं को यह प्रोत्साहन **कुल 4 वर्षों (अतिरिक्त 2 वर्ष)** तक दिया जाता है।
- प्रोत्साहन राशि सीधे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 (PMAY-U 2.0)

- आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित **केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (CSMC)** की 7वीं बैठक में PMAY-U 2.0 के तहत् **16 राज्यों (राजस्थान)** के पात्र शहरी गरीब परिवारों के लिए **2.13 लाख से अधिक अतिरिक्त घरों को** मंजूरी प्रदान की गई है।
- स्वीकृत कुल घरों की संख्या: **16.13 लाख से अधिक** (नवीनतम स्वीकृति के साथ)।
- नवीनतम घरों को निम्नलिखित दो प्रमुख स्तम्भों के तहत मंजूरी दी गई है:
  - **बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन (BLC):** 1.89 लाख घर।
  - **अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (AHP):** 23,602 घर।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0

- **नोडल मंत्रालय:** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA)।
- **मंजूरी: वर्ष 2024** में।
- **क्रियान्वयन अवधि:** वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 ।
- **ब्याज सब्सिडी घटक (ISS)** 'केंद्रीय **क्षेत्रक** की योजना' है। शेष अन्य घटक 'केंद्र **प्रायोजित** योजना' है।

- **उद्देश्य:** सबके लिए आवास के दृष्टिकोण के साथ देशभर के सभी पात्र शहरी परिवारों को सभी मौसम के अनुकूल पक्के आवास उपलब्ध कराना।
- **लक्ष्य:** 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय (EWS/LIG/MIG) परिवारों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करना है।
- **लक्षित आय वर्ग:**
  - **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS):** वार्षिक आय **रु. 3 लाख** तक।
  - **निम्न आय वर्ग (LIG):** वार्षिक आय रु. **3 लाख** से **रु. 6 लाख** तक।
  - **मध्यम आय वर्ग (MIG):** वार्षिक आय **रु. 6 लाख** से **रु. 9 लाख** तक।
- **योजना के चार स्तंभ :**
  - **लाभार्थी आधारित निर्माण (BLC): EWS** के पात्र परिवारों को अपनी उपलब्ध भूमि पर **45 वर्गमीटर** तक के नए पक्के आवास बनाने के लिए **रु. 2.5 लाख** तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
  - **साझेदारी में किफायती आवास (AHP): EWS** लाभार्थियों को आवास खरीदने के लिए केंद्र और राज्य एजेंसियों द्वारा **रु. 2.5 लाख तक** की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
  - **किफायती किराये के आवास (ARHC): EWS** और **LIG लाभार्थी** इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।
  - **ब्याज सब्सिडी योजना (ISS): EWS/LIG और MIG श्रेणियों** के परिवार इस योजना का लाभ लेने के पात्र है।
- **संवैधानिक एवं वैश्विक प्रतिबद्धताएँ:** अनुच्छेद 21 के तहत **'आवास के अधिकार'**, सतत विकास लक्ष्य-11 तथा SDG-5 को प्राप्त करना।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM)

- ABDM ने देशभर में 90 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA) बनाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।
- **आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (ABHA):** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के तहत नागरिकों को प्रदान किया जाने वाला एक विशिष्ट **14-अंकीय डिजिटल स्वास्थ्य पहचान-पत्र** (ABHA ID)
  - कोई भी नागरिक **नि:शुल्क ABHA ID** बना सकता है।
  - व्यक्ति के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से संग्रहित किया जाता है।
  - व्यक्ति की सूचित सहमति के आधार पर इस डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को स्वास्थ्य पेशेवरों और सेवा प्रदाताओं के साथ साझा किया जा सकता है।
- मई 2026 तक 100 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड ABHA से सफलतापूर्वक लिंक किए गए हैं।
- **ABHA ID बनाने वाले शीर्ष राज्य-**
  - उत्तर प्रदेश (15.30 करोड़)
  - **राजस्थान** और महाराष्ट्र (7.1 करोड़)
- आबादी के अनुपात में (%) में ABHA ID बनाने वाले शीर्ष राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-
  - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लद्दाख, लक्षद्वीप और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (100%)
  - आंध्र प्रदेश (98.5%) ♦ ओडिशा (91.9%)
  - चंडीगढ़ (90.8%) ♦ राजस्थान (89.7%)
- कुल ABHA ID में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग आधी (49.75%) है।
- **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) :** पढ़ने के लिए **QR** स्कैन करें।

## 'महा' (MAHA) जल मिशन

- **MAHA :** Missions for Advancement in High-Impact Areas.
- **लॉन्च:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने 1 जून 2026 को।
- **उद्देश्य:** जल सुरक्षा को मजबूत करना।
  - जल क्षेत्र में उच्च प्रभाव वाले नवाचार को बढ़ावा देना

- **सहभागी संगठन:** इस पहल के तहत विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं, शोध संस्थानों, स्टार्टअप्स और MSME (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों) को वित्तीय सहायता व एक साझा मंच प्रदान किया जाएगा।
- **नोडल एजेंसियाँ:** अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) और जल शक्ति मंत्रालय की एक संयुक्त सहयोगात्मक पहल।
- **वित्तीय परिव्यय:** रु. 200 करोड़ (5 वर्षों के लिए)।
- इसके तहत चयनित बहु-विषयक संघों को प्रौद्योगिकी विकास, क्षेत्र मूल्यांकन, सत्यापन और कार्यान्वयन के लिए रु. 20 करोड़ तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।
- **मिशन के पाँच प्राथमिकता वाले विषय:**
  - जल संसाधन मूल्यांकन और सतत प्रबंधन
  - पेयजल
  - जल गुणवत्ता और पारिस्थितिक स्वास्थ्य
  - जल उपयोग दक्षता और चक्रीय अर्थव्यवस्था
  - जलवायु लचीलापन और अनुकूलन।
- यह मिशन बहु-क्षेत्रीय सहयोग पर विशेष बल देता है, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), अंतरिक्ष विभाग, CSIR प्रयोगशालाओं और पृथ्वी विज्ञान संस्थानों के साथ साझेदारी शामिल है।
- इसके साथ ही नागरिक ट्रैकिंग और रिपोर्टिंग को मजबूत करने के लिए **'जल संचय जन भागीदारी, नागरिक ट्रैकिंग और रिपोर्टिंग' (JSJB-CTR) पोर्टल** और ऐप का भी शुभारंभ किया गया।

### आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY)

- **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) ने राज्य में AB PM-JAY** को लागू करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- पश्चिम बंगाल AB PM-JAY को लागू करने वाला 36वाँ राज्य बन गया है।
- **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना:** पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।

### किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना मानदंडों में RBI के संशोधन

- **उद्देश्य:** ऋण स्वीकृति और पुनर्भुगतान कार्यक्रमों में बैंकों के बीच एकरूपता सुनिश्चित करना।
- नए मानक **जनवरी 2026** से प्रभावी माने जाएंगे।
- **फसल सीजन मानकीकरण: अल्पकालिक फसलों** हेतु **12 महीने** और दीर्घकालिक फसलों हेतु **18 महीने** निर्धारित किया गया।
- यदि कोई KCC लोन **फसल या स्टॉक को गिरवी रखकर** लिया गया है, तो **बैंक 3 लाख रुपये** तक के लोन के लिए गिरवी रखी जाने वाली **संपत्ति की शर्त** में **छूट** दे सकते हैं।

- **KCC योजना**
  - **शुभारंभ :** 1998 में आर. वी. गुप्ता समिति की सिफारिशों पर।
  - **उद्देश्य:** किसानों को **कृषि आदानों (बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि)** की खरीद के लिए सुलभ ऋण प्रदान करना।

## रिपोर्टस/सूचकांक

### राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 (NFHS-6)

- **जारी:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 29 मई को।
- NFHS-6 फैक्ट शीट्स में **101 प्रमुख संकेतकों** को शामिल किया गया
- इनमें जनसंख्या संरचना, बुजुर्ग आबादी की हिस्सेदारी, वित्तीय समावेशन, प्रसवपूर्व देखभाल सेवाओं का उपयोग, टीकाकरण कवरेज, गंभीर डायरिया की व्यापकता तथा स्तनपान से जुड़े विस्तारित संकेतक शामिल हैं।
- **सहयोगी संस्थान:** अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, मुंबई।
- **अवधि:** 2023-24।
- **सर्वे कवरेज:** 715 जिलों में लगभग 6.79 लाख परिवार।
- **उद्देश्य:** जिला स्तरीय योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन में सहयोग हेतु जनसंख्या, स्वास्थ्य, पोषण और परिवार कल्याण संकेतकों पर महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रदान करना।

| संकेतक | भारत NFHS-5 | भारत NFHS-6 |
|---|---|---|
| गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व देखभाल (**ANC**) प्राप्त (प्रतिशत) | – | 95.9 |
| संस्थागत प्रसव (प्रतिशत) | 88.6 | 90.6 |
| कुल प्रजनन दर (**TFR**) (प्रति महिला बच्चों की संख्या) | 2.0 | 2.0* |
| गर्भनिरोधक उपयोग दर (**CPR**) (प्रतिशत) | 66.7 | 69.1 |
| पूर्ण टीकाकरण कवरेज (12–23 महीने के बच्चे) (प्रतिशत)<br>▪ 95.6% बच्चों को अधिकांश टीके सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से लगाए गए। | 83.8 | 87.1 |
| बच्चों में अत्यधिक कमजोरी (ऊँचाई के हिसाब से बहुत दुबलापन) | 7.7 | 5.2 |
| पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में बौनापन (उम्र के हिसाब से कम कद) | 35.5 | 29.3 |
| पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में अल्प वजन की व्यापकता (प्रतिशत) | 32.1 | 31.8 |
| इंटरनेट का उपयोग करने वाली महिलाएँ (प्रतिशत) | 33.3 | 64.3 |
| बैंक या बचत खातों का स्वयं उपयोग करने वाली महिलाएँ (प्रतिशत) | 78.6 | 89.0 |
| स्वास्थ्य बीमा/वित्तपोषण योजना का दायरा (परिवार स्तर पर) (प्रतिशत) | 41.0 | 60.2 |

### लॉजिस्टिक्स पोर्ट परफॉर्मेंस इंडेक्स (LPPI) 2024–25

- **जारी:** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा।
- भारतीय बंदरगाहों के परिचालन प्रदर्शन का आकलन और सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया एक राष्ट्रीय मानदण्ड व्यवस्था।
- **मुख्य संकेतक:** कार्गो हैंडल्ड, वेसल टर्नअराउंड टाइम, बर्थ आइडल टाइम, प्री-बर्थिंग वेटिंग टाइम, कंटेनर ड्वेल टाइम और शिप बर्थ डे आउटपुट जैसे प्रमुख परिचालन संकेतकों का उपयोग किया।
- **शीर्ष प्रदर्शनकर्ता:** यह सूचकांक तीन मुख्य कार्गो सेगमेंट में बंदरगाहों का मूल्यांकन करता
  - **ड्राई बल्क श्रेणी:** पारादीप पोर्ट अथॉरिटी (शीर्ष स्थान, 5 मिलियन टन से अधिक माल हैंडलिंग)।
  - **लिक्विड बल्क श्रेणी:** सिक्का पोर्ट एंड टर्मिनल्स।
  - **कंटेनर कार्गो श्रेणी:** मुंद्रा बंदरगाह (0.5 मिलियन TEU से अधिक) शीर्ष पर और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (JNPA) दूसरे स्थान पर।

## विविध

### थोक मूल्य सूचकांक (WPI) का नया आधार वर्ष

- हाल ही में, आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा WPI के आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित करके **2022-23** करने की घोषणा की गई है।
- उत्पादक मूल्य सूचकांक (PPI) भी जारी किया जाएगा और WPI को क्रमिक रूप से 5 वर्ष बाद बंद कर दिया जाएगा।
- नई शृंखला: आउटपुट PPI (OPPI), इनपुट PPI (IPPI) और सेवा PPI (Service PPI) की नई शृंखला भी जारी की जाएगी।
- **जारीकर्ता:** आर्थिक सलाहकार कार्यालय (OEA), DPIIT (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) द्वारा।
- **सेवाओं के लिए नया सूचकांक:** पहली बार 7 प्रमुख सेवाओं (बैंकिंग, प्रतिभूति, बीमा, पेंशन, रेलवे, हवाई यात्री और दूरसंचार) के लिए भी त्रैमासिक आधार पर 'सर्विस PPI' जारी किया जाएगा।
- WPI, आउटपुट PPI और सर्विस PPI की गणना 'मूल मूल्य' पर होगी, जबकि इनपुट PPI की गणना 'क्रेता मूल्य' पर होगी।
- **प्रमुख विशेषताएँ ( WPI 2022-23 नई शृंखला):**
  1. नई WPI शृंखला में वस्तुओं की कुल संख्या 697 से बढ़ाकर 957 कर दी गई है।
  2. नवीकरणीय ऊर्जा (सौर और पवन) के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा को भी 'ऊर्जा' श्रेणी में शामिल किया गया है।

3. कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को प्राथमिक वस्तुओं से हटाकर 'ईंधन और ऊर्जा' समूह में रखा गया है ।

4. वस्तुओं का आर्थिक महत्व तय करने के लिए शुद्ध व्यापार मूल्य (जीवीओ+आयात-निर्यात) के बजाय सकल उत्पादन मूल्य (GVO) का उपयोग किया गया है।

5. पुरानी 'कैरी-फॉरवर्ड' तकनीक की जगह बेहतर 'लक्षित माध्य इम्पुटेशन' विधि का इस्तेमाल किया गया है।

## 'नवाचार मंत्र' पहल का शुभारंभ

- **शुभारंभ :** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री द्वारा IIT दिल्ली में ।
- **उद्देश्य:** भारत के सबसे होनहार जमीनी स्तर के नवोन्मेषकों और प्रारंभिक चरण के उद्यमियों की पहचान करना, उनका पोषण करना और उन्हें सशक्त बनाना।
- **नोडल मंत्रालय:** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ।
- **क्रियान्वयन एजेंसियाँ :** राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (NIESBUD)।
- **तकनीकी ज्ञान भागीदार:** IIT दिल्ली का फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (FITT)।
- कार्यक्रम के जरिए दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों, आकांक्षी जिलों और कम विकसित क्षेत्रों के नवोन्मेषकों को मार्गदर्शन, पहचान और विकास के अवसर प्रदान किए जाएँगे।
- स्थानीय चुनौतियों और सामुदायिक प्रभाव के लिए समाधान तैयार करने वाले नवप्रवर्तकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम

- **शुभारंभ:** नई दिल्ली में 18 जून, 2026 को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री **प्रल्हाद जोशी** द्वारा।
- **नोडल मंत्रालय:** उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग - DFPD)।
- **उद्देश्य:** भारत की खाद्य सुरक्षा संरचना को मजबूत बनाना और खाद्यान्न भंडारण से जुड़े कार्यों की दक्षता बढ़ाना ।
- **प्रमुख विशेषताएँ:** यह प्रणाली गोदाम संचालन को बेहतर बनाने और शासन तंत्र को मजबूत करने के लिए एक **एकीकृत प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान** है।
    - ♦ यह सार्वजनिक क्षेत्र के खाद्यान्न भंडारण में **कृत्रिम बुद्धिमत्ता** (AI) और **इंटरनेट ऑफ थिंग्स** (IoT) आधारित प्रौद्योगिकियों की **विश्व की सबसे बड़ी तैनाती** है।
- **क्रियान्वयन:** इसे **केंद्रीय भंडारण निगम (CWC)** के 215 बोरी आधारित खाद्यान्न गोदामों में लागू किया गया है। **भारतीय खाद्य निगम (FCI)** द्वारा अतिरिक्त 150 गोदामों में इस प्रणाली को लगाया जा रहा है।

## स्मार्ट सीड कोटिंग तकनीक

- **विकासकर्ता:** आईसीएआर-भारतीय तिलहन अनुसंधान संस्थान (ICAR-IIOR), हैदराबाद।
- IIOR ने जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीली कृषि को बढ़ावा देने और कृषि उत्पादकता में सुधार लाने के लिए एक पेटेंट-प्राप्त **'बायोपॉलिमर-आधारित स्मार्ट सीड कोटिंग तकनीक'** प्रदर्शित की है।
- तकनीक बायोडिग्रेडेबल (जैव अपघटनीय) पदार्थों का उपयोग करके बीजों के चारों ओर एक **बहुक्रियाशील सुरक्षात्मक परत** का निर्माण करती है।
- यह परत लाभकारी सूक्ष्मजीवों, पोषक तत्वों, सूक्ष्म पोषक तत्वों, फसल सुरक्षा एजेंटों और पौधों की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले यौगिकों के लिए एक वाहक प्रणाली के रूप में कार्य करती है और इन्हें सीधे बीज-मिट्टी के संपर्क केन्द्र में पहुँचाती है।
- **बायोपॉलिमर:** यह बायोडिग्रेडेबल होते हैं तथा मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुँचाए बिना घुल जाते हैं। यह मिट्टी में हानिकारक रसायनों के संचय को रोकते हैं।

## 'ऑयलसीड्स किसान मित्र'

- व्हाट्सएप-आधारित एआई (AI) परामर्श सेवा।
- **विकास:** आईसीएआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑयलसीड्स रिसर्च (ICAR-IIOR), हैदराबाद द्वारा।
- **लॉन्च :** 6 फरवरी, 2026 को राष्ट्रीय तिलहन सम्मेलन में ।
- **उद्देश्य:** भारत में घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ाना और खाद्य तेलों के आयात पर निर्भरता कम करना।

- **लक्षित फसलें:** मूंगफली, सरसों, तिल, सूरजमुखी, सोयाबीन, नाइजर और अन्य सभी प्रमुख तिलहन फसलें।
- एआई-पावर्ड चैटबॉट किस्म के चयन, फसल प्रबंधन, कीट और रोग नियंत्रण, सिंचाई और कटाई के बाद की प्रक्रियाओं पर अनुसंधान-आधारित सलाह के साथ तुरंत जवाब देता है।

## BHARATI कार्यक्रम

- **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के अधीन **कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA)** ने अपने प्रमुख निर्यात सक्षमता एवं त्वरक कार्यक्रम **'BHARATI'** के पहले समूह का सफलतापूर्वक समापन किया है।
- **BHARATI :** भारत हब फॉर एग्रीटेक, रेजिलियन्स, अडवांसमेंट एंड इनक्यूबेशन फॉर एक्सपोर्ट इनोवेशन।
- **लक्ष्य:** भारत के APEDA-निर्धारित उत्पादों के निर्यात को **वर्ष 2030** तक **50 बिलियन अमेरिकी डॉलर (USD)** तक बढ़ाना।
- **उद्देश्य:** ऐसे **उच्च-क्षमता वाले स्टार्टअप्स की पहचान** करना और उन्हें **पोषित करना** जो कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को सशक्त बनाने के लिए **नवाचार, उत्पाद और तकनीक विकसित** कर रहे हैं।
- **चयन :** 22 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के **100 स्टार्टअप्स** का।

## सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs) में विदेशी भागीदारी बढ़ाने हेतु सुधार

- सरकार ने **आयकर (संशोधन) अध्यादेश, 2026** के माध्यम से विदेशी संस्थागत निवेशकों (FPI/FII) के लिए करों में छूट की घोषणा की है, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी।

| कर का प्रकार | पुरानी व्यवस्था (आयकर अधिनियम 2025 की धारा 210) | नई व्यवस्था (1 अप्रैल 2026 से लागू) |
|---|---|---|
| ब्याज आय | 20% कर देय | पूर्णतः कर मुक्त |
| अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (STCG) | 30% कर देय | पूर्णतः कर मुक्त |
| दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (LTCG) | 12.5% कर देय | पूर्णतः कर मुक्त |

- **सरकारी प्रतिभूति बाजार सुधार:** विदेशी निवेशक भारतीय बॉन्ड बाजार में मुख्य रूप से दो मार्गों से निवेश करते हैं:

1. **पूरी तरह से सुलभ मार्ग** (FAR): अब FAR फ्रेमवर्क के तहत 15-वर्षीय, 30-वर्षीय और 40-वर्षीय सरकारी प्रतिभूतियों के नए निर्गम और सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड्स (SGrBs) को भी शामिल कर लिया गया है।
   - FAR : यह विदेशी निवेशकों के लिए एक खुली पहुँच वाला चैनल है, जिसमें निवेश की कोई सीमा तय नहीं होती। इसे **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)** द्वारा **अप्रैल 2020** में शुरू किया गया था।
2. **सामान्य मार्ग**
   - रियायतें: सरकार ने इस मार्ग के तहत **अल्पकालिक निवेश सीमा, संकेंद्रण सीमा** और **G-Sec-वार निवेश सीमा** को हटा दिया है।
   - केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के लिए 6% और राज्य सरकार की प्रतिभूतियों (SGS) के लिए 2% की समग्र मात्रात्मक निवेश सीमा यथावत रखी गई है।

- **'सामान्य'** और **'दीर्घकालिक'** उप-श्रेणियों का एक ही सीमा में विलय कर दिया गया है।

## भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों (PROI) के लिए FEMA नियमों में उदारीकरण

- सरकार ने **'विदेशी मुद्रा प्रबंधन (गैर-ऋण उपकरण) (तीसरा संशोधन) नियम, 2026'** को अधिसूचित किया है, जिसके तहत निम्नलिखित बदलाव किए गए हैं:
  - **शेयर बाजार में प्रवेश:** अब भारत के बाहर रहने वाले व्यक्ति (Persons Resident Outside India-PROI) भी **'पोर्टफोलियो निवेश योजना'** के माध्यम से सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों के इक्विटी शेयरों में निवेश कर सकेंगे। पहले यह सुविधा केवल NRI (अनिवासी भारतीय) या **OCI** (भारत के विदेशी नागरिक) के लिए ही उपलब्ध थी।
  - **कंपनी में कुल निवेश सीमा में वृद्धि:**
    - **एक व्यक्तिगत PROI:** 5% से बढ़ाकर **10%**
    - **सभी व्यक्तिगत PROI : 10% से बढ़ाकर 24%**

## प्रथम कोयला गैसीकरण परियोजना

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 20 जून, 2026 को **आधारशिला** रखी।
- **स्थान: लखनपुर,** झारसुगुड़ा जिला **(ओडिशा)** में।
- **लागत:** 25,016 करोड़ रुपये।
- देश की **पहली वाणिज्यिक स्तर की 'कोयला-से-अमोनियम नाइट्रेट'** उत्पादन परियोजना है।
- **उत्पादन क्षमता:** प्रतिदिन 2,000 टन अमोनियम नाइट्रेट का उत्पादन करेगी।
- **विकास:** 'भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड' (BCGCL) द्वारा।
  - भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (BHEL) और कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) का संयुक्त उद्यम।
- **प्रौद्योगिकी :** इसमें BHEL द्वारा रसायन उत्पादन के लिए स्वदेशी रूप से विकसित कोयला गैसीकरण तकनीक 'प्रेशराइज्ड फ्लूइडाइज्ड बेड गैसीफिकेशन (PFBG)' का उपयोग किया जाएगा।
- **उपयोग:** मेथनॉल, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट, सिंथेटिक प्राकृतिक गैस और अन्य रासायनिक कच्चे माल जैसे कई मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन में किया जा सकता

## पीएम-सेतु योजना के तहत देश की पहली 'रणनीतिक निवेश योजना' (SIP) को मंजूरी

- **मंजूरी:** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) की राष्ट्रीय संचालन समिति (NSC) ने।
- यह मंजूरी PM-SETU योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम ITI क्लस्टर के लिए आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (AM/NS India) और उसके शैक्षणिक साझेदार न्यू एज मेकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NAMTECH) द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को दी गई है।
- **आंध्र प्रदेश:** SIP को लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है।

## विमानन टरबाइन ईंधन (ATF) मूल्य स्थिरीकरण कोष

- **उद्देश्य:** ATF मूल्य निर्धारण में स्थिरता और पूर्वानुमान प्रदान करना।
  - हवाई किरायों में होने वाली अस्थिरता को रोकना।
- **सहायता राशि:** 10,000 करोड़ रुपये।
- **क्रियान्वयन अवधि:** 3 वर्ष के लिए।
- **सहायता तंत्र:** वैश्विक कीमतों में वृद्धि के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए तेल विपणन कंपनियों (OMCs) को ब्याज मुक्त अग्रिम दिया जाएगा।
- **कवरेज:** भारतीय अनुसूचित एयरलाइनों (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों)।
- **विमानन टरबाइन ईंधन (ATF):** इसे जेट ईंधन भी कहा जाता है, यह मुख्य रूप से एक अत्यधिक परिष्कृत केरोसिन आधारित ईंधन है जिसका उपयोग गैस-टरबाइन इंजन वाले नागरिक और सैन्य विमानों में किया जाता है।

## RISA: 'टाइमलेस ट्राइबल'-जनजातीय शिल्प का प्रीमियम ब्रांड

- जनजातीय वस्त्रों, कढ़ाई और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए एक नए प्रीमियम ब्रांड का अनावरण किया है।
- **क्रियान्वयन एजेंसी:** ट्राईफेड, जनजातीय कार्य मंत्रालय।
  - **कार्यान्वयन भागीदार:** राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र (NDC) ।
- ट्राईफेड द्वारा पहले चरण में सात आदिवासी वस्त्र और कढ़ाई परंपराओं की पहचान की गई -
  - एरी और मूगा रेशम - असम
  - कोटपैड कपास - ओडिशा
  - चांग्पा पश्मीना - लद्दाख
  - टोडा कढ़ाई - तमिलनाडु
  - संथाल कपास- झारखंड
  - डोंगरिया कढ़ाई - ओडिशा
- तीन विशिष्ट भौगोलिक हस्तशिल्पों के लक्षित प्रचार को भी इसमें शामिल किया गया है:
  - लोंगपी पॉटरी : मणिपुर
  - तुरतुक पीतल की कटलरी : लद्दाख
  - डोखरा कला: छत्तीसगढ़
- **RISA स्टोर:** राजीव गाँधी हस्तशिल्प भवन, नई दिल्ली में उद्घाटन। (मार्च 2026 पेज संख्या 43)

### वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी अनुमान

- हाल ही में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनंतिम अनुमान और चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के त्रैमासिक अनुमान जारी किए हैं।
- **अंतिम अनुमान**
  - **वास्तविक GDP वृद्धि दर:** 7.7% ( वित्त वर्ष 2024-25 - 7.1% थी)।
  - **नॉमिनल GDP वृद्धि दर:** 8.9% ।
- ग्रॉस वैल्यू एडेड (GVA) वृद्धि: वास्तविक GVA में 7.9% और नॉमिनल GVA में 9.1% की वृद्धि दर्ज की गई है।
- चौथी तिमाही (Q4: जनवरी-मार्च)
  - वास्तविक GDP वृद्धि दर: 7.8% रही।
  - नॉमिनल GDP वृद्धि दर: 9.1%।
- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने जून 2026 की समीक्षा बैठक में वर्ष 2026-27 के लिये अनुमानित वास्तविक GDP विकास दर को 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया गया है।
- **नया आधार वर्ष:** 2022-23 (27 फरवरी 2026 को नई श्रृंखला जारी की गई)।

### भारत में 'कोयला एक्सचेंज' नियमों का प्रकाशन

- **प्रकाशन:** कोयला मंत्रालय ने 4 जून 2026 को कोयला एक्सचेंज शुरू करने के लिए 'कोयला एक्सचेंज नियम, 2026' प्रकाशित किए हैं।
- **उद्देश्य:** भारत की कोयला आपूर्ति श्रृंखला के आधुनिकीकरण और बाजार में पारदर्शिता लाना और उचित मूल्य प्राप्त करना
  - एक्सचेंज के शुरू होने से कोयला व्यापार में "एक से अनेक" मॉडल की जगह "अनेक से अनेक" प्रतिस्पर्धी मंच बनेगा।
- यह भारत में कोयले की खरीद-बिक्री के लिए एक केंद्रीकृत, इलेक्ट्रॉनिक और पारदर्शी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है
- **कानूनी आधार:** खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2025
- इस संशोधन अधिनियम ने ही पहली बार देश में 'खनिज एक्सचेंज' की अवधारणा को पेश किया था।
- **नियामक एजेंसी: कोयला नियंत्रक संगठन (CCO)**
  - कोयला मंत्रालय ने दिसंबर 2025 में CCO को कोयला एक्सचेंजों के पंजीकरण और विनियमन के लिए 'जिम्मेदार प्राधिकरण' के रूप में नामित किया।

### जोजिला सुरंग परियोजना

- जोजिला सुरंग में 9 जून 2026 को अंतिम ब्रेकथ्रू हासिल किया।
- **अवस्थिति:** राष्ट्रीय राजमार्ग-1 (NH-1) पर सोनमर्ग (बाल्टल), जम्मू-कश्मीर और कारगिल (मिनमर्ग), लद्दाख को जोड़ती है।
- यह देश की सबसे लंबी (लगभग 13.15 किलोमीटर) सिंगल-ट्यूब बाईडायरेक्शनल सुरंग होगी।
  - **ऊँचाई :** लगभग 11,578 फीट।
- **क्रियान्वयन एजेंसी:** राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (NHIDCL) द्वारा ।
- **निर्माण :** मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड (MEIL)।

### देश की पहली मालवाहक सड़क सुरंग (कोलकाता)

- हाल ही में कोलकाता में देश की पहली मालवाहक सड़क सुरंग बनाने के लिए मंजूरी दी गई।
- **उद्देश्य:** कोलकाता बंदरगाह को राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) -16 से जोड़ना।
- **अंडरवाटर टनल:** हुगली नदी के नीचे करीब 8.5 किलोमीटर लंबी जुड़वाँ ट्यूब सुरंग बनाई जाएगी।
- **विकासकर्ता:** कोलकाता पोर्ट अथॉरिटी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)।

### पुदुचेरी में दो नए विशेष आर्थिक क्षेत्रों (SEZ) को मंजूरी

- **मंजूरी:** 'अनुमोदन बोर्ड' (BoA) ने ।
  - BoA, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत सर्वोच्च अंतर-मंत्रालयी निकाय।

1. सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएँ (IT/

ITES) SEZ : थट्टानचावडी गाँव (औलगेरेट तालुक)

- **विकास:** औलगेरेट नगर पालिका द्वारा
- किसी शहरी स्थानीय निकाय (ULB) द्वारा विकसित किया जाने वाला देश का पहला IT/ITES SEZ होगा।

2. बहु-क्षेत्रीय SEZ : करासुर गाँव (विल्लियानूर तालुक)

### IS 20201 : 2026

- **जारी:** भारतीय मानक ब्यूरो (BIS)
- **तैयारकर्त्ता:** ICAR -राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो।
- मानक देशभर में सामुदायिक स्तर पर **कम्युनिटी सीड बैंक (CSB)** के प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तय करेगा।
- **उद्देश्य:** पारंपरिक और स्वदेशी बीजों का संरक्षण करना और कृषि क्षेत्र जो जलवायु चुनौतियों के प्रति अधिक मजबूत बनाना

### सोलर पीवी पोटेंशियल ऑफ इंडिया (फ्लोटिंग सोलर)

- राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE) द्वारा किए गए प्रथम व्यापक राष्ट्रीय आकलन के अनुसार, जलाशयों के केवल 20% क्षेत्रफल का उपयोग करके भारत के जलाशयों में लगभग 102 गीगावाट (GW) तैरती सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित की जा सकती है।
- रिपोर्ट के अनुसार, यदि किया जाए, तो भारत में तैरती सौर ऊर्जा (FSPV) की कुल संभावित क्षमता लगभग 102.18 गीगावाट है।
- **शीर्ष राज्य:** महाराष्ट्र (16.28 गीगावाट), मध्य प्रदेश (14.89 गीगावाट), कर्नाटक (13.69 गीगावाट)
- **ओंकारेश्वर:** देश की सबसे बड़ी तैरती सौर परियोजना ।
  - मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी पर स्थित।
  - वर्तमान क्षमता: 278 मेगावाट, लक्ष्य: 600 मेगावाट तक विस्तारित करना।

# 03 अंतर्राष्ट्रीय समसामयिकी

## महत्त्वपूर्ण यात्राएँ

### फ्रांस यात्रा

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 13 से 14 जून 2026 (नीस) तथा 16 से 19 जून 2026 (एवियन और पेरिस) तक फ्रांस की यात्रा पर रहे।
- **समझौते**–
  1. भारत-फ्रांस नवाचार रोडमैप 2030 को अपनाना: प्रौद्योगिकी और नवाचार, अनुसंधान और शिक्षा
  2. AI शासन पर केंद्रित संयुक्त भारत-फ्रांस AI कार्य समूह का गठन
  3. NSTI, कानपुर में एरोनॉटिक्स और संबद्ध क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु।
  4. फ्रांस में भारत की रीयल-टाइम भुगतान प्रणाली - UPI के उपयोग की विस्तारित संभावनाएँ
  5. स्टेशन एफ में अतिरिक्त 10 भारतीय स्टार्टअप्स का इनक्यूबेशन।
  6. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा इंस्टिट्यूट नेशनल द रिसर्चे एन साइंस एट टेक्नोलॉजिस दु न्यूमेरिक के बीच डिजिटल विज्ञान केंद्र की स्थापना।
  7. यूनिवर्सिते पेरिस-सैक्ले में "एआई, नवाचार और संस्कृति" पर एक ICCR इंडिया चेयर की स्थापना
  8. भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) और फ्रांस के हेल्थ डेटा हब के बीच आशय पत्र
  9. मौजूदा आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के आधार पर, अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य को साकार करने के लिए एक उच्च-स्तरीय तंत्र की स्थापना।
  10. आर्थिक सुरक्षा वार्ता शुरू करना
  11. भारत में रेलवे और उच्च गति रेलवे विकास पर सहयोग संबंधी आशय की घोषणा
  12. वर्गीकृत जानकारी के आदान-प्रदान और संरक्षण पर सामान्य सुरक्षा समझौता:
  13. ISRO और CNES के बीच सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण अनुसंधान और मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में सहयोग संबंधी आशय पत्र

### प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया यात्रा

- 14 से 16 जून 2026 तक स्लोवाकिया की आधिकारिक यात्रा पर रहे।
- यह स्लोवाकिया को वर्ष 1993 में स्वतंत्रता मिलने के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का इस देश का पहला दौरा है।
- भारत और स्लोवाकिया ने वर्ष 1993 में राजनयिक संबंध स्थापित हुआ था
- स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्विपक्षीय बैठक की
- स्लोवाकिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान, '**द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)**' से सम्मानित किया है. स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।
- **समझौता ज्ञापन/आशय पत्र**–
  1. श्रम प्रवासन के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन
  2. रक्षा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने हेतु आशय पत्र
  3. डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर समझौता ज्ञापन
  4. उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग
  5. ऑडियो-विजुअल के सृजन पर समझौता ज्ञापन
  6. कोसिसे टेक्नीकल यूनिवर्सिटी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में ICCR की प्रथम चेयर की स्थापना
  7. क्वांटम कम्यूनिकेशन और महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर के संरक्षण क्षेत्र में समझौता ज्ञापन
  8. राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, पुणे, आयुष मंत्रालय और स्लोवाक हेल्थ स्पा पिएस्टानी के बीच समझौता ज्ञापन

9. छात्रों के आदान-प्रदान हेतु पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्तियों और अनुसंधान सहयोग के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली और स्लोवाक तकनीकी विश्वविद्यालय के बीच समझौता
10. पर्यटन ऑपरेटर संघों के बीच पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग
11. भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (INSA) और स्लोवाक विज्ञान अकादमी (SAS) के बीच वैज्ञानिक सहयोग पर समझौता

❑ **घोषणाएँ**-

1. द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करना
2. आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना
3. कांसुलर संवाद की स्थापना

❑ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया की यात्रा के दौरान निम्नलिखित उपहार भेंट किए:**

♦ **स्लोवाकिया के स्पीकर रिचर्ड रासी को :** सुश्रुत संहिता और चरक संहिता

♦ **स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी को :** थेवा मोटिफ कफलिंक (राजस्थान की प्रसिद्ध थेवा कला), हिमरू सिल्क टाई एवं पॉकेट स्क्वायर (महाराष्ट्र की पारंपरिक हिमरू बुनाई), पीतल का डोकरा एंटीलोप सेट (आदिवासी धातु शिल्प)

♦ **स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को:** कश्मीरी सिल्क कारपेट

## सेशेल्स की राजकीय यात्रा

❑ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 27 से 29 जून 2026 तक सेशेल्स की राजकीय यात्रा पर रहे

❑ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. पैट्रिक हर्मिनी ने माहे द्वीप के विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में आधिकारिक वार्ता की।

❑ **समझौतें**-

1. सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और सेशेल्स के विदेश मंत्रालय के बीच समझौता: राजनयिकों के प्रशिक्षण, आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण में सहयोग।
2. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और सेशेल्स के केंद्रीय बैंक के बीच समझौता: सेशेल्स में यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू करने में सहयोग।
3. HLL लाइफकेयर लिमिटेड और सेशेल्स के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच समझौता: प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि योजना के तहत सस्ती जेनेरिक दवाओं और चिकित्सा सामग्री की आपूर्ति।
4. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और सेशेल्स के कृषि विभाग के बीच समझौता: कृषि अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा।
5. भारत और सेशेल्स के बीच प्रत्यर्पण संधि: अपराधियों के प्रत्यर्पण और अपराध-निरोधक सहयोग को मजबूत करना।
6. सेशेल्स के परिवहन, बंदरगाह एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय और भारत के बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के बीच समझौता: भारतीय नाविकों के प्रशिक्षण और प्रमाणपत्रों को सेशेल्स के जहाजों पर मान्यता।
7. भारतीय निर्यात-आयात बैंक और सेशेल्स सरकार के बीच समझौता: बुनियादी ढाँचा एवं विकास परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट)।
8. भारत और सेशेल्स के बीच बाह्य अंतरिक्ष सहयोग समझौता: उपग्रह, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और क्षमता निर्माण में सहयोग।
9. भारत और सेशेल्स के बीच राष्ट्रीय अस्पताल समझौता: सेशेल्स में नए राष्ट्रीय अस्पताल के विकास के लिए सहयोग।

❑ **घोषणाएँ**

1. भाारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मारक लोगो का अनावरण किया गया।
2. व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा केंद्र के लिए आभासी शिलान्यास समारोह
3. सेशेल्स तटरक्षक बल के लिए पीएस जोरोस्टर के नवीनीकरण का कार्य पूरा हुआ।

4. डोर्नियर विमान का ग्लास कॉकपिट के साथ उन्नयन
5. सेशेल्स आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI ) में शामिल हो गया है।

- **विकास सहायता**
  1. सेशेल्स सरकार को एक तीव्र गति वाले गश्ती पोत का उपहार।
  2. सेशेल्स रक्षा बल को 10 उपयोगिता वाहन और लेजर रेडियल श्रेणी की 5 नौकाओं का हस्तांतरण।
  3. सेशेल्स सरकार को 6 एम्बुलेंस, 500 मीट्रिक टन चावल और 8500 मीट्रिक टन सीमेंट सौंपे गए।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रपति के विशेष सम्मान - **'गार्जियन ऑफ द ब्ल्यू हॉरिजन'** से सम्मानित किया

### म्यांमार के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने, 1 जून, 2026 को राष्ट्रपति भवन में म्यांमार संघ गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम यू मिन आंग ह्लाइंग का स्वागत किया।
- यह एकमात्र ऐसा आसियान देश है जिसकी जमीनी सीमा भारत से लगती है।
- 2021 के सैन्य तख्तापलट के बाद राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग की पहली आधिकारिक भारत यात्रा।
- **उद्देश्य:** सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, महत्वपूर्ण खनिज, मानवीय सहायता एवं जन-जन संबंधों को मजबूत करना।
  1. **सुरक्षा सहयोग:** म्यांमार ने आश्वासन दिया कि उसकी भूमि का उपयोग भारत-विरोधी उग्रवादी संगठनों (NSCN-K एवं ULFA) द्वारा नहीं होने दिया जाएगा।
     - सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध संयुक्त सहयोग पर सहमति।
  2. **व्यापार एवं आर्थिक सहयोग:** रुपया-क्यात व्यापार तंत्र के माध्यम से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर सहमति।
     - कृषि-प्रसंस्करण, ऊर्जा, पेट्रोलियम एवं खनन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर जोर।
  3. **कनेक्टिविटी परियोजनाएँ:**
     - कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना को गति।
     - भारत-म्यांमार-थाईलैंड (IMT) त्रिपक्षीय राजमार्ग को शीघ्र पूरा करने पर सहमति।
  4. **रणनीतिक महत्व:** म्यांमार भारत की तीन प्रमुख नीतियों का महत्वपूर्ण स्तंभ है-एक्ट ईस्ट नीति,नेबरहुड फर्स्ट नीति,महासागर (MAHASAGAR) पहल
  5. **शिक्षा एवं जन-जन संबंध:** मेकांग-गंगा ICCR छात्रवृत्ति की संख्या 36 से बढ़ाकर 100 की गई।
  6. **महत्वपूर्ण खनिज:** Critical Minerals , व Rare Earth Elements (REEs) के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति।

### नेपाल

- नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने 5 से 7 जून तक भारत की यात्रा की।
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में मुलाकात की
- इस दौरान 2015 के भूकंप के बाद पुनर्निर्माण कार्यक्रम के तहत नेपाल को 72 स्वास्थ्य सुविधाएं और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं वर्चुअल माध्यम से सौंपीं।
- दोनों नेताओं ने सीमा पार व्यक्तिगत धन हस्तांतरण को सुगम बनाने के लिए भारत के UPI (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) और नेपाल के राष्ट्रीय भुगतान इंटरफेस के बीच संपर्क स्थापित करने की संयुक्त रूप से शुरुआत की।
- दोनों नेताओं ने **डिजिटल इंडिया भाषिनी** और **काठमांडू विश्वविद्यालय** के बीच नेपाल के लिए 'वॉयस फर्स्ट' भाषा अनुवाद मंच हेतु राष्ट्रीय डिजिटल अवसंरचना के सह-निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आदान-प्रदान को भी देखा।

## आयोजन/सम्मेलन/बैठक

### 35वीं भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (WMCC) बैठक

- **आयोजन:** बीजिंग, चीन
- वार्ता का मुख्य फोकस सीमा निर्धारण, सीमा प्रबंधन, तंत्र निर्माण और सीमा-पार सहयोग रहा।
- दोनों पक्षों ने एलएसी पर शांति एवं स्थिरता बनाए रखने

में हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा माना कि यह द्विपक्षीय संबंधों के सामान्यीकरण के लिए आवश्यक है।

- भारत ने सीमा-पार नदियों पर विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र की शीघ्र बैठक की आवश्यकता पर जोर दिया।
- भारत और चीन ने सीमा मुद्दे पर 25वें विशेष प्रतिनिधि (SR) वार्ता दौर की तैयारी करने पर सहमति व्यक्त की, जिसकी मेजबानी चीन करेगा।

# रिपोर्ट्स

## ग्लोबल पीस इंडेक्स 2026

- **जारीकर्ता :** इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस
- **भारत की स्थिति:**
  - 163 देशों में भारत 127वें
  - दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत 5वें नंबर पर है।
- रिपोर्ट के मुताबिक सूची में यूरोपीय देश आइसलैंड पहले नंबर पर है।
  - चीन को 81वां और
  - अमेरिका को 134वां स्थान मिला है।
  - सबसे अंतिम: रूस(163)यूक्रेन के साथ लंबे समय से चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण
- **रैंकिंग देश-**

| | |
|---|---|
| 1. आइसलैंड | 2. न्यूजीलैंड |
| 3. स्विट्जरलैंड | 4. स्लोवेनिया |
| 5. आयरलैंड | |

- **दक्षिण एशिया के देशों की रैंकिंग-**

| | |
|---|---|
| 16. भूटान | 67. श्रीलंका |
| 111. नेपाल | 117. बांग्लादेश |
| 127. भारत | 152. पाकिस्तान |
| 157. अफगानिस्तान | |

## 'सिपरी ईयरबुक 2026'

- **जारीकर्ता:** 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' (SIPRI)

**1. परमाणु हथियार (जनवरी 2026)**

- दुनिया भर में कुल: लगभग 12,187 परमाणु वॉरहेड्स हैं।
- चीन: इसके पास सबसे ज्यादा 620 वॉरहेड्स हैं।
- भारत: भारत के पास 190 वॉरहेड्स हैं (12 मिसाइलों पर तैनात)।
- पाकिस्तान: इसके पास 170 वॉरहेड्स हैं।

**2. सैन्य खर्च (2025)**

- वैश्विक खर्च: रिकॉर्ड 2.9 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचा। इसमें लगातार 11वें साल बढ़ोतरी हुई।
- अमेरिका (नंबर 1): इसका रक्षा बजट 954 बिलियन डॉलर है।
- चीन,रूस, जर्मनी
- भारत (नंबर 5): भारत 92.1 बिलियन डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर है।

**3. हथियारों का व्यापार**

- **हथियार आयात:** यूक्रेन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक है। वैश्विक आयात में भारत की हिस्सेदारी 8% है।
- **हथियार निर्यात:** दुनिया के 70% हथियार केवल 5 देश बेचते हैं। इसमें अमेरिका (42%) सबसे आगे है। बाकी देश फ्रांस, रूस, जर्मनी और चीन हैं।

**4. युद्ध का नया स्वरूप**

- बढ़ते संघर्ष: देशों के बीच आपसी युद्ध 2024 में 3 थे, जो 2025 में दोगुने होकर 6 हो गए।
- हाई-टेक वॉर (Tech-War): अब युद्धों में AI, ड्रोन ग्रुप (ड्रोन स्वार्म) और साइबर टूल्स का इस्तेमाल हो रहा है।
- खनिज और चिप्स: सेमीकंडक्टर और क्रिटिकल मिनरल्स (महत्वपूर्ण खनिजों) को भी अब हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।
- अमेरिका और रूस के पास 86% परमाणु हथियार है

## 'स्टेट ऑफ इंडियाज डिजिटल इकोनॉमी' 2026 रिपोर्ट

- **जारीकर्ता:** इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (ICIIER) के सेंटर फॉर इंटरनेट एंड डिजिटल इकोनॉमी द्वारा

- **प्रमुख निष्कर्ष**
  - भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है। (2025 में 8वाँ स्थान)
  - AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रदर्शन में भारत अमेरिका, चीन और सिंगापुर के बाद **चौथे स्थान** पर है।
  - भारत अब विश्व का **दूसरा सबसे बड़ा AI टैलेंट पूल** है।
- भारत ने डिजिटल व्यापार के जरिए 328 अरब डॉलर राजस्व अर्जित किया
  - इस रिपोर्ट में 71देश शामिल थे

## क्यूएस विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग 2027

- **जारीकर्त्ता :** QS (Quacquarelli Symonds)
- इसमें 1500 से अधिक विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन किया गया।
- **भारत के शीर्ष संस्थान**
  - IIT, दिल्ली - 118वाँ स्थान (भारत में प्रथम)
  - IIT मुंबई - 134वाँ स्थान
  - IIT, मद्रास - 170वाँ स्थान
- **विश्व के शीर्ष 5 विश्वविद्यालय**

1. मैसाचुसेट्स प्रौद्योगिकी संस्थान (एमआईटी), अमेरिका
2. स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका (संयुक्त द्वितीय स्थान)
   इम्पीरियल कॉलेज लंदन, ब्रिटेन (संयुक्त द्वितीय स्थान)
3. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटेन
4. हार्वर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका

13\. पेकिंग विश्वविद्यालय, चीन

25\. टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख, जर्मनी

- **भारत की समग्र स्थिति–**
  - रैंकिंग में भारत के 52 विश्वविद्यालय शामिल हैं।
  - संस्थानों की संख्या के आधार पर भारत विश्व में **पाँचवें** स्थान पर है।
  - भारत से आगे अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और जर्मनी हैं। वर्ष 2015 में 11 संस्थानों की तुलना में 2027 में 52 संस्थान शामिल हुए।
  - कोई भी भारतीय संस्थान अभी तक विश्व के शीर्ष 100 में स्थान प्राप्त नहीं कर पाया है।

## QS वर्ल्ड फ्यूचर स्किल्स इंडेक्स 2027

- **शीर्ष देश:** संयुक्त राज्य अमेरिका (USA)।
- **भारत की स्थिति:**
  - समग्र रैंक: 13वाँ।
  - भविष्य की कार्य-तत्परता : 5वाँ स्थान।
  - आर्थिक परिवर्तन : 14वाँ स्थान।
  - जनसांख्यिकीय लाभ: 5.8 मिलियन के साथ विश्व का सबसे बड़ा आईटी कार्यबल तथा विशाल युवा आबादी।
  - कौशल संरेखण : 18वाँ स्थान; उच्च शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच कौशल असंगति।
  - शैक्षणिक तत्परता : 22वाँ स्थान; संस्थानों का AI एवं डिजिटल युग के अनुरूप धीमा अनुकूलन।
- **प्रतिभा पलायन :** 2030 तक लगभग 10 लाख भारतीय छात्रों के विदेश में अध्ययन की संभावना।

## विश्व जलविद्युत आउटलुक 2026

- **जारीकर्ता:** इंटरनेशनल हाइड्रोपावर एसोसिएशन (IHA) – गैर-लाभकारी सदस्यता संगठन।
- **वैश्विक जलविद्युत क्षमता (2025):** 1,469 गीगावाट।
- **वैश्विक पंप स्टोरेज क्षमता:** पहली बार 200 गीगावाट से अधिक।
- **विशेषता:** पंप स्टोरेज विश्व की सबसे बड़ी दीर्घकालिक ऊर्जा भंडारण तकनीक है।
- **अनुमान:** अगले 10 वर्षों में पंप स्टोरेज क्षमता दोगुनी होने की संभावना।
- **चीन:** 2025 में वैश्विक जलविद्युत क्षमता वृद्धि में 40% से अधिक योगदान।
- **भारत:** 2025 में 4 गीगावाट से अधिक नई जलविद्युत क्षमता जोड़कर रूस को पीछे छोड़ते हुए विश्व का 5वाँ सबसे बड़ा जलविद्युत उत्पादक देश बना।
- **भारत में स्थिति**
  - अनुमानित क्षमता (CEA): 288 गीगावाट।
  - वर्तमान परिचालन क्षमता: 10 परियोजनाएँ, कुल 7. 425 गीगावाट।
  - भारत का लक्ष्य: 2035-36 तक 100 गीगावाट पंप स्टोरेज क्षमता विकसित करना।

## विश्व मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि स्थिति (SOFIA) 2026 रिपोर्ट

- **जारीकर्ता:** खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने
- **विषय:** नीला परिवर्तन: दृष्टि को प्रभाव में बदलना' ("Blue Transformation: Vision into Action
- **वैश्विक स्थिति**
  - वर्ष 2024 में वैश्विक जलीय उत्पादन 235 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा।
  - इसमें 195 मिलियन टन जलीय जीव तथा 40 मिलियन टन शैवाल शामिल थे।
  - वर्ष 2022 की तुलना में उत्पादन में 5.2% वृद्धि दर्ज की गई।
  - मत्स्यपालन का उत्पादन 142 मिलियन टन रहा।
  - कुल जलीय जीव उत्पादन में मत्स्यपालन की हिस्सेदारी 53% रही।
- **भारत की उपलब्धियाँ**
  - भारत ने 2024 में वैश्विक जलीय जीव उत्पादन का 9% उत्पादन किया।
  - वैश्विक मत्स्यपालन उत्पादन में भारत का योगदान 12% है।
  - भारत चीन के बाद **दूसरा** सबसे बड़ा जलीय उत्पादक देश रहा।
  - अंतर्देशीय मत्स्य उत्पादन में भारत विश्व में **प्रथम** स्थान पर रहा।
  - भारत ने नदियों, झीलों एवं मीठे जल स्रोतों से 22 लाख टन मछली उत्पादन किया।
  - मत्स्यपालन उत्पादन में भारत विश्व में **दूसरे** स्थान पर रहा।
  - भारत, चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश शीर्ष 5 उत्पादक देशों में शामिल हैं।
  - ये पांच देश मिलकर वैश्विक जलीय उत्पादन का 82% उत्पादन करते हैं।
- **प्रमुख चिंता**
  - जैविक रूप से सतत समुद्री मछली भंडार का अनुपात घट रहा है।
  - यह 2021 के 64.5% से घटकर 2023 में 62.4% रह गया।

## ऊर्जा संक्रमण सूचकांक 2026

- **जारीकर्ता:** विश्व आर्थिक मंच
- यह सूचकांक देशों की स्वच्छ, सुरक्षित और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली की प्रगति को मापता है।
- **भारत की स्थिति**
  - भारत को 120 में से 70वां स्थान प्राप्त हुआ (पिछले साल 71 स्थान)
  - भारत के कुल स्कोर में वर्ष-दर-वर्ष 1.9% वृद्धि दर्ज की गई।
  - कम-कार्बन उत्सर्जन वाले रोजगारों में 24% वृद्धि हुई।
  - नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार 25% बढ़कर 13 लाख तक पहुंच गया।
  - इस वृद्धि में जलविद्युत क्षेत्र की प्रमुख भूमिका रही।
- **शीर्ष देश**–

  1. स्वीडन 2. फिनलैंड 3. डेनमार्क
- **सिंगापुर :** 10 स्थान ऊपर चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गया। इसका प्रमुख कारण मजबूत नीतियाँ और राजनीतिक प्रतिबद्धता रही।
- **वैश्विक रुझान**–
  - एक दशक से अधिक समय में पहली बार ऊर्जा संक्रमण की तैयारी में गिरावट दर्ज की गई।
  - वैश्विक ऊर्जा निवेश 3.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।
  - इसमें से 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में निवेश किया गया।
- शीर्ष 20 में छह जी20 सदस्य देश शामिल थे:

  जर्मनी (9वाँ) फ्रांस (10वाँ)
  यूनाइटेड किंगडम (11वाँ) चीन (14वाँ),
  ब्राजील (17वाँ) संयुक्त राज्य अमेरिका (19वाँ)।

## कंटेनर पोर्ट परफॉर्मेंस इंडेक्स (CPPI) 2025

- **जारीकर्ता:** विश्व बैंक और एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस द्वारा
- **जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (JNPA):** 22वाँ स्थान।
- **सर्वश्रेष्ठ निजी बंदरगाह:** पिपावाव पोर्ट वैश्विक स्तर पर 28वें स्थान पर

- **मुंद्रा पोर्ट :** 5 स्थान फिसलकर 30वें पायदान पर
- **विशाखापत्तनम पोर्ट:** भारी गिरावट के साथ 104वें स्थान पर पहुंच गया।
- **प्रथम स्थान:** फूजो बन्दरगाह (चीन)

### भारत विश्व का अग्रणी जहाज पुनर्चक्रण राष्ट्र (2025)

- संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (UNCTAD) की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2025 में विश्व का सबसे बड़ा जहाज पुनर्चक्रण राष्ट्र बन गया।
- वैश्विक बाजार हिस्सेदारी: 2024 में 30.1% से बढ़कर 2025 में 35.4%।
- **पुनर्चक्रण मात्रा:** 2025 में 2.99 मिलियन सकल टन , जो 2024 की तुलना में लगभग 60% अधिक है।
- समुद्री भारत विजन 2030 का लक्ष्य 5 वर्ष पहले ही प्राप्त किया।
- गुजरात का अलंग-सोसिया शिप रीसाइक्लिंग क्लस्टर, जो विश्व का सबसे बड़ा जहाज पुनर्चक्रण केंद्र है।
- अलंग-सोसिया क्लस्टर भारत की कुल जहाज पुनर्चक्रण गतिविधि का लगभग 97% हिस्सा संभालता है।

### इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क

- **जारीकर्ता:** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (IIRF)
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (IIRF) ने 2026 के लिए भारत के टॉप 10 सरकारी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है
- **वर्ष 2026 के लिए भारत के टॉप 10 सरकारी विश्वविद्यालय**

  1 जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
  2 दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
  3 जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
  4 हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना
  5 बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तर प्रदेश
  6 अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
  7 राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर, राजस्थान
- **वर्ष 2026 के लिए भारत के टॉप प्रबंधन विश्वविद्यालय**

  1. IIM अहमदाबाद
  2. IIM कलकत्ता
  3. IIM बैंगलुरू
  4. फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय
  5. IIM लखनऊ
- **वर्ष 2026 के लिए भारत के टॉप इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय**

  1. IIT बॉम्बे
  2. IIT मद्रास
  3. IIT दिल्ली
  4. IIT खड़गपुर
  5. IIT कानपुर

### WEF टेक्नोलॉजी पायनियर्स 2026

- **जारीकर्ता:** विश्व आर्थिक मंच (WEF)
- इसमें 23 देशों की 100 स्टार्टअप्स को शामिल किया गया।
- इसमें 9 भारतीय स्टार्टअप्स का चयन।

  1. एयरबाउंड
  2. बेलैट्रिक्स एयरोस्पेस
  3. बॉर्डरप्लस
  4. ध्रुव स्पेस
  5. एथेरियल एक्सप्लोरेशन गिल्ड
  6. फर्मबॉक्स बायो
  7. ऑर्बिटऐड
  8. सरला एविएशन
  9. वराहा
- WEF में शामिल भारतीय कंपनियों की कुल संख्या 28 हो गई।
- **शीर्ष देश**
  - अमेरिका - 43
  - चीन - 10

## समझौता

- नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने कंबोडिया में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) की सुविधा शुरू करने के लिए ACLEDA बैंक के साथ आधिकारिक तौर पर साझेदारी की है।
  - UPI सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, फ्रांस, मॉरीशस, नेपाल, भूटान, कतर और श्रीलंका सहित आठ देशों में स्वीकार किया जाता है।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अंडरवाटर आर्कियोलॉजी विंग और डेनमार्क के नेशनल म्यूजियम के 'न्योर्ड- सेंटर फॉर मैरीटाइम एंड अंडरवाटर कल्चरल हेरिटेज' (कोपेनहेगन) ने 1619 ईस्वी में पुडुचेरी के कराईकल तट के पास डूबे ऐतिहासिक डेनिश जहाज 'ओरेसंड' (Oresund) के अवशेषों का पता लगाने और उनके दस्तावेजीकरण के लिए एक संयुक्त जलमग्न पुरातात्विक परियोजना पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

## अमेरिका और ईरान ऐतिहासिक शांति वार्ता: लेक ल्यूसर्न सम्मेलन

- स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टाक रिजॉर्ट में
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने फ्रांस के वर्साय पैलेस में 14 सूत्रीय प्रारंभिक समझौता मसौदे (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।
- इसे **इस्लामाबाद मेमोरैंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग** नाम दिया गया है।
- **पेरिस से तेहरान तक डिजिटल डिप्लोमेसी:** राष्ट्रपति **डोनल्ड ट्रंप** ने फ्रांस के वर्साय पैलेस में और ईरानी राष्ट्रपति **मसूद पेजेश्कियान** ने तेहरान से किए वर्चुअल हस्ताक्षर।
- **मध्यस्थ की भूमिका में पाकिस्तान–कतर:** स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टाक रिजॉर्ट में आमने-सामने की टेबल पर बैठे वाशिंगटन और तेहरान के अधिकारी; पाक पीएम शहबाज शरीफ बने गारंटर।
- **60 दिनों का 'फायरफाइट हॉल्ट':** परमाणु कार्यक्रम पर यथास्थिति बनाए रखने और यूरेनियम संवर्धन कम करने की शर्त पर टला संकट।
- अमेरिका 30 दिनों के भीतर ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नौसैनिक नाकाबंदी और प्रतिबंधों को धीरे-धीरे हटा लेगा।
- **होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खोला गया:** ईरान जलडमरूमध्य के माध्यम से स्वतंत्र और सुरक्षित वाणिज्यिक नौवहन की सुविधा प्रदान करेगा।
- **पुनर्निर्माण योजना:** ईरान के लिए कम से कम 300 अरब डॉलर का आर्थिक विकास और पुनर्निर्माण ढांचा।

## भारत-अमेरिका महत्वपूर्ण खनिज सहयोग समझौता (2026)

- 26 मई 2026 को भारत और United States ने महत्वपूर्ण खनिजों तथा दुर्लभ मृदा तत्वों की सुरक्षित और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **समझौते का नाम:** स्ट्रेटेजिक क्रिटिकल मिनरल्स कोऑपरेशन फ्रेमवर्क
- **हस्ताक्षरकर्ता:** नई दिल्ली में आयोजित क्वाड बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो ने।
- **उद्देश्य**
  - महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित, विश्वसनीय और विविध बनाना।
  - वैश्विक खनिज एवं विनिर्माण क्षेत्र में चीन पर निर्भरता कम करना।
  - उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- **सहयोग के प्रमुख क्षेत्र:** यह समझौता तीन प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देगा-**खनन,प्रसंस्करण,पुनर्चक्रण**
- यह समझौता अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) निर्माण, विद्युत वाहन, स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियाँ, रक्षा प्रौद्योगिकियाँ आदि क्षेत्रों के लिए आवश्यक खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

## भारत-यूके व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (CETA) 2026

- भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (CETA) 15 जुलाई 2026 से लागू होगा।
- भारत-यूके सामाजिक सुरक्षा समझौता (Double Contribution Convention-DCC) भी 15 जुलाई 2026 से लागू होगा।
- CETA पर 24 जुलाई 2025 को लंदन में हस्ताक्षर किए गए थे।
- DCC पर 10 फरवरी 2026 को हस्ताक्षर किए गए थे।
- CETA के तहत भारत के लगभग 99% निर्यात को यूके बाजार में शून्य-शुल्क (Zero Duty) पहुंच मिलेगी।
- भारत-यूके रोडमैप 2030 का लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।
- CETA में कुल 30 अध्याय शामिल हैं, जो इसे अगली पीढ़ी का व्यापार समझौता बनाते हैं।
- यूके ने भारत को 137 सेवा उप-क्षेत्रों में अब तक की सबसे व्यापक बाजार पहुंच प्रदान की है।
- आईटी, आईटीईएस, वित्तीय सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंजीनियरिंग एवं परामर्श सेवाएं CETA से सर्वाधिक लाभान्वित होंगी।

- समझौते के तहत बिजनेस विजिटर, इंट्रा-कॉर्पोरेट ट्रांसफरी, स्वतंत्र पेशेवर और निवेशकों को बेहतर गतिशीलता (Mobility) सुविधा मिलेगी।
- हर वर्ष 1,800 भारतीय शेफ, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीतकार विशेष गतिशीलता प्रावधानों का लाभ उठा सकेंगे।
- DCC के तहत दोहरी सामाजिक सुरक्षा अंशदान (Dual Social Security Contribution) से छूट की अवधि 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष कर दी गई है।
- इस प्रावधान से 75,000 से अधिक भारतीय पेशेवरों और 900 से अधिक भारतीय कंपनियों को लाभ मिलने की संभावना है।
- प्रसंस्कृत खाद्य, समुद्री उत्पाद, वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग वस्तुएं एवं ऑटो-पार्ट्स पर यूके के आयात शुल्क शून्य किए जाएंगे।
- भारत ने डेयरी, खाद्य तेल, तिलहन, अनाज, मिलेट्स और कुछ कृषि उत्पादों को संवेदनशील सूची में सुरक्षित रखा है।
- CETA में पहली बार द्विपक्षीय स्तर पर सरकारी खरीद को शामिल किया गया है।

### अमेरिका-इजराइल-लेबनान त्रिपक्षीय समझौता

- **उद्देश्य:** हिजबुल्लाह का निरस्त्रीकरण एवं सीमा क्षेत्र में स्थिरता स्थापित करना।
- **लेबनान को लाभ:** संघर्षग्रस्त क्षेत्रों पर सरकार का नियंत्रण पुन: स्थापित करने में सहायता।
- **इजराइल का आश्वासन:** हिजबुल्लाह के निरस्त्रीकरण के बाद लेबनान की भूमि पर कोई क्षेत्रीय दावा नहीं।
- **अमेरिका की भूमिका:** समझौते का प्रमुख मध्यस्थ एवं समन्वयक।
- MCG4L: समझौते के क्रियान्वयन हेतु लेबनान के लिए त्रिपक्षीय सैन्य समन्वय समूह (Military Coordination Group for Lebanon) का गठन।
- मानवीय सहायता: अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के समन्वय से 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल सहायता देने की घोषणा की

# विविध

### भारत-ब्रिटेन 'ग्लोबल सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी' का शुभारंभ

- यह वेधशाला TEXMiN (टेक्नोलॉजी इनोवेशन इन एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग फाउंडेशन) की एक संयुक्त पहल है, (जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (ISM) धनबाद के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित एक प्रौद्योगिकी अनुवाद अनुसंधान पार्क है)
- **उद्देश्य:** वैश्विक महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी और विश्लेषण के लिए एक डेटा-संचालित मंच बनाना है।
- इस पहल की घोषणा अक्टूबर 2025 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की बैठक में हुई थी और मार्च 2026 में इसके अनुसंधान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे।

### टर्क्वाइज नेक्सस इनिशिएटिव (TNI)

- तुर्किये की COP31 (2026) अध्यक्षता और खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने टर्क्वाइज नेक्सस इनिशिएटिव (TNI) का अनावरण किया।
- **उद्देश्य:** विकासशील देशों को राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDCs) एवं पेरिस समझौते के कार्यान्वयन में खाद्य-जल-जलवायु दृष्टिकोण अपनाने में सहायता देना।

### UN सुरक्षा परिषद के लिये चुने गए 5 नए देश

- **चुनाव:** संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा
- **नए गैर स्थायी सदस्य:** ऑस्ट्रिया, पुर्तगाल, किर्गिस्तान (पहली बार), त्रिनिदाद और टोबैगो, तथा जिम्बाब्वे।
    - **कार्यकाल:** 1 जनवरी 2027 से 31 दिसंबर 2028
    - ये देश निवर्तमान अस्थायी सदस्यों डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा और सोमालिया का स्थान लेंगे।
- **अन्य पाँच अस्थायी सदस्य:** बहरीन, कोलंबिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लातविया और लाइबेरिया (जो वर्ष 2026 में निर्वाचित हुए और वर्ष 2027 तक कार्य करेंगे)

### AUKUS

- AUKUS देशों ने समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने की घोषणा की है

- **परमाणु-संचालित पनडुब्बियां**
    - ऑस्ट्रेलिया को परमाणु-संचालित पनडुब्बी क्षमता विकसित करने में सहायता दी जाएगी।
    - अमेरिका और ब्रिटेन तकनीकी एवं प्रशिक्षण सहयोग देंगे।
    - 2027 से ऑस्ट्रेलिया में अमेरिकी पनडुब्बियों की तैनाती होगी।
- **उन्नत प्रौद्योगिकियाँ**
    - AI, क्वांटम तकनीक और साइबर सुरक्षा पर सहयोग।
    - अंडरवाटर ड्रोन और स्वायत्त सैन्य प्रणालियों का विकास।
    - इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और सूचना साझाकरण पर ध्यान।

- **AUKUS क्या है?**
    - AUKUS एक त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी है।
    - इसमें ऑस्ट्रेलिया, यूके और अमेरिका शामिल हैं।
    - इसकी स्थापना सितंबर 2021 में हुई थी।
    - उद्देश्य: हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बढ़ाना।

## भारत-जापान संयुक्त क्रेडिटिंग तंत्र (JCM)

- भारत और जापान ने पेरिस समझौते के अनुच्छेद 6.2 के तहत संयुक्त क्रेडिटिंग तंत्र (Joint Crediting Mechanism - JCM) के कार्यान्वयन नियमों को मंजूरी दी है।
- **संयुक्त क्रेडिटिंग तंत्र (JCM) क्या है-**
    - JCM एक द्विपक्षीय जलवायु सहयोग तंत्र है।
    - इसके तहत भारत और जापान ऐसी परियोजनाओं में सहयोग करेंगे जो ग्रीनहाउस गैस (GHG) उत्सर्जन को कम करती हैं।
    - इन परियोजनाओं से प्राप्त उत्सर्जन कटौती को कार्बन क्रेडिट के रूप में मान्यता दी जाएगी।
    - यह भारत और जापान दोनों के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDCs) को प्राप्त करने में सहायता करेगा।
- **प्रमुख प्रावधान**
    - दोनों देशों के प्रतिनिधियों वाली संयुक्त समिति (Joint Committee) की स्थापना।
    - परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए पारदर्शी प्रक्रिया।
    - स्वतंत्र तृतीय-पक्ष द्वारा सत्यापन एवं प्रमाणन।
    - सतत विकास एवं पर्यावरण सुरक्षा उपाय।
    - कार्बन क्रेडिट जारी करने और हस्तांतरण के लिए राष्ट्रीय रजिस्ट्रियों की व्यवस्था।
- **पेरिस समझौते का अनुच्छेद 6.2**
    - अनुच्छेद 6.2 देशों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तांतरित शमन परिणाम (ITMOs) के आदान-प्रदान की अनुमति देता है।
    - देश अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उत्सर्जन कटौती इकाइयों (Carbon Credits) का व्यापार कर सकते हैं।
- मेजबान देश निवेश, तकनीक एवं क्षमता निर्माण के बदले कार्बन क्रेडिट अन्य देशों को हस्तांतरित कर सकता है।

## मस्कट कार्य योजना

- **शुभारंभ:** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस
- यह ओमान, संयुक्त राष्ट्र नरसंहार निवारण एवं सुरक्षा उत्तरदायित्व कार्यालय (UNOSAPG) तथा धार्मिक एवं पारंपरिक शांति-निर्माताओं के नेटवर्क के नेतृत्व में विकसित एक बहु-हितधारक पहल है।
- यह हेट स्पीच की रोकथाम तथा नरसंहार एवं अन्य अत्याचार अपराधों की रोकथाम में पारंपरिक, स्थानीय एवं स्वदेशी हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देती है।
- **उद्देश्य:** समुदाय-आधारित शांति निर्माण तंत्र को मजबूत करना तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है।

## ब्लू वैली क्लस्टर

- **शुभारंभ:** असम सरकार और यूरोपीय संघ ने
- **स्थान:** गुवाहाटी में
- फ्लेवर, सुगंध और आयुष क्षेत्रों पर केंद्रित है।
- **उद्देश्य:** सतत मूल्य श्रृंखलाओं, नवाचार पारिस्थितिकी तंत्रों और औद्योगिक साझेदारियों के विकास में यूरोप, असम और व्यापक उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के बीच सहयोग को मजबूत करना है।

- असम औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड और फेडरेशन ऑफ यूरोपियन बिजनेसेज इन इंडिया ने निवेश, व्यावसायिक साझेदारी और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### ऑपरेशन अमिस्ताद

- विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वेनजुएला में भूकंप आपदा के बाद मानवीय सहायता के तहत घोषणा की।
- इसके तहत भारतीय वायु सेना के दो सी-17 विमान भूकंप के बाद राहत कार्यों में सहायता के लिए रवाना हुए।
- **स्पेनिश भाषा में अमिस्ताद का अर्थ:** मित्रता
- इस सहायता में भारतीय सेना की एक फील्ड अस्पताल इकाई और 35 टन से अधिक राहत सामग्री, दवाएं और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं, जिनमें दो भीष्म क्यूब भी शामिल हैं।

## चर्चित व्यक्तित्व

| चर्चित व्यक्तित्त्व | विवरण |
|---|---|
| निकोल पाशिन्यान | • आर्मेनिया के प्रधान मंत्री ने हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में जीत दर्ज की। |
| सुश्री मेटे फ्रेडरिक्सन | • डेनमार्क की प्रधानमंत्री (लगातार तीसरी बार) |
| रूमेन रादेव | • बुल्गारिया के प्रधानमंत्री |
| अबी अहमद अली | • इथियोपिया के प्रधानमंत्री, संसदीय चुनावों में निर्णायक जीत हासिल की। |
| हान सियोंग सूक | • दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने हान सियोंग सूक को देश के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया।<br>• प्रधानमंत्री किम मिन सियोक अपने पद से इस्तीफा देने वाले हैं। |
| नीलकंठ मिश्रा | • विश्व बैंक मुख्यालय, वाशिंगटन डीसी में तीन साल के कार्यकाल के लिए कार्यकारी निदेशक नियुक्त |
| खलीलुर रहमान | • बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) के 81वें सत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है |
| रॉबर्ट ए. एफ. थुरमन | • प्रख्यात अमेरिकी बौद्ध विद्वान, लेखक और शिक्षाविद का 16 जून 2026 को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।<br>• वे पश्चिम में तिब्बती बौद्ध धर्म के सबसे प्रभावशाली विचारकों और अनुवादकों में से एक थे।<br>• तिब्बती आध्यात्मिक गुरु 14वें दलाई लामा द्वारा दीक्षा प्राप्त करने वाले पहले अमेरिकी तिब्बती बौद्ध भिक्षु के रूप में जाना जाता है।<br>• भारत सरकार ने उन्हें वर्ष 2020 में पद्म श्री से सम्मानित किया था। |
| प्रोफेसर बिमल एन. पटेल | • 2026-2035 कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून न्यायाधिकरण के न्यायाधीश के रूप में चुना गया है। |
| विवेक अग्रवाल | • फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) का उपाध्यक्ष चुना गया है,<br>• पहली बार है जब भारत इस प्रतिष्ठित वैश्विक संस्था में उपाध्यक्ष का पद संभालेगा |
| कीर स्टारमर | • ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा देने की घोषणा की |
| एलोन मस्क | • अमेरिकी शेयर बाजार (Nasdaq) में SpaceX का ऐतिहासिक IPO लॉन्च होने के बाद एलोन मस्क आधिकारिक तौर पर दुनिया के पहले ट्रिलियनेयर (Trillionaire – खरबपति) बन गए है। |
| जिमी डोनाल्डसन | • जिन्हें MrBeast Net Worth के नाम से जाना जाता है, यूट्यूब पर 500 मिलियन (50 करोड़) सब्सक्राइबर्स का आंकड़ा पार करने वाले इतिहास के पहले व्यक्तिगत क्रिएटर बन गए हैं डायमंड प्ले बटन मिला। |

# चर्चित स्थान

| चर्चित स्थान | विवरण |
|---|---|
| केशम द्वीप | • अमेरिका ने केशम द्वीप पर निगरानी (सर्विलांस) सुविधाओं पर हमला किया।<br>• ईरानी के दक्षिणी तट के साथ जाग्रोस पर्वतमाला के दक्षिणी किनारे पर स्थित है।<br>• यह होर्मुज जलसंधि के निकट फारस की खाड़ी में स्थित सबसे बड़ा द्वीप है।<br>• इसे 'सात अजूबों का द्वीप' भी कहते है। |
| मलेशिया | • 16 वर्ष से कम आयु के उपयोगकर्ताओं के लिए सोशल मीडिया खातों पर प्रतिबंध लगाया। |
| UAE | • 15 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया अकाउंट नहीं बना सकेंगे और ऐसा करने वाला यह पहला अरब देश बना है। |
| ऑस्ट्रेलिया | • 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया चलाने पर प्रतिबंध लगाया। |
| बांग्लादेश | • अन्तर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस में शामिल होने वाला 27वाँ देश। |
| बोलिविया | • देश में बढ़ती महँगाई और आर्थिक दबाव के कारण चलते विरोध प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति रोड्रिगो पाज ने आपातकाल की घोषणा की। |
| जापान | • टाइफून जंगमी ने दक्षिण–पश्चिमी और मुख्य जापान में भारी तबाही मचाई। |
| उज्बेकिस्तान | • न्यू डेवलपमेंट बैंक में शामिल होने वाला 10वाँ व मध्य एशिया का प्रथम देश बन गया है। |

# महत्त्वपूर्ण वन लाइनर

- भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता 1 जून, 2026 से लागू हो गया। भारत ने अब तक 15 मुक्त व्यापार समझौते किए हैं जिनमें 27 देश शामिल हैं।
- भारत–जिम्बाब्वे संयुक्त रक्षा समिति (जेडीसी) की पहली बैठक 4 जून, 2026 को नई दिल्ली में हुई।
- यूनाइटेड किंगडम के **लिवरपूल विश्वविद्यालय** को कर्नाटक के **बेंगलुरु** में अपना शाखा परिसर स्थापित करने के लिए स्वीकृति पत्र (एलओए) सौंप दिया।
- बांग्लादेश ने पद्म नदी पर **पद्मा बैराज** परियोजना को मंजूरी प्रदान की।
- दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवारत 565 भारतीय शांति सैनिकों, जिनमें 53 महिलाएं शामिल हैं, को संघर्ष प्रभावित देश में नागरिकों की रक्षा करने और शांति निर्माण प्रयासों का समर्थन करने के प्रति उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया है।
- भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों, अर्हत सारिपुत्र और अर्हत महामोग्गलाना के पवित्र अवशेषों को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर किस स्थान पर में स्थापित किया गया? **मंगोलिया के उलानबातर स्थित गंडंतेगचेनलिंग मठ**
- **भारत गौरव अवार्ड** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगा।
- जल संरक्षित हरियाणा परियोजना के लिए चार हजार करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है? **विश्व बैंक ने**
- भारत के कौनसे युद्धपोत दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती के दौरान 22 जून, 2026 को वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी स्थित न्हा रोंग बंदरगाह पहुंचे? **आईएनएस उदयगिरि तथा आईएनएस कवरत्ती**
- वडोदरा स्थित भारी जल बोर्ड सुविधा (एचडबल्यूबीएफ) में बहुमुखी ड्यूटेरेटेड यौगिक उत्पादन संयंत्र (वीडीपीपी) का उद्घाटन किया और 24 केए प्रोटोटाइप सोडियम सेल को चालू किया।
- सेंसर टावर की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा डाउनलोड किया जाने वाला डिजिटल वॉलेट ऐप कौनसा है? **फोनपे**
- भारत और चीन 7वीं शताब्दी के प्रसिद्ध बौद्ध भिक्षु एवं विद्वान **ह्वेनसांग** की यात्रा-वृत्तांत पुस्तक 'The Great Tang Records on the Western Regions' को

UNESCO की मान्यता दिलाने के लिए संयुक्त नामांकन की संभावना पर चर्चा कर रहे हैं।

- गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 194 साल के **जोनाथन कछुए** को 'आइकॉन' का खिताब दिया है। यह कछुआ जमीन पर रहने वाला दुनिया का सबसे बुजुर्ग जीवित जीव बन गया है.
- फिलीपींस के मिंडानाओ क्षेत्र में 7.8 तीव्रता का भूकंप
- चीनी AI स्टार्टअप **Zipu AI (Z-ai)** ने अपना नवीनतम लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)-**GLM-5.2** लॉन्च किया।
- ग्वाटेमाला के **वोल्कैन डी फ्यूगो**(Volcxn de Fuego) ज्वालामुखी में हाल ही में कई जबरदस्त विस्फोट हुए हैं, जिनमें चट्टानों के गिरने और राख के गुबार उठने जैसी घटनाएं सामने आई हैं
- चीन और बांग्लादेश ने मोंगला बंदरगाह के पास एक **आर्थिक क्षेत्र** (Economic Zone) विकसित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने HIV/एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में 2030 तक समाप्त करने के लिए एक नई राजनीतिक घोषणा को अपनाया है
    - **95-95-95 लक्ष्य:** इसका उद्देश्य 2030 तक 95% लोगों को अपनी स्थिति के बारे में जानकारी देना, 95% लोगों को उपचार तक पहुंच प्रदान करना और 95% लोगों में वायरल दमन प्राप्त करना है।
- इंडिगो का एयरबस ए320 भारत के स्वदेशी **'गगन'** (GAGAN) सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम की मदद से सफलतापूर्वक लैंड करने वाला देश का पहला वाणिज्यिक जेट विमान बना।'
- **खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (KABIL)** ने अर्जेंटीना में **CAMYEN** के साथ अनुबंध के तहत् पांच महत्वपूर्ण (क्रिटिकल) खनिज ब्लॉक्स का अधिग्रहण किया
- रिलायंस इंडस्ट्रीज की प्रौद्योगिकी शाखा, जियो प्लेटफॉर्म्स, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा हाल ही में जारी नवीनतम पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) रैंकिंग में वैश्विक शीर्ष 20 में शामिल हो गई है।
- बेंगलुरू स्थित Skydo कनाडा के Retail Payment Activities Act (RPAA) के तहत आधिकारिक तौर पर रजिस्ट्रेशन हासिल करने वाली देश की पहली सीमा पार (cross-border) पेमेंट कंपनी बन गई है।
- ब्रिटेन ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।
- नॉर्वे ने प्राथमिक विद्यालयों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग पर लगभग प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी

### स्टारशिप वी3 (फ्लाइट-12) परीक्षण

- स्पेसएक्स ने विशाल पुन: प्रयोज्य रॉकेट स्टारशिप V3 का 12वां एकीकृत परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न किया।
- यह तीसरी पीढ़ी (V3) के स्टारशिप का पहला उड़ान परीक्षण था।
- **प्रमुख विशेषताएँ**–
  - यह स्टारशिप कार्यक्रम की 12वीं परीक्षण उड़ान तथा V3 संस्करण की पहली उड़ान थी।
  - नया रॉकेट लगभग 124 मीटर ऊँचा है।
  - इसमें पहली बार रैप्टर-3 इंजन और नए लॉन्च पैड का उपयोग किया गया।
  - मिशन के दौरान डमी स्टारलिंक उपग्रहों को अंतरिक्ष में तैनात कर पेलोड क्षमता का प्रदर्शन किया गया।
- **रॉकेट का प्रक्षेपण:** टेक्सास स्थित स्टारबेस से
- लगभग एक घंटे की उप-कक्षीय उड़ान के बाद इसकी हिंद महासागर में नियंत्रित स्प्लैशडाउन लैंडिंग हुई।

### मावेन

- नासा ने मंगल ग्रह की परिक्रमा कर रहे अपने मेवेन अंतरिक्ष यान के मिशन के समाप्त होने की घोषणा की है।
- **कारण:** लगभग छह महीने तक कोई संपर्क नहीं होने के बाद नासा ने पुष्टि की कि एक दशक से अधिक समय तक चले इस मिशन का अंत हो गया है।
- वर्ष 2013 में प्रक्षेपित किया गया था।

### सोलर-1 (SOLAR-1) उपग्रह

- **चर्चा में क्यों?** अमेरिका ने अपना पहला समर्पित अंतरिक्ष मौसम निगरानी उपग्रह SOLAR-1 सक्रिय किया है।
- यह अमेरिका का पहला स्पेस वेदर मॉनिटरिंग उपग्रह है।
- **संचालन:** National Oceanic and Atmospheric Administration (NOAA)
- **पुराना नाम:** SWFO-L1A
- **उद्देश्य:** सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम की निगरानी व सौर तूफानों की प्रारंभिक चेतावनी देना।
- **प्रक्षेपण यान :** स्पेसएक्स फाल्कन 9
- **स्थान:** यह सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु 1 (L1) पर स्थित है, जो पृथ्वी से लगभग 10 लाख (1 मिलियन) मील दूर है, जिससे बिना किसी बाधा के निरंतर सौर अवलोकन संभव हो पाता है।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### जोरावर टैंक

- **चर्चा में क्यों:** DRDO ने भारत के स्वदेशी हल्के टैंक, जोरावर के प्रोटोटाइप का अनावरण किया है
- 2028-29 में जोरवार लाइट टैंक को सेना में शामिल किया जाएगा
- **विकास:** DRDO और लार्सन एंड टुब्रो ने संयुक्त रूप से
- **नाम:** सैन्य जनरल जोरावर सिंह कहलूरिया के नाम पर
- इसका वजन लगभग 25 टन है।
- यह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में प्रभावी हमला करने और सीमित तोपखाना सहायता देने में सक्षम है।
- इसे पहाड़ी, सीमावर्ती और द्वीपीय क्षेत्रों सहित विभिन्न भूभागों में संचालन के लिए डिजाइन किया गया है।
- इसमें AI, ड्रोन इंटीग्रेशन और जलस्थलीय संचालन जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं।

### ICGS अक्षय

- भारतीय तटरक्षक बल ने 27 जून, 2026 को गोवा स्थित गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में नई पीढ़ी के त्वरित गश्ती जहाज (FPV) ICGS अक्षय को अपने बेड़े में शामिल किया
- **निर्माण और डिजाइन:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा
- यह 'अदम्य श्रेणी' का चौथा जहाज है,

- **अक्षय का अर्थ होता है** – 'जो कभी नष्ट न हो'
- इसमें 65% से अधिक स्वदेशी उपकरणों का उपयोग किया गया है।
- **गति और क्षमता:** जहाज की अधिकतम गति 27 नॉट (knots) से अधिक है और इसकी क्षमता 1,500 समुद्री मील (नॉटिकल माइल्स) तक लगातार यात्रा करने की है
- यह लगभग 52 मीटर लंबा है और इसका वजन 320 टन है।
- यह जहाज समुद्री सीमाओं की निगरानी, त्वरित कार्रवाई और तटीय सुरक्षा को नई मजबूती देगा।

## भारत की पहली स्वदेशी लंबी दूरी की हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल (LR-ASHM)

- **चर्चा में क्यों?** DRDO ने 1 मई, 2026 को ओडिशा तट पर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप) से सफल परीक्षण किया।
- **मारक क्षमता:** 1500 km
- **तकनीक:** इसमें दो-चरण वाले ठोस रॉकेट मोटर और अत्याधुनिक हाइपरसोनिक ग्लाइड व्हीकल (HGV) तकनीक का उपयोग।
- **गति:** अधिकतम मैक 10 (Mach 10) तक और ग्लाइड चरण में लगभग मैक 5 की औसत गति बनाए रखती है।

## लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM)

- डीआरडीओ ने 15 जून 2026 को परीक्षण स्थल डॉ. ए. पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप, ओडिशा में लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM) का सफल उड़ान परीक्षण किया
- **प्रकार:** स्वदेशी लंबी दूरी की भूमि-पर-हमला करने वाली सबसोनिक क्रूज मिसाइल।
- **उत्तराधिकारी:** निर्भय क्रूज मिसाइल कार्यक्रम की उत्तराधिकारी।
- **विकास :** DRDO
- **नोडल प्रयोगशाला:** वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान , बेंगलुरु।
- **मारक क्षमता:** लगभग 1,000 किमी।
- **विशेषता:** भूभाग के बेहद निकट उड़ान भरकर रडार से बचने में सक्षम।

## नेत्र एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (AEW-C) सिस्टम

- हाल ही में DRDO द्वारा विकसित स्वदेशी नेत्र एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम को अंतिम परिचालन स्वीकृति प्राप्त हुई है।
- इससे भारतीय वायुसेना की हवाई निगरानी एवं प्रारंभिक चेतावनी क्षमता और अधिक सुदृढ़ होगी।
- एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एक विमान-आधारित निगरानी प्रणाली है।
- इसमें लगे उन्नत रडार एवं सेंसर हवाई, समुद्री एवं निम्न-ऊँचाई वाले लक्ष्यों का लंबी दूरी से पता लगाते हैं।
- यह शत्रु के विमान, मिसाइल, ड्रोन तथा इलेक्ट्रॉनिक उत्सर्जन का पता लगाकर प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करता है तथा युद्धक्षेत्र में कमांड एवं कंट्रोल में सहायता करता है।
- **विकास:** DRDO का सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (CABS)।
- **सहयोग:** भारतीय वायुसेना एवं भारतीय उद्योग।
- **प्लेटफॉर्म:** ब्राजील के एम्ब्रेयर EMB-145I विमान पर स्थापित।

## S-400

- रूस ने AI -सक्षम S-400 वायु रक्षा प्रणाली का चौथा स्क्वाड्रन वितरित किया।
- यह डिलीवरी भारत और रूस के बीच 2018 में हस्ताक्षरित 5.43 अरब डॉलर के उस समझौते का हिस्सा है जिसके तहत पांच S-400 रेजिमेंटल सिस्टम खरीदे जाने थे।
- शेष स्क्वाड्रन की डिलीवरी 2027 में होने की उम्मीद है
- S-400 ट्रायम्फ विश्व की सबसे उन्नत लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों में से एक है।
- एआई-आधारित लक्ष्यीकरण से ऑपरेटरों को हवाई खतरों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने में मदद मिलेगी।
- सिस्टम पर सभी आने वाले लक्ष्यों को प्रदर्शित किया जाएगा और एआई खतरे की प्रकृति के आधार पर सुझाव प्रदान करेगा।

- हालांकि, अंतिम निर्णय ऑपरेटर का ही रहेगा।
- **परास:** 600km
- नाटो देश इसे 'SA-21 ग्रोलर' भी कहते हैं।

**अन्य प्रमुख वायु और मिसाइल रक्षा प्रणालियाँ**

1. S-500 प्रोमेते (रूस)
2. THAAD (संयुक्त राज्य अमेरिका)
3. आयरन डोम (इजरायल)
4. पैट्रियट PAC-3 (संयुक्त राज्य अमेरिका)
5. HQ-9 (चीन)

### रुद्रम-II

- चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में DRDO और भारतीय वायु सेना ने स्वदेशी रुद्रम-II मिसाइल का हवाई प्लेटफॉर्म से सफल उड़ान परीक्षण किया।
- **विकास:** इमारत अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद
- **सहयोग:** रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, शस्त्र अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, क्षेत्रीय सैन्य विमानन योग्यता केंद्र, मिसाइल प्रणाली गुणवत्ता आश्वासन एजेंसी
- **परास:** 300 km
- यह 200 किलोग्राम के वारहेड से लैस है।
- **गति:** मैक 5.5 की अधिकतम
- यह हवा-से-सतह मे मार करने वाली मिसाइल है।

## भारतीय नौसेना में INS दूनागिरि, INS संशोधक और INS अग्रय की कमीशनिंग

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 21 जून, 2026 को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भारतीय नौसेना के प्रथम पंक्ति के तीन अत्याधुनिक जहाजों- INS दूनागिरि, INS संशोधक और INS अग्रय को कमीशन किया।

### INS दूनागिरि

- यह प्रोजेक्ट 17A के तहत निर्मित आधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट है।
- यह नीलगिरि श्रेणी का **पांचवां** और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता द्वारा निर्मित इस श्रेणी का **दूसरा** युद्धपोत है।
- **डिजाइन:** युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा।
- 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग।
- सुपरसोनिक सतह-से-सतह मिसाइलों, उन्नत वायु रक्षा प्रणालियों, मीडियम-रेंज गन, क्लोज-इन वेपन सिस्टम तथा अत्याधुनिक पनडुब्बी-रोधी युद्धक क्षमताओं से लैस ।
- यह हेलीकॉप्टर संचालन क्षमता से युक्त है।
- उच्च-स्तरीय समुद्री अभियानों और बहुआयामी युद्धक भूमिकाओं के लिए तैयार किया गया है।

**प्रोजेक्ट 17A**

- भारत के गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट कार्यक्रम का अगला चरण (पहले के शिवालिक-श्रेणी 'प्रोजेक्ट 17' के जहाजों पर आधारित)।
- ' नीलगिरि श्रेणी के 7 मल्टी-मिशन स्टील्थ फ्रिगेट का निर्माण।
  - चार (नीलगिरि, उदयगिरि, तारागिरि, महेंद्रगिरि) का निर्माण **माझगांव डॉक शिपबिल्डिंग लिमिटेड (MDL),** मुंबई द्वारा।
  - तीन (हिमगिरि, दूनागिरि, विंध्यगिरि) का निर्माण **गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता** द्वारा।

### INS संशोधक

- यह हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पोत है।
- सर्वे वेसल (लार्ज) श्रेणी का चौथा जहाज है। इस श्रेणी के अन्य जहाज- INS संधायक, INS निर्देशक और INS इक्षक ।
- **निर्माण:** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता द्वारा ।
- यह अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक और समुद्र-विज्ञान प्रणालियों के साथ-साथ चार सर्वे मोटर बोट्स (SMB) से सुसज्जित है।
- इसमें ट्विन-इंजन डीजल प्रोपल्शन सिस्टम और अत्याधुनिक जहाज प्रबंधन प्रणाली है।
- **बहुउद्देश्यीय भूमिका निभाने में सक्षम:** आवश्यकता पड़ने पर इसे हॉस्पिटल शिप के रूप में भी परिवर्तित किया जा सकता है।
- यह हेलीकॉप्टर संचालन की सुविधा से लैस है।

### INS अग्रय

- यह 5वाँ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटरक्राफ्ट (ASW SWC) है।
- अन्य चार ASW SWC- INS अरनाला, INS एन्ड्रोथ, INS माहे, INS मालवन
- **निर्माण:** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता द्वारा।
- यह अत्याधुनिक सोनार, टॉरपीडो, पनडुब्बी-रोधी, टॉरपीडो, पनडुब्बी-रोधी रॉकेट तथा उन्नत कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम से सुसज्जित है।
- तटीय व कम गहराई वाले समुद्री क्षेत्रों में तीव्र एवं प्रभावी संचालन के लिए डिजाइन किया गया है।

### अत्याधुनिक हथियार प्रणाली परिसर

- **स्थान:** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी (डीआरडीएल), हैदराबाद
- **उद्घाटन:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### नेशनल मिलिट्री ड्रोन टेक्नोलॉजी हब

- **स्थान:** IIT कानपुर
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA)
- रक्षा मंत्रालय ने लगभग रु. 500 करोड़ की लागत से स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है
- इस हब में ड्रोन के डिजाइन, प्रशिक्षण, प्रमाणन, सुरक्षित डेटा लिंकिंग और अन्य उन्नत तकनीकों का विकास किया जाएगा.
- यह देश का पहला ऐसा केंद्र होगा जो सैन्य ड्रोन प्रणालियों के लिए व्यापक प्रमाणन सुविधा उपलब्ध कराएगा.
- IIT कानपुर में पहले से ही ड्रोन प्रौद्योगिकी के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र है।

### नौसेना शौर्य वाटिका

- **स्थान:** लखनऊ, उत्तरप्रदेश
- **उद्घाटन:** 30 मई 2026 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने।
- ओपन-एयर नौसैनिक संग्रहालय ।
- INS गोमती की कलाकृतियाँ एवं TU-142M संग्रहालय ।
- TU-142M एक लंबी दूरी का समुद्री गश्ती विमान है।

### भारत का पहला 'मेड इन इंडिया' C-295 सैन्य विमान

- टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस ने गुजरात के वडोदरा में निर्मित पहले 'मेड इन इंडिया' C-295 सैन्य परिवहन विमान की पहली सफल परीक्षण उड़ान पूरी की।
- **विशेषताएँ**-
  - भारत के निजी क्षेत्र द्वारा निर्मित पहले सैन्य विमान की सफल टेस्ट फ्लाइट।
  - C-295 सैनिकों, सैन्य उपकरणों और राहत सामग्री के परिवहन में सक्षम है।
  - यह छोटी एवं दुर्गम हवाई पट्टियों से भी उड़ान भर सकता है।
- भारतीय वायुसेना को कुल 56 C-295 विमान मिलेंगे।
- 16 विमान स्पेन में बने, जबकि 40 विमान वडोदरा (गुजरात) में बनाए जा रहे हैं।

### पीसकीपर (अग्निवेग)/कमिकाजे

- स्वदेशी रक्षा कंपनी SMPP ने सेना को 106 टर्बोजेट इंजन से चलने वाले 'कामिकाजे' ड्रोन सौंपे।
- **परास:** 180km
- **गति :** 450km/h
- 100 ऑपरेशनल और 6 ट्रेनिंग ड्रोन सेना को सौंप दिए हैं।
- **विकास:** बेलारूसी फर्म केबी इंडेला के सहयोग से।
- लक्ष्य निर्धारित होने के बाद ये पूरी तरह से ऑटोनॉमस (स्वतंत्र) होकर सटीक प्रहार करते हैं।
- इनका सर्कुलर एरर प्रोबेबल (CEP) 5 मीटर से भी कम है, यानी ये टारगेट को लगभग शून्य त्रुटि के साथ नष्ट कर सकते है
- ये लोइटरिंग म्यूनिशन श्रेणी के ड्रोन हैं, जो दुश्मन के रडार, तोपखाने, कमांड सेंटर और लॉजिस्टिक्स हब जैसे महत्वपूर्ण और रणनीतिक ठिकानों से सीधे टकराकर भारी विस्फोट के साथ उन्हें नेस्तनाबूद कर देते हैं।

### भारत बना बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) सिस्टम वाला दुनिया का 5वां देश

- हाल ही में DRDO ने फेज-II बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) प्रणाली के अंतर्गत उन्नत इंटरसेप्टरों का सफल परीक्षण किया है।

- **प्रमुख क्षमताएँ**
  1. दो-स्तरीय सुरक्षा कवच :
     - Exo-Atmospheric: वायुमंडल के बाहर अवरोधन।
     - Endo-Atmospheric: वायुमंडल के भीतर अवरोधन।
  2. AD-1 और AD-2 उन्नत इंटरसेप्टर।
  3. 1500+ किमी तक निगरानी करने वाला रडार।

### INS तारकश

- भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट INS तारकश 12 जून 2026 को विक्टोरिया (सेशेल्स) पहुंचा।
- यह दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी परिचालन तैनाती पर है।
- INS तारकश ने सेशेल्स तटरक्षक बल के जहाज PS Zoroaster को भारत से सेशेल्स पहुंचाया।
- PS Zoroaster का मरम्मत कार्य Garden Reach Shipbuilders-Engineers, कोलकाता में पूरा हुआ था।
- यह भारत-सेशेल्स के बीच समुद्री सहयोग, जहाज निर्माण एवं रखरखाव साझेदारी को दर्शाता है।

### INS शारदा

- INS शारदा 13 जून 2026 को कोलंबो, श्रीलंका से रवाना हुई।
- **उद्देश्य:** भारत-श्रीलंका समुद्री सहयोग और मित्रता को मजबूत करना था।
- श्रीलंका नौसेना के साथ पेशेवर, प्रशिक्षण एवं खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं।
- श्रीलंकाई नौसैनिकों को छोटे हथियार संचालन, अग्निशमन, प्राथमिक चिकित्सा और बचाव प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया।
- मैत्रीपूर्ण खेल एवं पेशेवर आदान-प्रदान से दोनों नौसेनाओं की अंतर-संचालन क्षमता बढ़ी।
- यह दौरा भारत की महासागर (MAHASAGAR & Mutual and Holistic Advancement for Security and Growth Across Regions) पहल के अनुरूप क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जैव प्रौद्योगिकी

### नैनोमेडिसिन: स्तन कैंसर उपचार में नई सफलता

- **चर्चा में क्यों?** पुणे स्थित Agharkar Research Institute (ARI) के वैज्ञानिकों ने स्तन कैंसर के लिए एक नवीन जैव-अपघटनीय नैनोकैरियर आधारित जीन-साइलेंसिंग तकनीक विकसित की है, जो ट्यूमर की वृद्धि को प्रभावी रूप से रोक सकती है।
- **आधार:** यह तकनीक जैव-अपघटनीय मेसोपोरस सिलिका नैनोकणों (MPPM) पर आधारित है, जो एक नैनोकैरियर (दवा पहुँचाने वाले वाहन) के रूप में काम करते हैं।
- **लक्ष्य :** स्तन कैंसर कोशिकाओं पर मौजूद MUC1 रिसेप्टर को निशाना बनाने के लिए इसमें MUC1-विशिष्ट एप्टामर का उपयोग किया गया है। इससे दवा सीधे कैंसर कोशिकाओं तक पहुँचती है, स्वस्थ कोशिकाओं को नहीं।
- **दोहरी जीन-साइलेंसिंग** - यह नैनोकैरियर एक साथ siRNA (स्मॉल इंटरफेयरिंग आरएनए) के जरिए कैंसर को बढ़ाने वाले दो मुख्य जीनों को ब्लॉक (निष्क्रिय) करता है:
  - **MCL-1 जीन**
  - सर्वाइविन जीन
- **स्मार्ट रिलीज:** ट्यूमर के पास पहुँचकर ग्लूटाथियोन-रिस्पॉन्सिव डिजाइन के कारण दवा स्वत: और नियंत्रित तरीके से रिलीज हो जाती है

### ANCHOR (Atlas of Neurochemical Characterisation of the Human Brainstem with 3D Reconstruction)

- IIT मद्रास ने ANCHOR नामक मानव ब्रेनस्टेम का विश्व का सबसे विस्तृत त्रि-आयामी (3D) एटलस जारी किया है।
- **विकास:** सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर
- इसमें प्रसवपूर्व अवस्था से लेकर बचपन और वयस्क अवस्था तक के ब्रेनस्टेम का विस्तृत अध्ययन शामिल है।
- यह MRI, ऊतक विज्ञान तथा न्यूरोकेमिकल विश्लेषण को एकीकृत करता है।
- इसे दुनिया भर के शोधकर्ताओं एवं चिकित्सकों के उपयोग हेतु सार्वजनिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

- उच्च-रिजॉल्यूशन एवं बहुआयामी मानचित्रण।
- यह पूरे मानव मस्तिष्क को 3D सेल-रिजॉल्यूशन एटलस में परिवर्तित करने वाला उच्च-थ्रुपुट इमेजिंग एवं कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है।
- **ब्रेनस्टेम :** ब्रेनस्टेम मस्तिष्क का वह भाग है जो मस्तिष्क को मेरुरज्जु से जोड़ता है। यह शरीर की अनेक अनैच्छिक क्रियाओं को नियंत्रित करता है, जैसे- श्वसन

### प्लविविक्टो

- नोवार्टिस इंडिया ने उन्नत (मेटास्टैटिक) प्रोस्टेट कैंसर के लिए देश की पहली रेडियोलिगैंड थेरेपी 'प्लविविक्टो' (Pluvicto) लॉन्च की है।
- यह दवा सीधे ट्यूमर कोशिकाओं को लक्षित करती है, जिससे स्वस्थ ऊतकों को नुकसान कम से कम होता है।

## कृत्रिम बुद्धिमता

### 'वार्या' AI मॉडल

- इंडिया AI मिशन के सहयोग से एआई-नेटिव ट्रांसफॉर्मेशन कंपनी अवतार (AVATAAR) ने स्वदेशी वीडियो-स्टोरी जनरेटिंग AI मॉडल 'वार्या' (Varya) लॉन्च किया।
- **विकास:** इंडिया AI मिशन की AI कंप्यूटिंग अवसंरचना के सहयोग से।
- यह Text-to-Video AI मॉडल है, जो टेक्स्ट या छवि को वीडियो और कहानी में बदल सकता है।
- 'वार्या' वीडियो निर्माण प्रक्रिया को 50 चरणों से घटाकर 4 चरणों में लाता है।
- यह प्रमुख वैश्विक मॉडलों की तुलना में 10 गुना अधिक लागत-कुशल है।
- वीडियो निर्माण की अनुमानित लागत 0.48 प्रति सेकंड बताई गई है।
- मॉडल को भारत की भाषाई, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।

### सुपर वैक्सीन

- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने AI की मदद से दुनिया की पहली 'सुपर-वैक्सीन' विकसित की है।
- यह टीका किसी एक वायरस के बजाय पूरे कोरोना वायरस परिवार को बेअसर करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## प्रमुख अभ्यास

### 23वां खान क्वेस्ट

- **आयोजन:** 20 जून से 3 जुलाई, 2026 तक, फाइव हिल्स ट्रेनिंग एरिया, उलानबातर, मंगोलिया
- **भागीदार:** भारतीय सेना के 40 जवानों वाले दल में जाट रेजिमेंट की एक बटालियन के सैनिकों के साथ-साथ अन्य सशस्त्र बलों और सेवाओं के जवान भी शामिल हैं।
- यह बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास है।

- **त्रुटि:** मई 2026 मैग्जीन में प्रगति अभ्यास में भागीदार देश 11 बताए गए है, जबकि 13 देशों ने भाग लिया था।

## प्रमुख समझौतें

- रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए 20 उन्नत क्षमता वाले वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (ECGNSS) जैमर की खरीद के लिए बेंगलुरु स्थित अकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (ASSPL) के साथ 449 करोड़ रुपये की कुल लागत के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें न्यूनतम 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री शामिल है।
- डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन (DIBD) और उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) के बीच एक समझौता हुआ है।
  - **उद्देश्य:** देश के निवेश, स्टार्टअप और व्यापार से जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर बहुभाषी(22 भाषाओं) पहुंच को मजबूत करना।
- डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (DIBD) और असम इनोवेशन एंड स्टार्टअप फाउंडेशन (AISF) ने असम में भाषा प्रौद्योगिकी और बहुभाषी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए
- भारतीय अंतरिक्ष प्रणोदन स्टार्टअप बेलैट्रिक्स एयरोस्पेस और दक्षिण कोरिया की स्पेस एआई समाधान कंपनी टेलीपिक्स ने 2028 तक वेरी लो अर्थ ऑर्बिट (VLEO) यानी पृथ्वी की अत्यंत निचली कक्षा में संचालित होने वाले अगली पीढ़ी के पृथ्वी-अवलोकन उपग्रह को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

# विविध-गतिविधियाँ

## द्वितीय पीढ़ी के डीजल समतुल्य जैव ईंधन का निर्माण परियोजना

- **चर्चा में क्यों?** प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने पुणे स्थित मेसर्स ग्रीनजूल्स प्राइवेट लिमिटेड को इस योजना के लिए समर्थन प्रदान किया है।
- **उद्देश्य:** कृषि अपशिष्ट और कृषि-प्रसंस्करण अवशेषों से उन्नत जैव ईंधन के उत्पादन हेतु वाणिज्यिक स्तर की सुविधा स्थापित करना है।
- इस परियोजना में अभिलाषा बायोफ्यूल्स (एबीएफ) के उत्पादन के लिए एक ग्रीनफील्ड विनिर्माण संयंत्र स्थापित करना शामिल है।
- **अभिलाषा बायोफ्यूल्स**
  - एबीएफ अगली पीढ़ी का नवीकरणीय डीजल और नेफ्था का विकल्प है जिसे पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है।
  - 'ड्रॉप-इन' ईंधन के रूप में डिजाइन किया गया, एबीएफ मौजूदा इंजनों, ईंधन प्रणालियों या वितरण बुनियादी ढांचे में किसी भी संशोधन की आवश्यकता के बिना पारंपरिक जीवाश्म-आधारित डीजल को सीधे प्रतिस्थापित कर सकता है।

## मेजरना 2

- यह माइक्रोसॉफ्ट की अगली पीढ़ी की टोपोलॉजिकल क्वांटम चिप है।
- **विकास:** माइक्रोसॉफ्ट के 'माइक्रोसॉफ्ट डिस्कवरी' एजेंटिक AI प्लेटफॉर्म की मदद से।
- यह मेजराना 1 की तुलना में 1,000 गुना अधिक विश्वसनीय है।
- इसके क्यूबिट औसतन लगभग 20 सेकंड तक अपनी क्वांटम अवस्था बनाए रख सकते हैं।

## सुपरनोवा SN 2023 zcu

- 2023 में खोजा गया SN 2023 zcu सुपरनोवा पृथ्वी से लगभग 90.7 मिलियन प्रकाश-वर्ष दूर आकाशगंगा NGC 2139 में स्थित है।
- यह टाइप IIP कोर-कोलैप्स सुपरनोवा है, जो विशाल लाल सुपरजायंट तारे के विस्फोट से बनता है।
- अध्ययन में पाया गया कि मूल तारे का द्रव्यमान सूर्य के लगभग 12 गुना था।
- शोध में Aryabhatta Research Institute of Observational Sciences के वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

## ArsenSafe

- यह पीने के पानी में आर्सेनिक का तेजी से और किफायती तरीके से पता लगाने के लिए एक पोर्टेबल, हाथ में पकड़ने योग्य डिवाइस है
- **विकास:** IIT भुवनेश्वर ('स्कूल ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड कंप्यूटर साइंसेज' के शोधकर्ताओं ने एक इनक्यूबेटेड स्टार्टअप 'नैनो सेमिक प्राइवेट लिमिटेड' के सहयोग से)

## आईआईटी गांधीनगर में नई अनुसंधान पहलें

- डॉ. जितेंद्र सिंह ने आईआईटी गांधीनगर में केंद्रीय उपकरण सुविधा और तीन नए अनुसंधान क्लस्टरों का शुभारंभ किया,
  - उन्नत सामग्री अनुसंधान क्लस्टर (एएमआरसी)
  - ऊर्जा अनुसंधान क्लस्टर (ईआरसी)
  - स्वास्थ्य एवं मेडटेक अनुसंधान क्लस्टर (एचएमआरसी)

## भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम

- भारत में स्टार्टअप्स की संख्या 350-400 से बढ़कर 2.3 लाख (230,000) हो गई है।
- स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पिछले दशक में 24-25 लाख रोजगार सृजित किए हैं।
- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।
- 50% से अधिक स्टार्टअप अब टियर-2 और टियर-3 शहरों से हैं।
- प्रधानमंत्री की स्टार्टअप इंडिया पहल ने नवाचार को राष्ट्रीय आंदोलन का रूप दिया।
- RISE Conclave 2026 में 125+ स्टार्टअप्स ने भाग लिया।
- भारत का पहला सार्वजनिक-निजी एयरोस्पेस इनक्यूबेशन केंद्र Mach33-aero 34 स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट कर चुका है।

### उच्च ऊर्जा चिकित्सा साइक्लोट्रॉन परियोजना (HEMCP), नागपुर

- महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने नागपुर में रु. 300 करोड़ की लागत से उच्च ऊर्जा चिकित्सा साइक्लोट्रॉन परियोजना (HEMCP) स्थापित करने को मंजूरी दी है।

- **चिकित्सा साइक्लोट्रॉन क्या है?**
  - चिकित्सा साइक्लोट्रॉन एक कण त्वरक है।
  - इसका उपयोग चिकित्सा क्षेत्र में आवश्यक रेडियोआइसोटोप के उत्पादन के लिए किया जाता है।
  - इसमें विद्युत एवं चुंबकीय क्षेत्रों की सहायता से प्रोटॉन जैसे आवेशित कणों को तेज गति प्रदान की जाती है।
  - तेज गति वाले कणों को लक्ष्य पदार्थ पर टकराने से नाभिकीय अभिक्रिया होती है, जिससे रेडियोआइसोटोप बनते हैं।

### मेगा एडवांस्ड सर्जिकल आई कैंप

- **आयोजक:** ऑपरेशन दृष्टि के तहत भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना की एक विशेष नेत्र चिकित्सकीय टीम
- **आयोजन:** मिलिटरी हॉस्पिटल नमकुम, रांची, झारखंड
- ऑपरेशन DRISHT का एक प्रमुख आउटरीच कार्यक्रम है जो उन्नत नेत्र विशेषज्ञता को मानवीय सेवा के साथ जोड़ता है। रांची से पहले, इस पहल ने देश भर में आठ उन्नत सर्जिकल आई कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किए हैं,

### CSIR द्वारा 7 प्रौद्योगिकियों का उद्योग को हस्तांतरण, 10 भारतीय निर्देशक द्रव्य (BND) जारी एवं क्वांटम सेंसिंग घटक DRDO को सौंपे गए

1. **भारतीय निर्देशक द्रव्य (BND) का विमोचन**
   - कुल 10 भारतीय निर्देशक द्रव्य (BND) जारी किए गए, जिनमें शामिल हैं-
   - 8 फाइटोकेमिकल्स (वनस्पति-आधारित रसायन)
   - 1 कीमती धातु 1 प्रोपेन गैस
2. **क्वांटम प्रौद्योगिकी में उपलब्धि:** CSIR-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (NPL) द्वारा विकसित 5 वाष्प कोशिकाएँ (Vapor Cells) डीआरडीओ की सॉलिड स्टेट फिजिक्स लेबोरेटरी (SSPL) को सौंपी गईं।
3. **7 प्रौद्योगिकियों का उद्योग को हस्तांतरण,**

- CSIR-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (NPL)
  1. राइडबर्ग सिस्टम आधारित ब्रॉडबैंड ई-फील्ड सेंसिंग : विद्युत-चुंबकीय क्षेत्रों का सटीक मापन
  2. हाई-वॉल्यूम PM2.5 इम्पैक्टर सैंपलर: वायु प्रदूषण निगरानी
  3. फार्मास्युटिकल ब्लिस्टर पैकेजिंग अपशिष्ट पुनर्चक्रण प्रक्रिया : प्लास्टिक एवं एल्युमिनियम मिश्रित अपशिष्ट का पुनर्चक्रण
- CSIR-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (CRRI)
  1. VNH-VAIU ड्रोन आधारित NDT प्रणाली: पुलों का निरीक्षण एवं संरचनात्मक स्वास्थ्य मूल्यांकन
  2. PAV-SEAL : वायु शुद्धिकरण हेतु नैनो-फोटोकैटलिटिक सड़क सीलिंग इमल्शन
  3. PatchFill : गड्ढा मरम्मत मशीन
  4. Glare Mitigation Device: सड़क दुर्घटनाओं में कमी हेतु प्रकाश चकाचौंध नियंत्रण

### पैराक्वाट

- तेलंगाना सरकार ने राज्य में अत्यधिक विषैले खरपतवार नाशक 'पैराक्वाट' के उपयोग, बिक्री और निर्माण पर 60 दिनों का प्रतिबंध लगा दिया है।
- तेलंगाना, भारत में पैराक्वाट पर प्रतिबंध लगाने वाला तीसरा राज्य बन गया है। इससे पहले केरल (2011) और ओडिशा रोक लगा चुके हैं।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- पाकिस्तान ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करते हुए स्वदेशी रूप से विकसित एयर-लॉन्ड क्रूज मिसाइल (ALCM) 'तैमूर' का सफल परीक्षण किया है।
- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के क्षेत्रों (NCR) को हवाई हमलों, मिसाइलों और ड्रोन से बचाने के लिए बनाए जा रहे स्वदेशी मल्टी-लेयर एयर डिफेंस सिस्टम को **'कैपिटल डोम'** नाम दिया गया है।
- नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने अंतरतारकीय धूमकेतु 3I/ATLAS पर मीथेन का पता लगाया है, जो हमारे सौर मंडल के बाहर उत्पन्न हुई किसी वस्तु पर इस गैस का पहला प्रत्यक्ष पता लगाना है।

- भारतीय वैज्ञानिकों ने सूर्य के 11-वर्षीय गतिविधि चक्र और सुपरग्रेन्युलर संरचनाओं का अध्ययन करने के लिए किस वेधशाला के 100 साल पुराने ऐतिहासिक डेटा का उपयोग किया है? **कोडाइकनाल सौर वेधशाला (भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान - IIA)।**
- लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को 30 जून, 2026 से सेना प्रमुख नियुक्त किया गया
- रक्षा मंत्रालय ने **उत्तर प्रदेश के सीतापुर** (पूर्व छावनी क्षेत्र) में 250 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना के साथ बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS) की स्थापना को स्वीकृति प्रदान की है।
- केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने **पुणे के रंजगांव** में जैबिल के नये उन्नत विनिर्माण संयंत्र और उच्च रोजगार क्षमता वाले निर्यात केंद्रित डेटा सेंटर इकोसिस्टम का उद्घाटन किया
- रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 19 जून, 2026 को महाराष्ट्र के **नागपुर में अंबाझारी** स्थित आयुध कारखाने में अत्याधुनिक 10,000 टन क्षमता वाली एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस मशीन के लिए भूमि पूजन किया।
- भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के लिए चौगुले एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित छह स्वदेशी एयर कुशन व्हीकल्स (एसीवी) में से पहला व्हीकल 18 जून, 2026 को गोवा में सेवा में शामिल किया गया।
- रूसी राष्ट्रपति ने भारत में पांचवीं पीढ़ी के सुखोई Su-57 स्टील्थ विमान और संयुक्त उत्पादन का प्रस्ताव रखा है।
- लखनऊ के बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियोसाइंसेज (BSIP) के वैज्ञानिकों ने **असम के माजुली द्वीप** (विश्व का सबसे बड़ा आबाद नदी द्वीप) के 4,000 वर्षों के जलवायु और वनस्पति इतिहास का एक अभूतपूर्व अध्ययन किया है।
    - यह अध्ययन माजुली में बार-बार आने वाली बाढ़ और मिट्टी के कटाव से निपटने के लिए नई रणनीतियां बनाने में मदद करेगा।
- शांगरी-ला डायलॉग,सिंगापुर में ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के लिए भारत ने **वियतनाम** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की।
- NDA में प्रशिक्षित 17 महिला कैडेटों का पहला बैच भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में कमीशन हुआ।
- 2026-27 की रबी की बुवाई के मौसम में भारतीय किसान इमिडाजोलिनोन-प्रतिरोधी (IMI-प्रतिरोधी) सरसों की संकर किस्मों की खेती शुरू करने जा रहे हैं।
- इन संकर किस्मों को ओरोबैंचे नामक परजीवी खरपतवार से निपटने के लिए तैयार किया गया है, जो तिलहन उत्पादन में एक बड़ी बाधा
- भारत और जापान के वैज्ञानिकों ने तमिलनाडु के ऊटी में स्थित GRAPES-3 म्यूऑन टेलीस्कोप काउपयोग करके सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र और पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल की निरंतर निगरानी की।
- बेंगलुरु स्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप **सर्वम AI** भारत का 130वां यूनिकॉर्न बन गई है।
- केरल में **नेगलेरिया फाउलेरी**, जिसे 'दिमाग खाने वाले अमीबा' के रूप में जाना जाता है, के संक्रमण के कारण 133 मामले और 33 मौतें दर्ज की गई हैं
- परमाणु ऊर्जा विभाग ने **इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र, कल्पक्कम में** स्थित फास्ट ब्रीडर टेस्ट रिएक्टर से उत्पन्न परमाणु प्रक्रिया ऊष्मा का उपयोग करते हुए कॉपर-क्लोरीन थर्मोकेमिकल चक्र पर आधारित विश्व की पहली हाइड्रोजन उत्पादन सुविधा का उद्घाटन किया।
- भारतीय नौसेना ने 14 जून 2026 को मुंबई स्थित INS शिक्रा से अपने प्रतिष्ठित **'सी किंग Mk42B'** (Sea King Mk 42B) हेलीकॉप्टरों को 36 वर्षों की शानदार सेवा के बाद आधिकारिक तौर पर सेवामुक्त कर दिया

# 05 खेल–समसामयिकी

## क्रिकेट

### 19वाँ इंडियन प्रीमियर लीग 2026

- **आयोजन:** 28 मार्च - 31 मई 2026.
- **आयोजक:** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)
- **प्रतिभागी:** 10 टीमें
- **कुल मैच:** भारत के विभिन्न शहरों में 74 मैच।
- **फाइनल मैच का स्थान:** नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद (गुजरात) (31 मई)
- **फाइनल मैच:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने गुजरात टाइटंस (GT) को 5 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब (2025 और 2026) जीता।
  - **विजेता:** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (रु. 20 करोड़ - पुरस्कार राशि)-(कप्तान: रजत पाटीदार, कोच: एंडी फ्लावर)।
    - कप्तान रजत पाटीदार अपनी टीम को लगातार दो खिताब जिताने वाले केवल **तीसरे कप्तान** बने। (अन्य 2: एमएस धोनी और रोहित शर्मा)।
  - **उपविजेता:** गुजरात टाइटंस (रु. 12.5 करोड़) - (कप्तान: शुभमन गिल)।
  - **प्लेयर ऑफ द मैच:** विराट कोहली (RCB) (75 रन)- रु. 5 लाख (पुरस्कार राशि)
- प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली टीमें: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB), गुजरात टाइटंस (GT), सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) और राजस्थान रॉयल्स (RR)।
- **प्रमुख अवॉर्ड और पुरस्कार राशि**
  - पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट): कगिसो रबाड़ा (गुजरात टाइटंस)- 29 विकेट (रु. 10 लाख)
  - **फेयर प्ले अवॉर्ड:** पंजाब किंग्स (रु. 10 लाख)
  - **कैच ऑफ द सीजन:** मनीष पांडे (कोलकाता नाइट राइडर्स)- रु. 10 लाख
  - बेस्ट पिच: ईडन गार्डन्स, कोलकाता (रु. 10 लाख)
- वैभव सूर्यवंशी (RR) के IPL 2026 के आँकड़े
  - ऑरेंज कैप (सबसे ज़्यादा रन): 776 रन (रु. 10 लाख)
  - मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर (MVP): रु. 15 लाख
  - इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन: रु. 10 लाख
  - सुपर स्ट्राइकर: (स्ट्राइक रेट: 237.31) रु. 10 लाख और एक कार (टाटा सिएरा)
  - सबसे ज्यादा छक्के: रु. 10 लाख (72 छक्के)
- **अन्य आँकड़े**
  - औसत: 48.50
  - शतक: 1 (सबसे ज्यादा स्कोर: 103)
  - अर्ध-शतक: 5
  - कुल चौके: 63 चौके

### अफगानिस्तान का भारत दौरा

- भारत ने 3-0 से वन डे सीरीज जीती।

**टेस्ट मैच**

- **स्थान:** महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लनपुर (न्यू चंडीगढ़)
  - इस मैच के साथ मुल्लनपुर का इंटरनेशनल स्टेडियम भारत का 31वां टेस्ट वेन्यू (मैदान) बन गया।
- भारत ने यह मैच एक पारी और 300 रनों से जीता।
- **प्लेयर ऑफ द मैच: मानव सुथार** (7 विकेट)
  - सुथार टेस्ट डेब्यू पर 6 विकेट लेने वाले इतिहास के केवल पांचवें भारतीय गेंदबाज बने।
  - 2011 में रविचंद्रन अश्विन के बाद, टेस्ट डेब्यू पर पांच विकेट लेने वाले वह पहले भारतीय स्पिनर हैं।
- **नोट:** मानव सुथार भारत के 319वें और राजस्थान के 11वें टेस्ट क्रिकेटर बने।
  - मानव सुथार ने वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ एक शॉर्ट-टर्म कॉन्ट्रैक्ट (अगले दो काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए) साइन किया।
  - काउंटी चैंपियनशिप में प्रदर्शन (वार्विकशायर 'बेयर्स')
    - टीम के लिए अपना पहला पांच-विकेट हॉल (एक पारी में पांच विकेट) हासिल किया।
    - मैच का नतीजा: मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ।

### 14वां ICC पुरुष वनडे विश्व कप 2027

- **आयोजनः** 4 अक्टूबर - 21 नवंबर 2027
- **मेजबान देशः** दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया संयुक्त रूप से मेजबानी करेंगे।
- **कुल मैचः** 54 मैच
- **कुल प्रतिभागीः** 14 टीमें

### इंडिया 'A' की ट्राई-नेशन सीरीज

- **आयोजनः** रँगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम, दांबुला
- **इंडिया** 'A' ने मेजबान श्रीलंका 'A' को 66 रनों से हराया
- **नोटः** लिस्ट-A में अब तक की सबसे तेज फिफ्टीः वैभव सूर्यवंशी (सिर्फ 11 गेंदों में)

### भारत-आयरलैंड T20 सीरीज

- **आयोजनः** बेलफास्ट, आयरलैंड
- आयरलैंड ने यह सीरीज 2-0 से जीती।
- **जय मूंदड़ा (टोंक):** 32 रन देकर 3 विकेट लिए।
  - वह आयरलैंड की टीम के लिए खेल रहे हैं।
  - उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' दोनों चुना गया।

## फुटबॉल

### SAFF महिला चैंपियनशिप 2026

- **आयोजनः** 25 मई-6 जून 2026, भारत
- **फाइनल मैच का स्थानः** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, मडगाँव, गोवा
- **विजेताः** भारत ने बांग्लादेश को (3-1) से हराया
- भारत ने यह चैंपियनशिप छठी बार और 7 साल बाद जीती।
- **भारत के लिए गोल करने वाली खिलाड़ीः** प्यारी जाक्सा, लिंडा कॉम सर्टो और सैनफिडा नोंग्रम ने भारत के लिए एक-एक गोल किया।
- **पुरस्कारः**
  - मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयरः सैनफिडा नोंग्रम
  - टॉप स्कोररः अवेका सिंह (4 गोल)
  - बेस्ट गोलकीपरः पंथोई चानू
- ग्रेस डांगमेई (मणिपुर) [भारतीय टीम की कप्तान]
  - भारतीय फुटबॉलर ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया।
  - **उपलब्धियाँः** 2013 में डेब्यू, ग्रेस डांगमेई ने 95 मैचों में 24 गोल किए और 3 SAFF महिला चैंपियनशिप खिताब (2016, 2019, 2026) जीतें।

## शतरंज

### 14वाँ नॉर्वे शतरंज 2026

- **आयोजनः** ओस्लो, (नॉर्वे), 25 मई - 5 जून 2026
- **पुरस्कार राशि** : विजेता के लिए 700,000 NOK (लगभग 70.5 लाख रुपये)।
  - पुरस्कार फंड - पुरुषों और महिलाओं के टूर्नामेंट के लिए समान वितरण।
- **प्रतिभागीः** प्रत्येक श्रेणी (पुरुष और महिला) में 6 खिलाड़ी।
- **पुरुष चैंपियनशिप**

  1. आर प्रज्ञाननंदा (यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय) - 18 अंक (उन्होंने दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को 2 बार हराया।)
  2. वेस्ली सो (USA)
  3. अलीरेजा फिरोजा (फ्रांस)
  6. डी गुकेश

- **महिला चैंपियनशिप**

  1th बिबिसारा असौबायेवा (कजाकिस्तान) - 16.5 अंक

  5th दिव्या देशमुख

  6th कोनेरू हम्पी

### WR विमेंस चेस टूर-एशिया

- **स्थानः** टोक्यो
- **इवेंटः** रैपिड चेस
  - **विजेताः** आर. वैशाली (अलुआ नूरमन को हराकर)
- **इवेंटः** ब्लिट्ज चेस
  - विजेताः के. लैग्नो [आर. वैशाली सेमीफाइनल तक पहुँचीं]
- वैशाली और के. लैग्नो स्टटगार्ट ग्रैंड फाइनल (नवंबर) के लिए क्वालिफाई कर गईं।

## शूटिंग

### ISSF वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल 2026

- **स्थानः** म्यूनिख, जर्मनी (24 - 31 मई)
- **पदक तालिका**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 4 | – | 3 | 7 |
| 2. | भारत | 2 | 2 | | 4 |
| 3. | नॉर्वे | 2 | 1 | – | 3 |

- **भारत का प्रदर्शन:**
  - **स्वर्ण पदक**–
    - **ईशा सिंह (तेलंगाना):** 25m पिस्टल महिला प्रतियोगिता) –**नया वर्ल्ड रिकॉर्ड:** 43/50 स्कोर।
      - **नोट:** यह प्रदर्शन सीनियर और जूनियर दोनों कैटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड है।
      - इसके साथ ही उन्होंने दिसंबर में रोम, इटली में होने वाले ISSF वर्ल्ड कप फाइनल के लिए सीधे क्वालिफिकेशन किया।
    - इंदर सिंह सुरुचि: 10m एयर पिस्टल महिला।
  - **रजत** –
    - 10m एयर पिस्टल महिला– ईशा सिंह।
    - 10m एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम– मनु भाकर, सम्राट राणा।

## ISSF जूनियर विश्व चैम्पियनशिप 2026

- **स्थान:** सुहल, जर्मनी (16–26 जून 2026)
- **रैंकिंग:** 1. भारत; 2. व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट [AIN 14 पदक]; 3. इटली [10 पदक]
- **भारत का प्रदर्शन:** 24 पदक [7 स्वर्ण, 8 रजत और 9 कांस्य]
- **स्वर्ण:** 1. समीर गुलिया 2. सेजल कांबले 3.रोहित कन्यान 4. प्रीतम केंद्रे 5. अभिनव-देशवाल 10 मीटर एयर पिस्टल महिला जूनियर टीम [सेजल कांबले, वंशिका चौध री, नव्या बिश्नोई]।
  - 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित जूनियर टीम [सांभवी एस क्षीरसागर, **अभिनव शॉ – 505.8 अंक; नया जूनियर विश्व रिकॉर्ड]।**
- पूर्वी प्रताप कच्छावा (जयपुर): 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक।

# ***तीरंदाजी***

## आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज–3, 2026

- **आयोजन:** अंताल्या, तुर्की (9–14 जून)।
- **पदक तालिका:** 1. चीन 2. भारत 3. मेक्सिको।
- रिकर्व मिक्स्ड टीम इवेंट
  - **स्वर्ण पदक: धीरज बोम्मादेवरा** और **कुमकुम मोहोद** ने ओह ये-जिन और किम जे देओक (दक्षिण कोरिया) को हराया।
- **रिकर्व व्यक्तिगत इवेंट**
  - **स्वर्ण पदक:** धीरज बी. ने दक्षिण कोरिया के ली वू सेओक को हराया।

# ***फेंसिंग***

## 26वीं एशियन सीनियर फेंसिंग चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली (19–24 जून)
- **मोटो:** एक सपना, एक ब्लेड, एक गर्व।
- **मैस्कॉट:** 'लक्ष' (फेंसिंग टाइगर)
- **भागीदारी:** 34 से ज्यादा देशों के 400 एथलीट।
- तीनों हथियारों (फॉइल, एपि और सेबर) में मुकाबला
- **टॉप देश:** 1. जापान– 15 पदक [6 स्वर्ण, 5 रजत और 4 कांस्य] 2. दक्षिण कोरिया [10 पदक] 3. कजाकिस्तान
- **भारत का प्रदर्शन:**
  - **टीम इवेंट रैंकिंग:**
    - पुरुष फॉइल टीम: 8वीं
    - महिला एपि टीम: 9वीं
  - **टॉप व्यक्तिगत रैंकिंग:**
    - कनुप्रिया चावला: महिला फॉइल में 20वीं (भारत का सबसे अच्छा व्यक्तिगत नतीजा)।
    - प्राची लोहान: महिला एपि में 22वीं।
    - ओलंपियन भवानी देवी: महिला सेबर में 23वीं।
    - सचिन: पुरुष फॉइल में 25वें।
  - **पुरुष सेबर व्यक्तिगत हाइलाइट्स:**
    - विशाल थापर (22वें), करण सिंह (25वें)।

# ***कुश्ती***

## उलानबटार ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट

- **आयोजन:** मंगोलिया (4–7 जून)
- **देशों की रैंकिंग:** 1. रूस 2. **भारत** 3. कजाकिस्तान
- **भारत का प्रदर्शन:** 17 पदक, (8 स्वर्ण पदक)

♦ **स्वर्ण पदक विजेता:**
  - **फ्रीस्टाइल:** सागर जगलान (74 किग्रा), दीपक (61 किग्रा), दिनेश धनखड़ (125 किग्रा)
  - **ग्रीको-रोमन कैटेगरी:** सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा)
  - **महिला कुश्ती:** मनीषा (57 किग्रा), नेहा (59 किग्रा), काजल ढोचक (76 किग्रा)

## बॉक्सिंग

### वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2026 (स्टेज 2)

❑ **आयोजन:** गुइयांग, चीन

❑ **भारत का प्रदर्शन:** 6 पदक - 1 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य।

♦ **स्वर्ण: ज्योति गुलिया** (उज्बेकिस्तान की फर्जोना फोजिलोवा को हराया) [48kg-महिला]

♦ **रजत:** मीनाक्षी हुड्डा (51kg-महिला), प्राची (57kg-महिला), दीपक पूनिया (70kg-पुरुष)।
  - मीनाक्षी हुड्डा 48kg वेट कैटेगरी में वर्ल्ड नंबर 1 हैं।

♦ **कांस्य:** जुगनू (85kg-पुरुष), निखिल (55kg-पुरुष)

### 56वाँ ग्रांड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम (यूरोपियन बॉक्सिंग स्वर्ण टूर्नामेंट)

❑ **आयोजन:** चेकिया

❑ **भारत का प्रदर्शन:** 12 पदक - 8 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य।

♦ **पुरुष टीम:** 4 स्वर्ण, 2 रजत, 1 कांस्य
  - स्वर्ण: जादुमनी सिंह (55kg), सचिन (60kg), अंकुश (80kg), नरेंद्र (+90kg)

♦ **महिला टीम:** 4 स्वर्ण, 1 रजत
  - स्वर्ण: लवलीना बोरगोहेन (75kg), प्रीति पवार (54kg), साक्षी चौधरी (51kg), प्रिया घांघस (60kg)

❑ **नोट:** चेकिया में पदक जीतने वाले सभी 12 भारतीय खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स की बॉक्सिंग टीम का हिस्सा हैं, जबकि 10 खिलाड़ियों को एशियन गेम्स के लिए भी चुना गया है।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग रैंकिंग

❑ कुल मिलाकर, भारतीय मुक्केबाज महिलाओं की 10 में से 9 कैटेगरी और पुरुषों के 10 में से 8 डिवीजन में टॉप 10 में शामिल रहे।

| मुक्केबाज | रैंक |
|---|---|
| जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) | 1 |
| मीनाक्षी हुडा (48 किग्रा) | 1 |
| अरुंधति चौधरी (70 किग्रा)–कोटा | 2 |
| प्रीति पावर (54 किग्रा) | 3 |
| निकहत जरीन (51 किग्रा) | 4 |
| लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) | 7 |

## टेनिस

### फ्रेंच ओपन 2026

❑ आधिकारिक नाम रोला गैरों (Roland Garros)

❑ **आयोजन :** पेरिस (18 मई-7 जून 2026)

❑ एकमात्र ग्रैंड स्लैम जो क्ले (मिट्टी) की सतह पर खेला जाता है।

| श्रेणी | विजेता | रनर–अप |
|---|---|---|
| महिला सिंगल्स | मिरा आंद्रेवा (रूस) पहला ग्रैंड स्लैम, | माजा च्वालिनस्का (पोलैंड) |
| पुरुष सिंगल्स | अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी) पहला ग्रैंड स्लैम, | फ्लेवियो कोबोली (इटली) |
| महिला डबल्स | कतेरीना सिनियाकोवा (चेकिया) और टेलर टाउनसेंड (USA) | अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक |
| पुरुष डबल्स | मार्सेल ग्रानोलर्स (स्पेन) और होरासियो जेबालोस (अर्जेंटीना) | हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन |
| मिक्स्ड डबल्स | सारा एरानी (इटली) और एंड्रिया वावासोरी (इटली) | गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और इवान किंग |

## बैडमिंटन

### BWF सुपर 750 सिंगापुर ओपन

❑ **आयोजन:** सिंगापुर (26-31 मई)

❑ **पुरुष युगल:** विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने उपविजेता मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियान (इंडोनेशिया) को हराया।

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| पुरुष एकल | एलेक्स लानियर (फ्रांस) |
| महिला एकल | एन से–यंग (दक्षिण कोरिया) |
| महिला युगल | जिया यिफान और झांग शक्सियान (चीन) |
| मिश्रित युगल | माथियास क्रिस्टियनसेन, एलेक्जेंड्रा बोजे (डेनमार्क) |

### बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 इंडोनेशिया ओपन 2026

- **आयोजन:** इस्तोरा सेनयन जकार्ता (2-7 जून)।
- भारतीय पुरुष युगल जोड़ी **एम.आर.अर्जुन** और हरिहरन **एम्सकरुनन क्वार्टर** फाइनल में पहुंचे।

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| पुरुष एकल | विक्टर लाई |
| महिला एकल | यंग से एन |
| पुरुष युगल | गोह सेज फेई, नूर इज्जुद्दीन |
| महिला युगल | युकी फुकुशिमा, मायू मात्सुमोतो |
| मिश्रित युगल | माथियास क्रिस्टियनसेन, एलेक्जेंड्रा बोजे |

### US ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026

- **आयोजन:** कैलिफोर्निया, USA (23-28 जून 2026)
- **पुरुष एकल: स्वर्ण**- सु ली यांग (चीनी ताइपे)
  - **रजत:** किदांबी श्रीकांत
  - **कांस्य:** रौनक चौहान
- **महिला एकल:** कांस्य: देविका सिहाग

## *टेबल टेनिस*

### WTT फीडर प्रिस्टिना 2026

- **आयोजन:** प्रिस्टिना, कोसोवो (27-31 मई)
- **विजेता महिला एकल:**
  - दिव्यांशी भौमिक (भारत) ने यी-तियान (चीनी ताइपे) को हराया।
    - यह उपलब्धि हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी।
- **महिला युगल**
  - **विजेता:** दिव्यांशी भौमिक और सिंड्रेला दास (भारत)
  - **उप-विजेता :** साची आओकी और कोकोना मुरामात्सु (जापान)
- **पुरुष एकल:** इवोर बैन
- **पुरुष युगल:** जुआन पेरेज, डैनियल बर्जोसा
- **मिक्स्ड युगल: गुस्तावो गोमेज, डेनिएला** ओर्टेगा।

### WTT यूथ कंटेंडर सैंडेफजॉर्ड 2026

- **आयोजन:** नॉर्वे (30 मई - 2 जून)

| कैटेगरी | विजेता |
|---|---|
| U19 बॉयज सिंगल्स | अभिनन्द प्रधिवधि |
| U19 गर्ल्स सिंगल्स | हंसिनी माथन |
| U19 मिक्स्ड डबल्स | अभिनन्द पी, अनन्या एम. |
| U17 बॉयज सिंगल्स | हुआंग पेई-यू (ताइवान) |
| U17 गर्ल्स सिंगल्स | अनन्या मुरलीधरन |

## *स्क्वैश*

### 3rd एशियन डबल्स स्क्वैश चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** सारावाक, मलेशिया (18-21 जून)
- **पुरुष युगल:** स्वर्ण - अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार
  - पाकिस्तान के नासिर इकबाल और नूर जमान को हराकर जीत हासिल की।
- **महिला युगल:** कांस्य - राधिका सीलन और जोशना चिनप्पा
- **मिक्स्ड युगल:** कांस्य-वी. सेंथिलकुमार और जोशना चिनप्पा

### एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप

- **आयोजन:** पान्झिहुआ, चीन
- **भारत का प्रदर्शन:** 1 स्वर्ण, 3 रजत और 4 कांस्य।
- **स्वर्ण:** आर्यवीर दीवान (U-19 बॉयज) ने दक्षिण कोरिया के जे. ली को हराकर।

## *हॉकी*

### 4th FIH हॉकी महिला नेशंस कप 2026

- **आयोजन:** ऑकलैंड, न्यूजीलैंड (15-21 जून)
- **विजेता:** भारत [**न्यूजीलैंड को** 2-0 से **हराया**]
  - उपविजेता: न्यूजीलैंड
  - भारत का दूसरा नेशंस कप खिताब है (पहला- 2022)
  - पूरे टूर्नामेंट के दौरान भारत एक भी मैच नहीं हारा।
  - प्लेयर ऑफ द मैच (फाइनल): **लालरेम्सियामी (मिजोरम)**
  - भारतीय टीम की कप्तान: सलीमा टेटे
- इस जीत के साथ, भारत ने **FIH प्रो लीग में वापसी के लिए जरूरी प्रमोशन** हासिल कर लिया है।
- टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल: **दीपिका** और USA की एशली सेसा। [6 गोल]

### FIH हॉकी प्रो लीग 2025-26

- **आयोजन:** 10 फरवरी, 2026 - 28 जून, 2026
  - राउरकेला, भारत; होबार्ट, ऑस्ट्रेलिया; रॉटरडैम, नीदरलैंड्स; लंदन, इंग्लैंड

- भारत 16 मैचों के बाद 19 पॉइंट्स के साथ FIH हॉकी प्रो लीग 2025-26 में **आठवें स्थान** पर रहा। **(1. बेल्जियम 2. इंग्लैंड)**
- लंदन में भारत ने रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड को 3-2 से हराकर बोनस पॉइंट हासिल किया।
- टीम ने वर्ल्ड कप से पहले अपने यूरोप दौरे और आखिरी कॉम्पिटिटिव मुकाबले का समापन जीत के साथ किया।
- **नोट:** मनप्रीत सिंह: (413) किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा खेले गए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच (इससे पहले- दिलीप टिर्की: 412 मैच)।

### U18 एशिया कप 2026

- **आयोजन:** काकामिगहारा, जापान (29 मई - 6 जून 2026)
- **पुरुष वर्ग**
  - **स्वर्ण:** भारत ने फाइनल में मेजबान जापान को हराया (4-1)
    - गोल करने वाले खिलाड़ी: आशीष तानी पूर्ति (3) [प्लेयर ऑफ द मैच], केतन कुशवाहा (1) [कप्तान]।
  - रजत: जापान
  - कांस्य: पाकिस्तान
  - हर खिलाड़ी को 3 लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को 1.5 लाख रुपये का नकद इनाम।
  - टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर: आयुष रजक (भारत)।
  - टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर: नौशीन नाज (भारत) (12 गोल)
- **महिला वर्ग**
  - स्वर्ण: चीन
  - रजत: जापान
  - कांस्य: भारत [कोरिया को हराया (3-0)]
    - कप्तान: स्वीटी कुजूर।
  - हर खिलाड़ी को 1 लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को 50,000 रुपये का नकद इनाम।
- **नोट:** जोधपुर के **राजेंद्र सिंह** को इस विश्व कप में अंपायर के तौर पर चुना गया था।

### ऑस्ट्रेलिया दौरा 2026 (महिला)

- **आयोजन:** पर्थ, ऑस्ट्रेलिया
- **परिणाम:** ड्रॉ (2-2)
- **भारत की कप्तान:** सलीमा टेटे

## *एथलेटिक्स*

### 22वीं एशियाई U20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2026

- **आयोजन:** हांगकांग, चीन। (28-31 मई)
- यह चैंपियनशिप वर्ल्ड एथलेटिक्स U20 चैंपियनशिप 2026 के लिए एक क्वालिफाइंग इवेंट है, जो 5 से 9 अगस्त तक USA के ओरेगन में यूजीन के हेवर्ड फील्ड में आयोजित होने वाली है।
- कुल 48 भारतीय एथलीटों (30 पुरुष और 18 महिला) ने हिस्सा लिया।
- **पदक तालिका:**
  - 1. चीन 2. भारत (19)
    - स्वर्ण: 10, रजत: 5, कांस्य: 4
- **भारत का प्रदर्शन:**
  - **स्वर्ण:**
    - **राहुल जाखड़ (डेकाथलॉन)**, मूल रूप से **सीकर** के रहने वाले और अभी गुजरात में रह रहे हैं - 7,185 पॉइंट हासिल किए और **नया भारतीय U20 नेशनल रिकॉर्ड** बनाया।
    - **नितिन गुप्ता** (पुरुषों की 5000 मीटर रेस वॉक), **पूजा सिंह (महिलाओं की हाई जंप - 1.93 मीटर; नया सीनियर नेशनल रिकॉर्ड)**, शाहनवाज खान (लॉन्ग जंप), भूमिका नेहते, तहुरा खुतान, सेहनूर बावा और नीरू पाठक (महिलाओं की 4×400 मीटर रिले टीम), वेंकटराम रेड्डी मोगली (पुरुषों की 800 मीटर), मुस्कान (महिलाओं की 5000 मीटर), अमानत कंबोज (महिलाओं की डिस्कस थ्रो), निखिल चंद्रशेखर (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज), बसंत (पुरुषों की हाई जंप)
- **नोट:**
  - पीयूष राज, सैयद सबीर, रंजीत कुमार और मोहम्मद अशफाक की **पुरुषों की 4×400 मीटर टीम** ने 3 मिनट 5.54 सेकंड के समय के साथ **नया जूनियर नेशनल रिकॉर्ड** बनाते हुए कांस्य पदक जीता।

### न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन 2026

- **आयोजन:** बैंकियाओ स्टेडियम, न्यू ताइपे सिटी (TPE) (6-7 जून)

- **भारत का प्रदर्शन:** 4 पदक
  - पुरुषों की 200 मीटर दौड़: **अनिमेष कुजूर** - स्वर्ण (20.47 सेकंड)
  - पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़: **तेजस सिरसे** - रजत
  - महिलाओं की लंबी कूद: **शैली सिंह** - स्वर्ण (6.24 मीटर)
  - महिलाओं की 4×100 मीटर रिले: स्वर्ण - एसएस स्नेहा, श्रावणी नंदा, सुदेशना शिवंकर और तमन्ना (44.07 सेकंड)
- न्यू ताइपे सिटी एथलेटिक्स ओपन को 2026 सीजन के लिए 'वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर रजत-लेवल मीट' का दर्जा दिया गया था।

## 2nd एशियाई रिले चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** शाओक्सिंग, चीन (20-20 जून)
- **भारत का प्रदर्शन:**
  - महिलाओं की 4×100m रिले टीम: **स्वर्ण (43.85s)**
    - टीम: श्रावणी नंदा, एसएस स्नेहा, सुदेशना शिवन्नकर और तमन्ना।
  - मिक्स्ड 4×400m रिले टीम: **रजत**
    - टीम: टी. शेट्टी, पूवम्मा एमआर, भरत श्रीधर और नीरू पाठक
  - मिक्स्ड 4×100m रिले टीम: **कांस्य**
    - टीम: गौरव प्रणव, तमन्ना, अनिमेष कुजूर, स्नेहा एस शानुवल्ली

## डायमंड लीग 2026

- यह कई महाद्वीपों में 16 मई (शंघाई) से 5 सितंबर (ब्रसेल्स) तक चलने वाला एक लंबा ग्लोबल टूर्नामेंट है।
- रोम डायमंड लीग (4 जून), इटली।
  - जैवलिन थ्रो इवेंट: सचिन यादव (उत्तर प्रदेश) 8वें स्थान पर रहे।
- 7 जून- स्टॉकहोम, स्वीडन
- **दोहा डायमंड लीग (19 जून)**
  - **आयोजन:** सुहैम बिन हमद स्टेडियम, कतर स्पोर्ट्स क्लब, दोहा, कतर
  - नीरज चोपड़ा- चौथा स्थान (85.69m) - जैवलिन थ्रो
    - इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने आधिकारिक तौर पर Commonwealth Games में अपनी जगह पक्की कर ली।
  - 1. **रुमेश पथिरागे (श्रीलंका)**- 88.68 मीटर

## 13वीं सीनियर और 19वीं जूनियर पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स एशियाई चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** जुनयी, चीन (18-21 जून)
- **भारत का प्रदर्शन**
  - जूनियर पुरुष वॉल्ट इवेंट:
    - स्वर्ण: हर्षित दामोदरन, रजत: अक्षत बजाज
  - भारतीय जूनियर पुरुष आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक टीम: कांस्य पदक जीता [1. चीन 2. जापान]
    - टीम के खिलाड़ी: हर्षित दामोदरन, निषाद नारवाने, एसके नबीघ अली, अक्षत बजाज और मो. जैद अंसारी,

## 65वीं नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर, ओडिशा (24-28 जून)
- **पदक तालिका:** 1. तमिलनाडु (20) 2. उत्तर प्रदेश (20) 3. हरियाणा (15) **14वें स्थान पर राजस्थान** (6 पदक - 2 रजत और 4 कांस्य)
- **महिला विजेता**
  - लॉन्ग जंप: **<u>एंसी सोजन</u> (भारतीय नौ-सेना)** (6.88-NR) [केरल]
    - पिछला रिकॉर्ड- अंजू बॉबी जॉर्ज का 2004 में 6.83 मीटर का रिकॉर्ड था।
  - हैमर थ्रो: **अनुष्का यादव** (NR- 67.02 मीटर)
  - 100 मीटर बाधा दौड़ (Hurdles): ज्योति याराजी
  - ट्रिपल जंप: **आई. आशा इलांगो** (NMR: 13.89 मीटर)
  - पोल वॉल्ट: **सिंधुश्री जी.** (NR-4.25 मीटर) [कर्नाटक]
- **पुरूष विजेता:**
  - पुरुष ट्रिपल जंप इवेंट: प्रवीण चित्रवेल (16.92 मीटर)

- पोल वॉल्ट: **देव मीणा** (NR : 5.46 मीटर)
- 500 मीटर दौड़: गुलवीर सिंह
- **हाई जंप: सर्वेश कुशारे** (2.31 मीटर - NR) [महाराष्ट्र]
- जेवलिन थ्रो : रोहित यादव
- लॉन्ग जम्प : मुरली श्री शंकर

❐ **राजस्थान:** 2 रजत और 4 कांस्य
- **रजत:** प्रवीण कुमार (पुरुष हैमर थ्रो), यशवीर सिंह (पुरुष जैवलिन थ्रो)।
- **कांस्य:** 4×400 मीटर मिक्स्ड रिले टीम, उमा चौधरी (महिला जैवलिन थ्रो), राहुल बलोदा (पुरुष 1500 मीटर), कुमारी पारू (महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज)।

❐ **NR = National Record, NMR = National Meet Record**

## अल्माटी एशियन कैडेट और जूनियर कप 2026

❐ **आयोजन:** अल्माटी, कजाकिस्तान।

❐ भारत ने इस कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंट में कुल 4 पदक (1 रजत और 3 कांस्य) जीते।

❐ **कोच:** उदयपुर के सुशील सेन अपने डिवीजन से भारतीय जूनियर जूडो टीम के कोच नियुक्त होने वाले पहले जूडो कोच बने हैं।

## 2026 एशियन कैनो स्प्रिंट जूनियर और U23 चैंपियनशिप

❐ **आयोजन:** तुर्किस्तान, कजाकिस्तान (4-7 जून)

❐ Ph. ज्ञानेश्वर सिंह: U23 मेन्स C1-500m इवेंट में **कांस्य पदक।**

❐ अरविंद वर्मा और L- नेहा देवी: U23 मिक्स्ड C2-500m इवेंट में **कांस्य पदक।**

❐ अरविंद, Ph. ज्ञानेश्वर सिंह, तरुण और विशाल: U23 मेन्स C4-500m इवेंट में **कांस्य पदक।**

### पैरा एथलेटिक्स

## 20वीं ट्यूनीशिया ग्रांड प्रिक्स 2026

❐ **स्थान:** ट्यूनीशिया (11-20 जून)

❐ **भारत का प्रदर्शन:** 8 पदक- 1 स्वर्ण, 6 रजत, 1 कांस्य।
- स्वर्ण: महेंद्र गुर्जर (F42-F44/F61-F64)
- रजत: रजिया मोहम्मद रैहान (400 मीटर और 100 मीटर), संदीप गुर्जर (भाला फेंक), अरविंद (शॉटपुट), दीपिका रान (भाला फेंक), कुलदीप सिंह (1500 मीटर)।
- कांस्य: नितिन बालियान (200 मीटर)

## फ्रेंच पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2026

❐ **आयोजन:** मुल्हाउस, फ्रांस (16-21 जून)

❐ **भारत:** सबसे सफल देश, जिसने पांच श्रेणी में जीत हासिल की।

❐ **विजेता:**

| धावक | श्रेणी | इवेंट | पदक |
|---|---|---|---|
| कृष्णा नगर (जयपुर) | SH6 | पुरुष एकल | स्वर्ण |
| थुलासिमथि मुरुगेसन | SU5 | महिला एकल | स्वर्ण |
| नित्य श्री सुमति सिवान | SH6 | महिला एकल | स्वर्ण |
| नितेश कुमार | SL3 | पुरुष एकल | स्वर्ण |
| कृष्णा नगर एवं शिवराजन सोलाईमलाई | SH6 | पुरुष युगल | कांस्य |
| कृष्णा नगर एवं नित्या श्री सुमति सिवान | SH6 | मिश्रित युगल | कांस्य |
| नवीन शिवकुमार | SL4 | पुरुष एकल | रजत |
| मानसी जोशी एवं थुलासिमथि मुरुगेसन | SL3-SU5 | महिला युगल | रजत |
| प्रमोद भगत एवं मनीषा रामदास | SL3-SU5 | मिश्रित युगल | रजत |

❐ **नोट:**

1. SH6 उन बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए है जिनकी लंबाई कम है और जो बौनेपन (dwarfism) से पीड़ित हैं।

## 2nd एशियाई पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026

❐ **आयोजन:** कुआलालंपुर (1-5 जून)

❐ **पुरुष वर्ग:** कांस्य: भारत [स्वर्ण: कंबोडिया, रजत: श्रीलंका।]

❐ **महिला वर्ग:** कांस्य: भारत [स्वर्ण: कंबोडिया, रजत: मलेशिया।]

❐ **नोट:** भारतीय दल का नेतृत्व **निर्मला रावत (जयपुर)** ने किया।

## ब्रिटिश और आयरिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल

❐ **आयोजन:** डबलिन (24-28 जून)

| खिलाड़ी | कैटेगरी | पदक |
|---|---|---|
| प्रमोद भगत | पुरुष सिंगल्स SL3 | स्वर्ण |
| कृष्णा नगर और नित्या सीनियर | मिक्स्ड डबल्स SH6 | रजत |
| कृष्णानगर | पुरुष सिंगल्स SH6 | कांस्य |
| प्रमोद भगत और मनीषा रामदास | मिक्स्ड डबल्स SL3–SU5 | कांस्य |
| कृष्णा नगर और शिवराजन सोलाईमलाई | पुरुष डबल्स SH6 | कांस्य |

## वॉलीबॉल

### 6th AVC पुरुष वॉलीबॉल कप 2026

- **आयोजन:** वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद, गुजरात।
- **स्वर्ण:** इंडोनेशिया
- **रजत:** दक्षिण कोरिया
- **कांस्य:** भारत
  - AVC कप के इतिहास में पहला पदक।
  - **बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी:** जेरोम विनिथ (कप्तान), जोएल बेंजामिन, चिराग यादव।
  - **हेड कोच:** ड्रैगन मिहाइलोविच (सर्बियाई)।

## योग

### प्रथम वर्ल्ड योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** EKA एरिना, अहमदाबाद, गुजरात (4-8 जून)।
- **मैस्कॉट:** 'वीर द लायन'
- **आयोजक:** वर्ल्ड योगासन और इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से योगासन भारत फेडरेशन।
- **प्रतिभागी:** 79 देशों के 522 एथलीट।
  - भारत की भागीदारी: 122 सदस्यों का दल।
  - मोदी ने इस इवेंट के सभी प्रतिभागियों को 'योग 365' का एंबेसडर कहा।
    - 'योग 365' अभियान आयुष मंत्रालय की एक पहल है।
- **विजेता:**

| रैंक | विजेता | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत | 102 | 9 | 3 | 114 |
| 2. | जापान | 3 | 3 | 5 | 11 |
| 3. | अर्जेंटीना | 2 | 3 | 0 | 5 |
| 5. | नेपाल | 1 | 36 | 15 | 52 |

- **नबीला बाराजा (अर्जेंटीना):** 2 स्वर्ण और 3 रजत। इस चैंपियनशिप की सबसे सफल एथलीट।
- राजस्थान के खिलाड़ी और उनका प्रदर्शन
  - देवांशी शर्मा (जयपुर)
    - सीनियर-B हैंड बैलेंस इंडिविजुअल कैटेगरी में स्वर्ण जीता।
    - वह राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल हैं।
  - गायत्री देवी (सीकर) - स्वर्ण पदक
  - ऋतिक बिश्नोई (जोधपुर): स्वर्ण पदक
  - आर्यशी स्वामी (बीकानेर): स्वर्ण पदक
  - प्रीति जैमिनी (मूल निवासी: जयपुर, वर्तमान निवासी: ओमान)-रजत पदक
  - कांस्य पदक : अशोक कुमार, प्रदीप कुमार

### 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY) 2026

- **तारीख:** 21 जून 2026
- **मुख्य कार्यक्रम स्थल:** रेड रोड, कोलकाता, पश्चिम बंगाल।
- **थीम:** स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग (Yoga for Healthy Ageing)
- 100-दिन का काउंटडाउन: 13 मार्च 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया, जिससे उत्सव की यात्रा की आधिकारिक शुरुआत हुई।
  - 75-दिन का काउंटडाउन: लोनार, महाराष्ट्र में आयोजित।
  - 50-दिन का काउंटडाउन: कान्हा शांति वनम, हैदराबाद।
  - 25-दिन का काउंटडाउन: खजुराहो स्मारकों का समूह : इस कार्यक्रम में श्री प्रतापराव जाधव [आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)] द्वारा निम्नलिखित पहलें शुरू/पुन: शुरू की गईं-
    - **योग संगम पोर्टल (फिर से लॉन्च):** इसका उद्देश्य भारत भर के संस्थानों, संगठनों और समुदायों को योग के एक सामान्य अभ्यास से जोड़ना है।
    - **योग पार्क पोर्टल (नया लॉन्च):** योग की पहुंच को जमीनी स्तर तक बढ़ाने और देश भर में टिकाऊ वेलनेस इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए इसे लॉन्च किया गया।

- सामान्य योग प्रोटोकॉल (Common Yoga Protocol - CYP):
  - **विकास:** आयुष मंत्रालय।
  - CYP 45 मिनट का एक स्टैंडर्ड योग अभ्यास है जो दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोहों के लिए मुख्य कार्यक्रम के रूप में काम करता है।
  - 2026 संस्करण संस्थानों को प्रासंगिक होने पर प्राणायाम, योग निद्रा, ध्यान और सत्संग जैसी अतिरिक्त 15 मिनट की योग गतिविधियों को शामिल करने की भी अनुमति देता है।
- **गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की उपलब्धि**

  ♦ आयुष मंत्रालय ने 14 जून 2026 को एक विशेष वैश्विक ऑनलाइन योग सत्र के दौरान YouTube पर लाइव योग प्रसारण की सबसे अधिक दर्शकों की संख्या (4,35,831) के लिए एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।
  - बेंगलुरु में अक्षर योग केंद्र ने एक ही दिन में 21 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए।
- **100 दिन, 100 शहर, 100 संगठन अभियान**
  - **उद्देश्य:** भारत सरकार द्वारा योग को केवल एक कार्यक्रम-आधारित गतिविधि से बदलकर दैनिक जीवनशैली की आदत बनाने के लिए शुरू किया गया।
- **हवाई यात्रा के लिए योग,**
  - लंबी यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (MDNIY) द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया एक प्रोटोकॉल।
- गैर-संचारी रोगों और लक्षित समूहों के लिए 10 योग प्रोटोकॉल की शुरुआत।
  - MDNIY में पारंपरिक चिकित्सा के लिए WHO सहयोगी केंद्र द्वारा विकसित ये प्रोटोकॉल मधुमेह, उच्च रक्तचाप, ब्रोंकियल अस्थमा और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं जैसी स्थितियों के लिए हैं।
- **नोट:** नागालैंड सरकार ने रविवार को होने वाले कार्यक्रम पर स्थानीय आपत्तियों के कारण आधिकारिक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों को 22 जून तक टाल दिया, जिससे यह आधिकारिक तौर पर तारीख बदलने वाला एकमात्र राज्य बन गया।
- **नोट: 'स्वधा' कलेक्शन:** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) के तहत खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा लॉन्च किया गया एक विशेष 'वेलनेस वियर कलेक्शन' (आरामदायक कपड़ों की रेंज)।

## अन्य खेल

### पहली राजस्थान सीनियर फुटसल लीग

- **आयोजन:** एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल ग्राउंड, श्री गंगानगर।
- **प्रतिभागी:** 8 टीमें
- **विजेता:** गंगानगर सिटी FC ने **जिंक फुटबॉल अकादमी, उदयपुर** को हराया
- **बेस्ट प्लेयर:** मनीष मील (ZFC)
- **बेस्ट गोलकीपर:** अक्षय
- **टॉप स्कोरर:** सौरभ (गंगानगर सिटी FC)- 9 गोल
- **फेयर प्ले अवॉर्ड:** जयपुर फुटसल क्लब

### 7वाँ NMPA इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग 2026

- **आयोजन:** तन्नीर्भावी बीच, मंगलुरु (कर्नाटक) (29-31 मई 2026)
- **प्रतिभागी:** 6 राज्यों से लगभग 80 सर्फर।
- **विजेता:**
  - पुरुषों का ओपन टाइटल: किशोर कुमार (तमिलनाडु)।
  - महिलाओं का ओपन टाइटल: कमाली मूर्ति (तमिलनाडु)
    - इन्होंने जूनियर (U-18) गर्ल्स टाइटल भी जीता।
- **नोट:** 2026 आइची नागोया एशियाई खेलों में इस इवेंट के इतिहास में पहली बार सर्फिंग शामिल होगी।

### IAME सीरीज इंडिया कार्टिंग चैंपियनशिप 2026

- **आयोजन:** CoASTT कार्टमैनिया, कोयंबटूर। (31 मई)
- **IAME:** इटैलियन अमेरिकन मोटर इंजीनियरिंग
- **विजेता:** अयांश पाटिल (मिनी), रेहान खान (जूनियर), और स्वर्णव दास (सीनियर)

# राजस्थान

### 43वीं राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियाँ) 2026-27

- **आयोजन:** स्वर्गीय रिचपाल भादू लालगढ़ जतन, श्री गंगानगर (6-9 जून 2026)

- **आयोजक:** राजस्थान राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला हैंडबॉल एसोसिएशन, श्री गंगानगर।
- **विजेता:**
  - बॉयज श्रेणी: श्री गंगानगर (फाइनल में ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी को 28-21 से हराया)।
  - गर्ल्स श्रेणी: जयपुर (फाइनल में हनुमानगढ़ को 20-17 से हराया)।
- **तीसरा स्थान:**
  - बॉयज वर्ग: जयपुर हैंडबॉल अकादमी
  - गर्ल्स वर्ग: श्री गंगानगर टीम
- **टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**
  - बॉयज : रोहित (श्री गंगानगर)
  - गर्ल्स : ममता (जयपुर)
  - नोट: दोनों खिलाड़ियों को रु. 2,100 का नकद पुरस्कार मिला, जो स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह गौर और स्वर्गीय इंजीनियर तनेराम मेघवाल की स्मृति में दिया गया।
- **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (अकादमी/विशेष सम्मान):**
  - अकालेश (जयपुर हैंडबॉल अकादमी)
  - मुस्कान (जयपुर)
- **सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर:**
  - बॉयज : मोक्ष (श्री गंगानगर)
  - गर्ल्स : हिना (जयपुर)

## राजस्थान राज्य सीनियर क्रिकेट चैंपियनशिप (कोल्विन शील्ड) 2026-27

- **आयोजन:** जयपुर, जोधपुर, उदयपुर।
- **आयोजक:** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन।
- **विजेता:** सीकर
- **उपविजेता:** उदयपुर
- मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टूर्नामेंट: हिमांशु नेहरा (सीकर)।
- **सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज:** रोहन राजभर।
- **सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज:** आयुष अमरिया।
- **नोट:** इस टूर्नामेंट का नाम नॉर्थ-वेस्टर्न प्रोविंसेस (1883-1892) के पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर ऑकलैंड कोल्विन के नाम पर रखा गया है। इस टूर्नामेंट का नाम बदलने का प्रस्ताव है।
- **नोट:** इससे पहले सीकर महिला सीनियर क्रिकेट चैंपियनशिप भी जीत चुका है।

## 1st राजस्थान राज्य सीनियर महिला लीग A-डिविजन 2025-26

- **आयोजन:** राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी, जयपुर
- **आयोजक:** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन (RFA)।
- **विजेता:** जिंक फुटबॉल अकादमी (RFA) (21 अंक)।
  - इस जीत के साथ, ZFA ने इंडियन विमेंस लीग 2 (IWL-2) में प्रमोशन हासिल कर लिया है।
- **उपविजेता:** मगन सिंह राजवी फुटबॉल अकादमी, बीकानेर (19 अंक)।
- **फाइनल मैच:** जिंक FA ने रियल जयपुर FC को (8-0) से हराया।
- **व्यक्तिगत पुरस्कार:**
  - बेस्ट स्कोरर: डांगी मारंडी (7 गोल)
  - बेस्ट गोलकीपर: सोनम घोष

## 24वीं स्टेट राइफल और पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप

- **आयोजन:** OASES जगतपुरा शूटिंग रेंज, जयपुर। (14-29 जून)
- **आयोजक:** राजस्थान राइफल एसोसिएशन।
- इवेंट्स: एयर वेपन, स्मॉल बोर और पिस्टल
- महिला स्वर्ण पदक विजेता:
  - **मानिनी कौशिक** [2 स्वर्ण: 50m राइफल प्रोन (सीनियर महिला), 50m राइफल 3-पोजीशन (3P) सीनियर; कांस्य: 10m एयर राइफल सीनियर]।
  - **देवांशी कटारा:** [2 स्वर्ण: 10m एयर राइफल सीनियर, 10m एयर राइफल जूनियर]
  - **शिवांगी कनावत** (ओपन साइट 50m राइफल प्रोन)
  - **अंजलि प्रजापत:** [स्वर्ण: 50m राइफल प्रोन (जूनियर); कांस्य: 50m राइफल प्रोन (सीनियर), कांस्य: 50m राइफल 3-पोजीशन (जूनियर)]
- **पुरुष पैरा इवेंट:**
  - **चिरांश चौमिया:** [स्वर्ण: 50m राइफल प्रोन (बधिर कैटेगरी), स्वर्ण: 50m राइफल 3-पोजीशन (बधिर कैटेगरी), स्वर्ण: 10m राइफल (बधिर कैटेगरी), स्वर्ण: जूनियर जनरल कैटेगरी]

- **गौतम पारिक (जयपुर)** - 10m एयर पिस्टल (यूथ कैटेगरी): स्वर्ण मेडल, 10m एयर पिस्टल (जूनियर कैटेगरी): स्वर्ण मेडल, 50m फ्री पिस्टल (मिक्स्ड सीनियर कैटेगरी): स्वर्ण मेडल

❒ **पुरुष स्वर्ण पदक विजेता:**

- **देव राज चौधरी** - 2 स्वर्ण [10m एयर राइफल इवेंटसीनियर और जूनियर दोनों कैटेगरी में]
- **प्रवीण चरण** (50m राइफल प्रोन सीनियर), दीपेंद्र सिंह (50m राइफल 3P सीनियर), योगेश कुमार (ओपन साइट 50m राइफल प्रोन)।
- **10m एयर राइफल कैटेगरी:** बलराज चौधरी, अभिमन्यु कुंतल और यशस्वी चाहर।
- **25m स्टैंडर्ड पिस्टल कैटेगरी:** हम्बीर सिंह, पूर्वी प्रताप कछावाहा और खुशवीर सिंह राणावत।
- **आयुष्मान कुंतल:** स्वर्ण मेडल जीतने और एक नया स्टेट रिकॉर्ड बनाने के लिए 400/400 का परफेक्ट स्कोर हासिल किया।

❒ **महिला पैरा:**

- **आनंद चरण (सीकर)**ने तीन पदक जीते: 10m महिला एयर पिस्टल (यूथ कैटेगरी): स्वर्ण पदक, 10m महिला एयर पिस्टल (जूनियर कैटेगरी): स्वर्ण 10m महिला एयर पिस्टल (सीनियर कैटेगरी): रजत
- **केसर पारिक (जयपुर):** 2 स्वर्ण - 10m स्टैंडिंग एयर राइफल और 50m प्रोन राइफल और 1 रजत - 10m प्रोन एयर राइफल।

## 75वीं सीनियर स्टेट एक्वेटिक चैंपियनशिप - 2026

❒ **आयोजन:** SMS स्टेडियम, जयपुर (1-3 जून 2026)

❒ **आयोजक:** जयपुर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन।

❒ **मुख्य अतिथि:** कन्हैया लाल चौधरी (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग - PHED मंत्री)।

❒ **महिला वर्ग:**

- योग्या सिंह (भीलवाड़ा), दक्षिणा जोशी (टोंक) और रत्तिका खाटा (धौलपुर) संयुक्त रूप से ओवरऑल चौंपियन बनीं।
- 100 मीटर बैकस्ट्रोक: **योग्या सिंह (भीलवाड़ा)**- स्वर्ण (**नया स्टेट रिकॉर्ड:** 1:08.46 मिनट)
- 200 मीटर बटरफ्लाई: **दक्षिणा जोशी (टोंक)- स्वर्ण (नया स्टेट रिकॉर्ड:** 2:22.03 मिनट)
  - बैंकॉक (17-23 जुलाई) में होने वाली आगामी 12वीं एशियन एज ग्रुप स्विमिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए 41 सदस्यीय भारतीय टीम (B ग्रुप - 15-17 आयु वर्ग) में उनका चयन हुआ है।
  - **वह भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली राजस्थान की दूसरी तैराक** हैं। [पहली - रीमा दत्ता (1966)]
- 200 मीटर फ्रीस्टाइल: स्वर्ण - **रत्तिका खाटा** (धौलपुर)
  - कुल 4 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। साथ ही नेशनल चैंपियनशिप में भी जगह बनाई।
- 1500 मीटर फ्रीस्टाइल: स्वर्ण-आशविका चौधरी (जयपुर)
- 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक: स्वर्ण - आध्या बृजेश (जयपुर)
  - 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले: स्वर्ण - जयपुर टीम (हारिका, आध्या, आशविका और वान्या)।
- **सिद्धिक्षा कावड़िया:** 1 स्वर्ण और 2 रजत मेडल

❒ **पुरुष वर्ग:**

- **मोहम्मद अनस (भीलवाड़ा) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। [4 स्वर्ण, 1 रजत]**
- 1500 मीटर फ्रीस्टाइल: स्वर्ण - हिमांशु सियाग (जोधपुर)।
  - कुल 8 मेडल, जिनमें 3 स्वर्ण शामिल हैं।
- 200 मीटर बटरफ्लाई: स्वर्ण- साहिल गुप्ता (जयपुर)
- 4×100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले: स्वर्ण - (यश तिवारी, गौरांग, कृष्णादित्य, पृथ्वीराज)

## 66वाँ केंद्रीय आवासीय खेल प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप)

❒ **आयोजक:** राजस्थान राज्य खेल परिषद

❒ **कुल चयनित खिलाड़ी:** रिकॉर्ड 1,580 आवेदनों में से 728 खिलाड़ी।

❒ राजस्थान में कई जगहों पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए।

- **जयपुर: (SMS स्टेडियम)**
  - 10 - 30 जून (सीधे राजस्थान राज्य खेल परिषद द्वारा संचालित)

- ♦ **माउंट आबू:**
  - 4 - 24 जून (जिला प्रशासन द्वारा)
- ♦ **बांसवाड़ा: (केंद्रीय आदिवासी शिविर)**
  - 6-26 जून (जिला प्रशासन द्वारा)

## नेशनल कैडेट जूडो चैंपियनशिप (बॉयज और गर्ल्स) 2026

- ❒ **आयोजन:** चंडीगढ़ (10-13 जून 2026)।
- ❒ **राजस्थान का प्रदर्शन:** 6 मेडल (1 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य)
  - ♦ **स्वर्ण:** सौरव (66 किग्रा) - दिल्ली के प्रिंस गुप्ता को हराकर।
  - ♦ **रजत:** अंकित राजोरा (55 किग्रा), विनय आचार्य (60 किग्रा)।
  - ♦ **कांस्य:** अश्विन भारद्वाज (81 किग्रा), दिव्या पंवार (57 किग्रा), अंजलि चौधरी (63 किग्रा)।
  - ♦ **बॉयज टीम: उप-विजेता** (विजेता: महाराष्ट्र)।

## 79वीं सीनियर नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप 2026

- ❒ **आयोजन:** वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अहमदाबाद, गुजरात (16-21 जून 2026)
- ❒ **बेस्ट स्विमर:** आर्यन नेहरा (गुजरात) (3 स्वर्ण और 1 कांस्य) और सान्वी देशवाल (3 स्वर्ण और 1 रजत)।
- ❒ **महिलाओं के इवेंट्स - विजेता**
  - ♦ 200m बटरफ्लाई: **आस्था चौधरी (NR-** 2:18.37)
  - ♦ 800m फ्रीस्टाइल: **वृत्ति अग्रवाल (NMR**-9:05.47) तेलंगाना
- ❒ **पुरुषों के इवेंट्स-विजेता**
  - ♦ 800m फ्रीस्टाइल: **आर्यन नेहरा (NR**-7:59.36)
  - ♦ 1500m फ्रीस्टाइल: **आर्यन नेहरा (NR**-15:14.88)
  - ♦ 100m फ्रीस्टाइल: आकाश मणि (कर्नाटक)
  - ♦ 100m बैकस्ट्रोक: **ऋषभ दास (महाराष्ट्र) (NMR**-1:59.90)
  - ♦ 200m मेडले: **विनायक विजय (SSCB) (NR**-2:04.13)
- ❒ **राजस्थान का प्रदर्शन**
  - ♦ महिलाओं का 200m बटरफ्लाई इवेंट:
    - ● **रजत: दक्षिणा जोशी (जयपुर)** (2:20.37 मिनट) राजस्थान स्विमिंग एसोसिएशन ने दक्षिणा के लिए
      - ➢ रु. 51,000 के नकद इनाम की घोषणा की।
      - ➢ उन्होंने 20 साल बाद सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीता (इससे पहले: सृष्टि टंडन - कांस्य)
      - ➢ स्वर्ण: आस्था चौधरी (रेलवे स्पोर्ट्स बोर्ड), कांस्य: सेनिथी मुखर्जी (पश्चिम बंगाल)
  - ♦ **नोट:** उद्घाटन समारोह में राजस्थान के स्कूली स्तर के तैराकों द्वारा सिंक्रोनाइज्ड स्विमिंग का प्रदर्शन भी किया गया।
  - ♦ NR- नेशनल रिकॉर्ड, NMR- नेशनल मीट रिकॉर्ड।

## अस्मिता खेलो इंडिया महिला साइकिलिंग सिटी लीग 2026

- ❒ **आयोजन:** 1-14 जून 2026.
- ❒ विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित।
- ❒ **राष्ट्रीय स्तर:** यह इवेंट देश भर के 200 शहरों में आयोजित किया गया।
- ❒ **उद्देश्य:** खेलों में महिलाओं और युवा लड़कियों की भागीदारी बढ़ाना और उसे बढ़ावा देना।
- ❒ **राजस्थान में मेजबान शहर:** 6 शहर-जयपुर, उदयपुर, प्रतापगढ़, श्री गंगानगर, कोटपूतली, बालोतरा
- ❒ **ASMITA का पूरा नाम:** Achieving Sports Milestone by Inspiring Women Through Action (कार्यों के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित करके खेल के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करना)।

## राज्य-स्तरीय सीनियर महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2026

- ❒ **आयोजन:** बरकतुल्लाह खान स्टेडियम, जोधपुर (27 जून)
- ❒ **चैंपियन:** सीकर (जयपुर को 6 विकेट से हराया)।
- ❒ **मैच का सारांश:**
  - ♦ सीकर: 192/4 (अंशु सैनी 55, डिंपल कंवर 39 [कप्तान], नव्या एन 36 और 4 विकेट)।
- ❒ टॉप बल्लेबाज: रिजा शेख - 275 रन
- ❒ टॉप गेंदबाज: प्रीति कपूर - 16 विकेट

### शहीद मेजर संकल्प यादव मेमोरियल खेल महाकुंभ

- **स्थान:** जयपुर
- **विजेता:**

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| सीनियर पुरुष | प्रियांशु जैन |
| U15 मिक्स्ड डबल्स | दक्ष यादव, साकेत |
| U19 मिक्स्ड डबल्स | कुलदीप सिंह, शानवी |

### 32वाँ ओपन डी पेरिस-डैनियल वाइल्डस्टीन पोलो टूर्नामेंट

- स्थान: पेरिस, फ्रांस
- विजेता: सेंट मेस्मे जयपुर टीम (बैरोन डीश्अवेला टीम को हराकर)
  - ♦ पद्मनाभ सिंह (जयपुर) ने 4 गोल किए।
  - ♦ यह टूर्नामेंट यूरोप के सबसे प्रतिष्ठित 12-गोल वाले पोलो टूर्नामेंट में से एक है।

## सरकारी पहल

### AFI ने महिला एथलीटों के लिए SRY जीन टेस्ट अनिवार्य किया (2027)

- एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) ने सभी महिला एथलीटों के लिए 'सेक्स-डिटरमिनिंग रीजन Y' (SRY) जीन टेस्ट अनिवार्य करते हुए एक सर्कुलर जारी किया है।
  ♦ 2027 से, कोई भी महिला एथलीट इस स्क्रीनिंग से गुजरे बिना AFI द्वारा आयोजित इवेंट्स में भाग लेने के लिए योग्य नहीं होगी।
- **अधिकृत केंद्र:** टेस्टिंग केवल AFI-मान्यता प्राप्त सुविधा (मेडजीनोम लैब्स लिमिटेड) में ही की ही मान्य होगी।

### प्रथम इंडियन एथलेटिक्स अवार्ड्स 2026

- **शुरुआत:** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) द्वारा।
- **पुरस्कार विजेता:**
  - ♦ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट: नीरज चोपड़ा
  - ♦ वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट: पारुल चौधरी
  - ♦ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ उभरते पुरुष एथलीट: शाहनवाज खान [लंबी कूद]
  - ♦ वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उभरती महिला एथलीट: पूजा सिंह [ऊँची कूद]
  - ♦ वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच: परवीर सिंह
  - ♦ लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड:
    - पी.टी. उषा
    - अंजू बॉबी जॉर्ज
    - जी.एस. रंधावा
    - बहादुर सिंह चौहान

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- **39वें राष्ट्रीय खेल 2027 की मेजबानी मेघालय** करेगा। [38वें - उत्तराखंड]।
- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने **माध्यमिक शिक्षा विभाग में जूनियर असिस्टेंट** के तौर पर **50 राष्ट्रीय और पैरा-राष्ट्रीय चैंपियनशिप पदक** विजेताओं की नियुक्ति को मंजूरी दी।
- 2026 एशियाई खेलों से पहले **22 रोवर्स (नौका चालकों) को 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (TOPS)** डेवलपमेंट ग्रुप में शामिल किया गया है। अब कुल 22 रोवर्स छह नावों में TOPS डेवलपमेंट ग्रुप का हिस्सा हैं।
  ♦ शामिल किए गए लोगों में पेरिस 2024 ओलंपियन बलराज पंवार, एशियाई खेल 2022 के रजत पदक विजेता अरविंद सिंह और एशियाई खेल 2022 के दोहरे पदक विजेता जसविंदर सिंह शामिल हैं।
- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) ने **सीनियर सिलेक्शन समिति [विजेंद्र यादव (चेयरमैन)**, जाकिर हुसैन, शमशेर सिंह, प्रणय शर्मा, अफरोज खान] और जूनियर सिलेक्शन समिति [अमर सिंह नेगी (चेयरमैन), मधुर खत्री, सिद्धार्थ जोशी, सिद्धार्थ सर्राफ और अंकित लांबा] की घोषणा की है।
- राजस्थान में **GR विमेंस कबड्डी लीग 2026** (प्रो कबड्डी की तर्ज पर) का पहला संस्करण आयोजित किया गया। इसमें **भरतपुर की टीम 'ब्रिज चैलेंजर'** (कप्तान निधि शर्मा) ने राजपूताना शक्ति को हराकर जीत हासिल की।
- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) ने आने वाले घरेलू टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों को चुनने के लिए एक नई महिला क्रिकेट सिलेक्शन समिति बनाई है, जिसकी **अध्यक्षता पूर्व भारतीय खिलाड़ी भारती वर्मा** करेंगी। समिति के अन्य सदस्यों में पूनम यादव, कोमल चौधरी, साम्पा मुखर्जी और सोफी सिद्दू शामिल हैं।

- बेंगलुरु में होने वाले BCCI इमर्जिंग मेन्स टूर्नामेंट 2026 [6-24 जुलाई] में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए राजस्थान के क्रिकेटर **गणेश सुथार (टीम A), चेतन शर्मा (टीम B) और कार्तिक शर्मा (टीम D)** को चुना गया है।

  ♦ नोट: गणेश सुथार को हरियाणा टीम के लिए खेलने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (NOC) भी मिला था।
- कॉमनवेल्थ गेम्स डे मनाने और 2030 अहमदाबाद कॉमनवेल्थ गेम्स को बढ़ावा देने के लिए, केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की अगुवाई में अहमदाबाद से देश भर की 8,000 जगहों पर **24 मई को 75वाँ 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल इंडिया' इवेंट** आयोजित किया गया।
- जम्मू-कश्मीर की 11 साल की रेसर **अतीका मीर** ने ग्रीस के थेसालोनिकी में **'चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर एकेडमी प्रोग्राम'** के दूसरे राउंड में शानदार जीत हासिल की।
- जयपुर SMS स्टेडियम में अपने **पहले नॉर्थ जोन नेशनल स्क्वैश कैंप की मेजबानी कर रहा है**, जहाँ 22 टॉप जूनियर एथलीट नेशनल कोच हरिंदर पाल सिंह संधू की देखरेख में ट्रेनिंग ले रहे हैं।
- **जयपुर ने पाली** में खेले गए **16वें राज्य-स्तरीय जूनियर** पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल मैच में अलवर को 3-1 से हराकर खिताब जीता।
- देहरादून के हिमाद्री आइस रिंक में आयोजित नेशनल अंडर-12 आइस हॉकी चैंपियनशिप में मोक्षित बिश्नोई की कप्तानी वाली राजस्थान की अंडर-12 आइस हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीता।
- तीसरा पिकलबॉल वर्ल्ड कप 30 अगस्त से 6 सितंबर, 2026 तक वियतनाम के दा नांग में आयोजित किया जाएगा, जिसमें अर्जुन सिंह (U-18) और वीर शाह (U-14) भारतीय टीमों के कप्तान होंगे।
- वैभव सूर्यवंशी 15 साल और 71 दिन की उम्र में नेशनल टीम (इंग्लैंड/आयरलैंड दौरे और एशियाई खेलों के लिए T20 स्क्वाड) में चुने जाने वाले सबसे युवा भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं; उन्होंने शेफाली वर्मा और सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड तोड़े हैं।
- कोलकाता में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-11 में संजीवनी जाधव ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण मेडल जीता, जबकि डोंडापति एम. जयराम ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ (10.56 सेकंड) का खिताब अपने नाम किया।
- जयपुर में हुई अंडर-17 स्टेट लेवल चेस चैंपियनशिप में हार्दिक शाह (अजमेर) और शिवांगी राठौड़ (भीलवाड़ा) ने 6-6 पॉइंट हासिल करके खिताब जीते और नेशनल चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की।
- उदयपुर के 16 आदिवासी लैक्रोस खिलाड़ियों को ग्रेटर नोएडा में होने वाले इंटरनेशनल ट्रेनिंग कैंप के लिए चुना गया, ताकि वे मलेशिया में होने वाले टूर्नामेंट और ऑस्ट्रेलिया में होने वाले ओलंपिक क्वालिफायर में जगह बनाने के लिए मुकाबला कर सकें।
- इथन वाज (गोवा) और जी.बी. हर्षवर्धन (चेन्नई) क्रमश: भारत के 96वें और 97वें ग्रैंडमास्टर बने; उन्होंने साराजेवो (बोस्निया और हर्जेगोविना) और चेन्नई में अपने-अपने टूर्नामेंट में बिना कोई मैच हारे यह उपलब्धि हासिल की।
- लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना) को 'प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया; वे यह प्रतिष्ठित सम्मान पाने वाले पहले फुटबॉल खिलाड़ी बन गए हैं।

# चर्चित व्यक्तित्व/खिलाड़ी

| चर्चित खिलाड़ी / व्यक्ति | विवरण / उपलब्धियाँ |
|---|---|
| जसपाल राणा (उत्तरकाशी, उत्तराखंड)<br> | • हाल ही में उनका निधन हो गया।<br>• कॉमनवेल्थ गेम्स – 1994 से 2006 के बीच 4 संस्करणों में 9 गोल्ड मेडल समेत कुल 15 मेडल जीते।<br>• एशियन गेम्स – 1994 से 2006 के बीच 4 गोल्ड मेडल समेत कुल 8 मेडल जीते।<br>• अर्जुन अवॉर्ड – 1994। पद्म श्री अवॉर्ड – 2002। द्रोणाचार्य अवॉर्ड – 2020।<br>• मनु भाकर को कोचिंग दी और 2024 पेरिस ओलंपिक में उन्हें दो कांस्य पदक दिलाने में मदद की।<br>• फरवरी 2025 में, राणा को 25 मीटर पिस्टल इवेंट के लिए भारत का हाई–परफॉर्मेंस कोच नियुक्त किया गया। |
| सुमित नागल, बैडमिंटन | • रोमानिया के टार्गु मुरेस में फ्रांस के फेलिक्स बाल्शॉ को हराकर इंटारो ओपन 2026 का खिताब जीता।<br>• यह जीत नागल का सातवाँ ATP चैलेंजर खिताब है और क्ले कोर्ट पर उनका पाँचवां खिताब है। |
| लक्ष्य एवं उज्जवल कुमार सिंह (भारतीय सेना) | • उन्होंने स्विट्जरलैंड के ल्यूसर्न में आयोजित वर्ल्ड रोइंग कप–III में पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता।<br>• रोइंग वर्ल्ड कप में भारत का यह पहला स्वर्ण पदक है। |
| सृष्टि किरण (बेंगलुरु, कर्नाटक) | • वह अंडर–13 कैटेगरी में दुनिया की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं।<br>▪ वजहः लगातार पाँच ITF जूनियर खिताब जीते।<br>• वह ग्वाटेमाला में ITF वर्ल्ड टेनिस टूर **जूनियर्स J100** में रनर–अप रहीं। |
| बलविंदर सिंह धालीवाल (पंजाब) | • हाल ही में उनका निधन हो गया।<br>• वे भारत के बेहतरीन शॉट पुट खिलाड़ियों में से एक थे।<br>• उन्होंने नई दिल्ली में 1982 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता और बाद में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः रजत (1983), स्वर्ण (1985) और कांस्य (1987) पदक जीते।<br>• 1987 – अर्जुन पुरस्कार। |
| जैकोबे थर्प (यूएसए) | • उन्होंने यूजीन, ओरेगन में NCAA आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में पुरुषों की 110–मीटर बाधा दौड़ (hurdles) में 12.75 सेकंड का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।<br>• उन्होंने साथी अमेरिकी एरीज मेरिट द्वारा सितंबर 2012 में बनाए गए 12.80 सेकंड के 14 साल पुराने वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ा। |
| सेल्वा प्रभु टी (मदुरै, तमिलनाडु) | • उन्होंने यूजीन, ओरेगन में NCAA डिवीजन वन आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2026 में पुरुषों की ट्रिपल जंप (16.92 मीटर) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।<br>• वह USA के कंसास राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। |
| तमीम इकबाल | • हाल ही में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त हुए। |
| केन विलियमसन (न्यूजीलैंड) | • हाल ही में उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की।<br>• कप्तानी (2016–2024): भारत के खिलाफ 2021 ICC वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी की। |
| तेजस शिरसे (महाराष्ट्र) | • उन्होंने लुधियाना में इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 9 में 110–मीटर हर्डल्स रेस 13. 27 सेकंड में पूरी करके एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। |

| | |
|---|---|
| पारुल चौधरी (उत्तर प्रदेश)<br><br> | • उन्होंने फ्रांस के नीस में आयोजित 'मीटिंग निकाया 2026' में 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड (15:04.26) तोड़ा।<br>o इससे पहले का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम था–15:10.35।<br>• उन्होंने इस इवेंट में सिल्वर मेडल जीता।<br>▪ स्वर्णः बेरेका सेनिया मोहम्मद (इथियोपिया)।<br>• मीटिंग निकाया<br>o इसे आधिकारिक तौर पर 'मीटिंग इंटरनेशनल डी नीस' के नाम से जाना जाता है।<br>o यह नीस के 'स्टेड चार्ल्स–एहरमैन' में आयोजित होने वाला एक सालाना आउटडोर ट्रैक और फील्ड इवेंट है। |
| स्मृति मंधाना | • TIME मैगजीन ने इस साल खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में एक क्रिकेटर को शामिल किया हैय इस सूची में शामिल होने वाले वे एकमात्र भारतीय हैं।<br>• TIME की 'खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों' की सूची में ऐसे खिलाड़ी, कोच, समर्थक और निवेशक शामिल हैं जो 'आज खेल जगत को प्रोत्साहन दे रहे हैं'। |
| ज्योति चौहान (मध्य प्रदेश) | • वह इजराइली क्लब में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन गई हैं।<br>• उन्होंने इजराइली फुटबॉल क्लब 'Bनोट नेतान्या FC' के साथ एक कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। |
| एंटनी पैटरसन (ऑस्ट्रेलियाई कोच) | • रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने उन्हें शुरुआती तौर पर एशियाई खेलों तक राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है, और 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक उनके कार्यकाल को आगे बढ़ाने की संभावना भी है।<br>• उन्होंने पहले जापान और मैक्सिको को भी कोचिंग दी है। |
| विश्वनाथन आनंद [5 बार विश्व शतरंज चौंपियन, | • उन्हें प्रतिष्ठित 'SJFI पदक' से सम्मानित किया गया, जो स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SJFI) द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।<br>• इसे क्रिकेटर के. श्रीकांत और हॉकी खिलाड़ी वी. भास्करन ने प्रदान किया। |
| साईराज बहुतुले | • भारत के पूर्व लेग–स्पिनर को भारतीय पुरुष राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नया स्पिन बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है। |
| टायलर एंड्रयूज (यूएसए) | • उन्होंने 10 घंटे से भी कम समय में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। 9 घंटे 55 मिनट |
| अनिरुद्ध चन्द्रशेखर | • जापान के ताकेरु युजुकी के साथ मिलकर, ATP 125 बर्मिंघम चैलेंजर में मेन्स डबल्स में रनर–अप रहे। |
| निकी पूनाचा (कर्नाटक) | • उन्होंने थाईलैंड के प्रुच्य इसारो के साथ मिलकर 'ओपन सोप्रा स्टेरिया डी ल्योन 2026' में मंसूरी और न्यूक्राइस्ट को 6–0, 6–1 से हराकर अपने करियर का 10वाँ चैलेंजर डबल्स खिताब जीता। |
| ऋत्विक संजीव (तमिलनाडु) | • उन्होंने फ्रांस में वैलेंस आल्प्स इंटरनेशनल बैडमिंटन चैलेंज के फाइनल में क्रोएशिया के आरिया दिनाता को 17–21, 23–21, 21–16 से हराकर अपना चौथा सिंगल्स खिताब जीता। |

## राजस्थान

| व्यक्ति / खिलाड़ी | विवरण |
|---|---|
| कुशाग्र ओझा (जयपुर), रजत बघेल (धौलपुर) | • कुशाग्र ओझा और रजत बघेल को श्रीलंका के आगामी दौरे के लिए भारत की अंडर–19 क्रिकेट टीम में चुना गया है।<br>• दोनों खिलाड़ियों ने BCCI के 2025–26 घरेलू सीजन के दौरान राजस्थान का शानदार प्रतिनिधित्व किया।<br>• कुशाग्र ओझा को स्पेशलिस्ट मिडिल–ऑर्डर बल्लेबाज के तौर पर वन–डे (ODI) और मल्टी–डे (चार–दिवसीय) दोनों स्क्वाड में चुना गया है।<br>• **रजत बघेल** : वन–डे (ODI) टीम के लिए चुने गए।<br>▪ वह विकेटकीपर–बल्लेबाज हैं। |

| | |
|---|---|
| गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री | • राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन (RBA) के अध्यक्ष के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुने गए।<br>• उपाध्यक्षः मनोज दासोत, सचिव : के.के. शर्मा<br>• कार्यकालः चुनाव 4 साल के कार्यकाल के लिए हुए थे। |
| अशोक शर्मा (जयपुर) | • श्रीलंका के साथ चल रही त्रिकोणीय सीरीज के लिए इंडिया–ए टीम में उन्हें चोटिल युद्धवीर सिंह की जगह शामिल किया गया है।<br>• इस स्तर पर उन्हें पहली बार टीम में बुलाया गया है।<br>• उन्होंने IPL में गुजरात टाइटंस टीम के लिए खेला था।<br>• अशोक आने वाले घरेलू सीजन में गुजरात के लिए खेलने के लिए राजस्थान का घरेलू सर्किट छोड़ रहे हैं। |
| शुभम कुमावत और विष्णु प्रजापत | • उन्हें शंघाई (22–27 सितंबर, 2026) में होने वाली 48वीं वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता के लिए चुना गया है।<br>• वे भारतीय कौशल विकास विश्वविद्यालय (BDSU), जयपुर के छात्र हैं। |
| गोपाल सैनी (जयपुर) | • उन्हें FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 की डिसिप्लिन और ग्रीवेंस कमिटी में नियुक्त किया गया है।<br>• वे पूर्व ओलंपियन धावक और क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।<br>• FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी स्क्वैश चैंपियनशिप, 2026<br>• आयोजनः सोमैया विद्याविहार यूनिवर्सिटी, मुंबई। (3–9 अगस्त, 2026) |
| मुदित गुप्ता (जयपुर) और मोरवी जादौन (अलवर) | • उन्होंने मलेशिया में वर्ल्ड स्कूल गेम्स मुए थाई प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया।<br>• मोरवी जादोन ने उत्तराखंड में आयोजित 7वीं यूएमएआई राष्ट्रीय युवा मुआय थाई चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीता। |
| राजेंद्र भास्कर (जयपुर) | • उन्होंने फ्रांस के टूर्स मेट्रोपोल लॉयर वैली में 10 घंटे 6 मिनट 31 सेकंड में कुल 226 किलोमीटर की दूरी तय करके आयरनमैन का खिताब जीता।<br>• आयरनमैन इवेंट का विवरणः तैराकी–3.8 किलोमीटर, साइकिलिंग–180 किलोमीटर, मैराथन दौड़–42.2 किलोमीटर। |
| पी. कृष्णकुमार (मूल निवासीः केरल) पूर्व राजस्थान रणजी खिलाड़ी | • उन्हें इंडिया–A महिला क्रिकेट टीम का बॉलिंग कोच नियुक्त किया गया है।<br>• वे जम्मू–कश्मीर रणजी टीम के पूर्व बॉलिंग कोच रहे हैं। |
| अंशू जैन (जयपुर) | • BCCI ने उन्हें 'इमर्जिंग मेन्स टूर्नामेंट' के लिए 'टीम–2' का कोच नियुक्त किया है।<br>• उन्होंने हाल ही में BCCI लेवल–2 कोचिंग सर्टिफिकेशन में 'डिस्टिंक्शन' हासिल किया है। |
| विनीत सक्सैना, (मूल निवासीः गोवा), पूर्व राजस्थान रणजी खिलाड़ी | • BCCI ने उन्हें 'इमर्जिंग मेन्स टूर्नामेंट' के लिए 'टीम–3' का कोच नियुक्त किया है।<br>• राजस्थान रणजी टीम के पूर्व कोच।<br>• हाल ही में, हिमाचल प्रदेश ने उन्हें एक साल के लिए अपनी सीनियर टीम का हेड कोच नियुक्त किया। |
| लवमीत कटारिया, (जयपुर) | • भुवनेश्वर (23–25 जून) में होने वाले वॉलीबॉल अंडर–18 ट्रायल्स की चयन समिति में लवमीत कटारिया को नियुक्त किया गया।<br>• वह जयपुर के एक अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं।<br>• चुनी गई टीम 12 जुलाई से 18 जुलाई तक चीन में होने वाली अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेगी। |
| ओजस्विनी सारस्वत (जयपुर), गोल्फ खिलाड़ी | • उन्होंने इंडोनेशिया में सिपुत्रा जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में 'बेस्ट प्रॉमिसिंग प्लेयर' कैटेगरी में रनर–अप का स्थान हासिल किया।<br>• उन्होंने रामबाग गोल्फ क्लब का प्रतिनिधित्व किया। |

| | |
|---|---|
| अन्वी राठौड़ (जयपुर) | • हैदराबाद में ऑल इंडिया सब–जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर–15 गर्ल्स सिंगल्स कैटेगरी में तेलंगाना की हमशिनी चंद्रम को हराकर स्वर्ण पदक जीता।<br>• श्रेयांश चौधरी (जयपुर) और वयम लांबा (जयपुर)ः बॉयज डबल्स कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल।<br>• कंदर्प शर्मा (जयपुर) और हरमन पंडित (उदयपुर)ः बॉयज अंडर–17 डबल्स कैटेगरी में कांस्य पदक। |
| संतोष जाट (सांभर झील), टेबल टेनिस | • उन्होंने चंडीगढ़ में 27वीं नेशनल डेफ सीनियर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में विमेंस टीम इवेंट में रजत पदक और विमेंस डबल्स में कांस्य पदक जीता। |
| आर्यन शर्मा (उदयपुर) | • उन्होंने मेर्सिन, तुर्की में वर्ल्ड एबिलिटी स्पोर्ट यूथ गेम्स 2026 में पैरा बैडमिंटन में 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीता।<br>• भारत का प्रदर्शनः 27 पदक–15 स्वर्ण, 9 रजत और 3 कांस्य |
| धैर्य गोगिया (जयपुर) | • **धैर्य** ने छत्तीसगढ़ में ईस्टर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में अंडर–13 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता।<br>• रजत पदक : गरूवी अजमेरा, युवान वर्मा, सुभाष चौधरी (जयपुर)<br>• कांस्य पदक : दिव्यांशी जैन, फरीद अंद्राबी (अजमेर) |

# 06 महत्त्वपूर्ण–दिवस

| दिन | कार्यक्रम का नाम | 2026 की आधिकारिक थीम |
|---|---|---|
| 3 जून | विश्व साइकिल दिवस | • 'हरित भविष्य के लिए साइकिल चलाना' |
| 5 जून | विश्व पर्यावरण दिवस | • 'प्रकृति से प्रेरित–जलवायु के लिए–हमारे भविष्य के लिए'। |
| 8 जून | विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस | • गहन अवलोकन (A Closer look) |
| 12 जून | बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस | • 'रेड कार्ड टू चाइल्ड लेबरः फेयर प्ले फॉर चिल्ड्रेन, डीसेंट वर्क फॉर एडल्ट्स' |
| 14 जून | विश्व रक्तदाता दिवस | मानवता की एक बूँद, रक्तदान करें, जीवन बचाएँ। |
| 15 जून | ग्लोबल विंड डे (वैश्विक पवन दिवस) | • ग्लोबल थीमः हमारी पवन, हमारा समुदाय |
| 17 जून | विश्व मरूस्थलीकरण एवं सूखा रोकथाम दिवस | • "चारागाह : पहचानें। सम्मान करें। पुनर्स्थापित करें।" |
| 19 जून | अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस | • क्लोजिंग द सर्वाइवल गैप : इक्विटी इन सिकल सेल डिजीज |
| 21 जून | अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस | • 'स्वस्थ आयु के लिए योग' |
| 26 जून | "नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस" | • 'वर्ल्ड ड्रग प्रॉब्लम : परसिस्टिंग इश्यूज, न्यू चैलेंजेस, इनोवेटिव रिस्पॉन्सेस' |
| 27 जून | एमएसएमई दिवस | • **UN थीम:** इम्पॉवरिंग एमएसएमईज थ्रू इनोवेशन एंड सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट ड्राइविंग फोर्स ऑफ इनोवेशन |
| 29 जून | 20वाँ राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस | • प्रशासनिक आँकड़ों की क्षमता का दोहन |
| 17–26 जून | 'नशा मुक्त भारत सप्ताह' | • 'नशा मुक्त भारत अभियान – विकसित भारत की पहचान' |
| 25 मई से 2 जून | "बिरसा लिव्स इन न्यू भारत वीक" (नए भारत में बिरसा का जीवन सप्ताह) | • जनजातीय गरिमा उत्सव (10 मई से 9 जून 2026) के व्यापक आयोजन के अंतर्गत मनाया गया। |

# 07 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

- **‘व्हेन ऑडिट मैटर्स: CAG इंटरवेंशन्स दैट मेड अ डिफरेंस’**
  - **लेखक :** पूर्व CAG श्री विनोद राय
- **‘अगथियार – द यूनिफायर’**
  - **लेखक:** श्री ओ. शमा भट और डॉ. एम. एन. सुधा
  - यह प्राचीन ऋषि अगथियार (ऋषि अगस्त्य) की स्थायी विरासत और भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकीकरण के प्रतीक के रूप में उनकी भूमिका पर केंद्रित एक शोध-आधारित कृति है।
- **‘योग एंड प्रिवेंशन ऑफ टाइप 2 डायबिटीज: एन इंटीग्रेटेड अप्रोच टू वेलनेस’**
  - **लेखक:** डॉ. एस. वी. मधु।
  - इसमें बताया गया है कि योग से टाइप 2 डायबिटीज मेलिटस का खतरा 40% तक कम हो जाता है।
  - अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले, डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक किताब जारी की जिसमें योग से डायबिटीज का खतरा 40% कम होने की बात कही गई है।
- **"IIT – द स्टोरी ऑफ इंडियाज मोस्ट प्रेस्टीजियस एजुकेशनल इकोसिस्टम’**
  - **लेखक:** प्रभात कुमार
- **‘क्लेमिंग द अनक्लेम्ड: अनलॉकिंग द पोटेंशियल ऑफ आइडल फाइनेंशियल एसेट्स इन इंडिया’**
  - यह IEPFA का एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है।
  - IEPFA की स्थापना भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत देश भर में निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (Investor Education and Protection Fund) का प्रबंधन करने के लिए की गई थी।
- **"VIP कल्चर इन इंडिया: पावर, प्रिविलेज एंड द डिस्टेंस फ्रॉम डेमोक्रेसी''**
  - **लेखक:** अरुणाचल प्रदेश से राज्यसभा के पूर्व सदस्य श्री नबाम रेबिया और सह-लेखक श्री संदीप कुमार
- **‘संस्कृतिर रत्न भंडार: भाओवैयार इतिवृत्त’**
  - **लेखक:** लोकसभा सांसद डॉ. जयंत कुमार रॉय और सुश्री संगीता रॉय द्वारा संयुक्त रूप से लिखित।
  - यह उत्तर बंगाल और कोच राजबंशी समुदाय के सांस्कृतिक इतिहास के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान करता है।
  - **भाओवैया:** उत्तर बंगाल, असम और आसपास के क्षेत्रों की पारंपरिक लोक संगीत शैली।
- **द सेकंड ऑर्बिट: बिलीफ ऑफ अ मैन... ड्रीम ऑफ 1.4 बिलियन हार्ट्स**
  - यह भारतीय अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की आत्मकथा है।
  - **लेखक:** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

# टॉपर्स-टॉक



**Rank - 17**
**(RAS-2024)**

## हरियश राजपुरोहित

**पिता - राम भरोश राजपुरोहित**
**माता - अरुणा कंवर**
**10th - MSS पब्लिक स्कूल ( 9.4 CGPA )**
**12th - ब्राइट इंडिया पब्लिक स्कूल (69.8%)**
**स्नातक - सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान (7.81 CGPA)**

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**हरियश राजपुरोहित :** बहुत-बहुत धन्यवाद।

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक एवं शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**हरियश राजपुरोहित :** मेरे पिता, श्री राम भरोश राजपुरोहित, ग्रेनाइट एवं मार्बल के बिजनेस से जुड़े हैं, जबकि मेरी माँ, श्रीमती अरुणा कंवर एक गृहिणी हैं। मेरी दो बहनें हैं - करुणा एवं विजय। उनके लगातार प्रोत्साहन, भावनात्मक सहयोग और मेरी क्षमताओं पर उनके भरोसे ने मुझे तैयारी के पूरे सफर में प्रेरित रहने में मदद की। मैंने पहले 11वीं-12वीं कक्षा के साथ JEE मेन्स और एडवांस्ड की तैयारी की थी, जिसमें मैं असफल रहा; इस अनुभव ने मुझमें मुश्किलों का सामना करने की हिम्मत और कॉम्पिटिटिव भावना पैदा की। इसके बाद, मैंने 2022 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान से BSC (कंप्यूटर साइंस) पूरी की, जहाँ मैंने लोक प्रशासन, पर्यावरणीय अध्ययन, अर्थशास्त्र जैसे कई ह्यूमैनिटीज विषय पढ़े, जिनसे बाद में तैयारी में मदद मिली।

इसके अलावा, मेरे भाई रामजस और दोस्त मुनल जोशी ने भी अहम भूमिका निभाई, और मैं उनका आभारी हूँ।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**हरियश राजपुरोहित :** मैंने 12 जुलाई, 2022 को स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के PCM 4 ऑफलाइन फाउंडेशन बैच में दाखिला लेकर अपनी तैयारी शुरू की।

मेरे हिसाब से, इस परीक्षा की तैयारी के लिए 2-3 साल का समय काफी है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**हरियश राजपुरोहित :** मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी में फाउंडेशन बैच के दौरान तैयार किए गए क्लास नोट्स का पालन किया। एक और चीज जो मैंने की, वह थी रोजाना अखबार (दैनिक भास्कर) पढ़ना। मैं पिछले लगभग 12-13 सालों से रोज अखबार पढ़ रहा हूँ, जिससे मुझे अपने आस-पास और देश-दुनिया की घटनाओं के बारे में सामान्य जानकारी मिलती है।

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**हरियश राजपुरोहित :** नहीं, शुरू से ही मेरा लक्ष्य IIT या NIT जैसे किसी अच्छे कॉलेज में B-Tech करना और उसके बाद कॉर्पोरेट जगत में करियर बनाना था, लेकिन JEE मेन्स परीक्षा में असफल होने के बाद मैंने अपना ध्यान सिविल सेवा की ओर मोड़ लिया और कॉलेज के दौरान मेरी बड़ी बहन शोभा राजपुरोहित ने मेरा मार्गदर्शन किया।

मेरे प्रेरणा स्रोत साद मिया खान थे, जो 2018 बैच के IPS अधिकारी हैं।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिकी पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**हरियश राजपुरोहित :** यह मासिक करेंट अफेयर्स मैगजीन सभी महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, आर्थिक, सामाजिक और

राजस्थान-विशेष घटनाओं का व्यवस्थित एवं संक्षिप्त संकलन प्रदान करती है। इसने मुझे RAS 2024 प्रारंभिक परीक्षा में अच्छा स्कोर प्राप्त करने में मदद की। 'मेन्स मल्टीप्लायर' मैगजीन भी मददगार रही क्योंकि मुख्य परीक्षा में इससे कई सीधे प्रश्न पूछे गए थे।

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है ?**

**हरियश राजपुरोहित :** कोचिंग की मुख्य भूमिका सिखाना, मार्गदर्शन करना और सभी अलग-अलग विषयों को एक जगह इकट्ठा करना है, जिससे तैयारी करने वाले का समय और मेहनत बचती है।

हाँ, सिर्फ सेल्फ-स्टडी से भी सफलता पाना मुमकिन है, लेकिन इसमें सही सोर्स खोजने और खुद से टॉपिक सीखने में काफी समय और मेहनत लगती है।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए। क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**हरियश राजपुरोहित :** कोचिंग के लिए किसी इंस्टिट्यूट को चुनने का पहला आधार यह होना चाहिए कि उनका प्रोग्राम RPSC के पैटर्न और सिलेबस के अनुसार हो। दूसरी बात, नियमित कक्षाएँ और टेस्ट पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के ऑफलाइन फाउंडेशन कोर्स से तैयारी की थी।

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**हरियश राजपुरोहित :** परीक्षा देने के लिए मेरा माध्यम अंग्रेजी था। माध्यम कोई भूमिका नहीं निभाता, बल्कि प्रस्तुति और लेखन कौशल ही निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**हरियश राजपुरोहित :** रोजाना विश्लेषणात्मक नजरिए से उत्तर लिखने का अभ्यास करना चाहिए। RPSC द्वारा जारी किए गए सफल उम्मीदवारों की उत्तर-पुस्तिकाओं को देखना चाहिए और अच्छी लेखन शैली व प्रस्तुति का तरीका अपनाने की कोशिश करनी चाहिए। उम्मीदवार UPSC CSE टेस्ट सीरीज के लिए सफल उम्मीदवारों की उत्तर-पुस्तिकाएँ भी देख सकते हैं।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**हरियश राजपुरोहित :** चूंकि चुने गए कई उम्मीदवार शॉर्ट नोट्स बनाने की सलाह देते हैं, इसलिए मैंने खुद कभी शॉर्ट नोट्स नहीं बनाए क्योंकि मेरा मानना था कि नोट्स पहले से ही छोटे होते हैं; लेकिन मैंने पॉलिटी और इंटरनेशनल रिलेशंस के लिए अभिषेक सर के बनाए शॉर्ट नोट्स और रोहित चौधरी सर (RPS) की बिहेवियर, लॉ और मैनेजमेंट की रिविजन क्लास में बनाए गए शॉर्ट नोट्स का इस्तेमाल किया। इसलिए शॉर्ट नोट्स बनाना अपनी पसंद की बात है, क्योंकि ये मेन्स के आखिरी कुछ दिनों में और मेन्स के दो दिनों के दौरान (यानी 4 पेपरों के बीच) रिविजन में काम आते हैं।

**प्रश्न : मॉक साक्षात्कार की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**हरियश राजपुरोहित :** मॉक इंटरव्यू से आत्मविश्वास और बातचीत करने का कौशल बढ़ता है, इसलिए असली इंटरव्यू के दौरान ये बहुत मददगार साबित होते हैं। मेरा RPSC RAS इंटरव्यू 9 फरवरी 2026 को हुआ था और यह मेरा दूसरा RAS इंटरव्यू था। मेरा अनुभव अच्छा रहा क्योंकि मैं बोर्ड द्वारा पूछे गए लगभग सभी सवालों के जवाब दे पाया। मैं काफी आत्मविश्वास से भरा था और इंटरव्यू में सफलता के लिए आत्मविश्वास ही सबसे जरूरी है, क्योंकि इंटरव्यू सिर्फ ज्ञान की परीक्षा नहीं होते।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**हरियश राजपुरोहित :** तैयारी के शुरुआती दौर से ही शिक्षकों ने बहुत अहम भूमिका निभाई। राजवीर सर के रोज पिछले दिन के टॉपिक को दोहराने के तरीके से मुझे क्लास में ही सब कुछ समझ आ जाता था। प्रीलिम्स से लेकर इंटरव्यू तक, परीक्षा के हर चरण में दिग्विजय सर का मार्गदर्शन बहुत जरूरी रहा; मैंने उनसे कई बार अपने संदेह पूछे और उन्होंने एक बड़े भाई की तरह उन्हें सुलझाया।

विजय सर जैसे अन्य शिक्षकों ने इकॉनमी के मुश्किल कॉन्सेप्ट्स को आसान बना दिया; मुकेश सर, विजय सिहाग सर और लक्षिता मैम का भूगोल पढ़ाने का तरीका वाकई कमाल का है, और बाकी सभी शिक्षक भी बहुत सहयोगी और मददगार रहे हैं।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**हरियश राजपुरोहित :** मेरी इस यात्रा में दोस्तों ने अहम भूमिका निभाई। मुनल जोशी, सोनल कुमावत और प्रताप सिंह राजावत

जैसे दोस्तों के साथ मेरा स्वस्थ कॉम्पिटिशन था, जिससे हम सभी को बेहतर बनने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिली। दोस्त आपको मोटिवेटेड रखने और मुश्किल दौर से उबरने में भी मदद करते हैं।

**प्रश्न : प्लान-B के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**हरियश राजपुरोहित :** मेरे हिसाब से, बिना किसी 'प्लान-B' के पूरी लगन से दो बार कोशिश करनी चाहिए। दो बार कोशिश करने के बाद दूसरे विकल्पों या 'प्लान B' के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**हरियश राजपुरोहित :** एक अधिकारी के तौर पर मैं पारदर्शी जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था लाने का प्रयास करूँगा।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**हरियश राजपुरोहित :** मुझे लगता है कि निरंतरता, अनुशासन और सही नीयत ही मेरी सफलता का मंत्र हैं।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**हरियश राजपुरोहित :** मैंने रोजाना एक सख्त और एक जैसा रूटीन अपनाकर अपने समय को मैनेज किया। RAS 2023 की तैयारी के दौरान मैंने 'हम जीतेंगे' (Hum Jeetenge) YouTube चैनल और RAS 2024 की तैयारी के दौरान आचार्य प्रशांत को बहुत ज्यादा फॉलो किया। आचार्य प्रशांत ने तैयारी और जिंदगी, दोनों में स्पष्टता लाने में मदद की।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं!**

**हरियश राजपुरोहित:** बहुत-बहुत धन्यवाद।